हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● सोमवार ● 25.11.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 123 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## मन की बात : जब देश को आगे ले जाने पर मंथन करते हैं युवा, तो हमें ठोस परिणाम मिलते हैं : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देश की प्रगति में योगदान के लिए देश के युवाओं की प्रशंसा की और कहा कि जब युवा देश को आगे ले जाने के लिए विचारों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकजुट होते हैं तो ठोस परिणाम प्राप्त होते हैं।

राष्ट्रीय कैडेट कोर स्थापना दिवस पर 'मन की बात' के 116वें एपिसोड के दौरान अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने एनसीसी कैडेट के रूप में अपने 'अमूल्य' अनुभव को याद किया और कहा कि इस कोर ने 'युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा' की भावना पैदा की।

पीएम मोदी ने कहा, आज एनसीसी दिवस है। एनसीसी हमें हमारे स्कूल और कॉलेज के दिनों की याद दिलाती है। मैं खुद एक एनसीसी कैडेट रहा हूं, इसलिए मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे प्राप्त अनुभव मेरे लिए अमूल्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपदा, बाढ़ या किसी दुर्घटना की स्थिति में एनसीसी कैडेट हमेशा वहां मौजूद रहते हैं। 2024 में दो मिलियन से अधिक युवा एनसीसी का हिस्सा होंगे। पहले की तुलना में अब 5000 से अधिक स्कूल और कॉलेज एनसीसी का हिस्सा हैं। और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनसीसी में बालिका कैडेटों की संख्या लगभग 25 प्रतिशत थी, जो अब लगभग 40 प्रतिशत है।



इसके अलावा उन्होंने 11-12 जनवरी को आयोजित होने वाले 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का भी उल्लेख किया, जिसमें देश भर से लगभग 2,000 युवा भाग लेंगे। उन्होंने कहा, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की बड़ी भूमिका है। जब युवा देश को आगे ले जाने के लिए विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आते हैं, तो हमें निश्चित रूप से ठोस परिणाम मिलते हैं। स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती, जिसे युवा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का एक बड़ा समागम होने जा रहा है और इस पहल को 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' नाम दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इसमें देशभर से 2000 युवा भाग लेंगे। एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देशभर में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

इसके अलावा प्रधानमंत्री ने बुजुर्गों को तकनीक से जोड़ने के लिए अलग-अलग राज्यों के कई युवाओं की तारीफ की। भोपाल के एक व्यक्ति ने बुजुर्गों को डिजिटल भुगतान से जोड़ा है, जबकि लखनऊ के एक युवा ने पेंशन के लिए डिजिटल प्रमाण पत्र जुटाने में उनकी मदद की है।

पीएम मोदी ने कहा, पहले बुजुर्ग लोग अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए बैंक जाते थे, लेकिन अब उनके लिए यह आसान हो गया है। अहमदाबाद के एक युवा ने लोगों को डिजिटल गिरफ्तारी के खतरे के बारे में बताने का बीड़ा उठाया है। इस तरह के अपराधों के शिकार ज्यादातर बुजुर्ग होते हैं। इसलिए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें जागरूक करें और उन्हें साइबर धोखाधड़ी के जाल में फंसने से बचाए।

प्रधानमंत्री ने लोगों को बार-बार यह समझाने की जरूरत पर भी जोर दिया कि सरकार में डिजिटल गिरफ़्तारी नाम का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने बढ़ते साइबर घोटाले के खतरों पर कहा कि यह पूरी तरह से झूठ है और लोगों को फंसाने की साज़िश है, जिसमें जालसाज पीड़ितों को डराने और पैसे ऐंठने के लिए कानून प्रवर्तन या सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करते हैं।

# 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजभवन में भेंट कर पद से त्यागपत्र सौंप दिया। राज्यपाल ने उनका त्यागपत्र स्वीकार कर वैकल्पिक व्यवस्था के गठन तक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहने के लिए कहा। साथ ही नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित भी किया।

इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं भाकपा (माले) के शिष्टमंडल ने राजभवन में हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य में सरकार गठन के लिए निर्वाचित विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल ने हेमन्त सोरेन को झारखंड राज्य का मनोनीत मुख्यमंत्री नियुक्त करते हुए उन्हें सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वर्तमान सरकार से इस्तीफा देते हुए आज हमने राज्यपाल के समक्ष नई सरकार के गठन का दावा पेश किया है। राज्यपाल ने उन्हें कार्यवाहक मुख्यमंत्री का जिम्मा सौंपा। साथ ही सरकार बनाने का न्योता भी दिया। राज्यपाल को इंडी गठबंधन के सभी नवनिर्वाचित विधायकों की सूची भी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को होगा। हेमन्त सोरेन के साथ राजभवन पहुंचे नेताओं में कांग्रेस, राजद और वाम दल के प्रभारी मौजूद रहे।

सूत्रों के मुताबिक इस समारोह में ममता बनर्जी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव, दीपांकार भट्टाचार्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा कई और राष्ट्रीय नेता भी शामिल हो सकते हैं।

23 नवंबर को झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आए। जिसमें एक बार फिर सत्ताधारी गठबंधन पर लोगों ने आस्था जताई। 81 में से 56 सीटें इंडिया ब्लॉक के खाते में गई जबकि एनडीए को 24 और अन्य के खाते में 1 सीट गई है।

### आसान नहीं थी यह राह

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के लिए 2024 की शुरूआत और अंत इससे ज्यादा अलग नहीं हो सकते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता को भूमि घोटाले के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने साल की शुरूआत में हिरासत में ले लिया था और उन्होंने गिरफ्तार होने से पहले ही झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अब वर्ष में एक महीना शेष रहते सोरेन प्रचंड जीत के सूत्रधार के रूप में उभरे हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि राज्य में इंडिया गठबंधन सत्ता में बना रहेगा और उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में लगातार दूसरा कार्यकाल मिलेगा।

झामुमो नेता को बीच में कई अन्य झटके भी लगे। 31 जनवरी को हेमन्त सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनके दिवंगत भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी और उनकी भाभी सीता सोरेन मार्च में भाजपा में शामिल हो गईं। वह हेमन्त सोरेन की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी कल्पना को मुख्यमंत्री बनाने के कथित कदमों से नाराज थीं और मई में 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के लिए उन्हें झामुमो से निष्कासित कर दिया गया था।

## मुख्यमंत्री आवास में नव निर्वाचित विधायकों की बैठक में मंत्रिमंडल गठन पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार

**रांची :** इंडी गठबंधन के नव निर्वाचित विधायक रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर जुटे। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित सहयोगी दलों के नेता भी मौजूद थे।



मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में मंत्रिमंडल गठन पर भी चर्चा हुई। इस बार मंत्रिमंडल में कई नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। इस बार चुनाव में हेमन्त सरकार के चार कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता, बेबी देवी, बैद्यनाथ राम और मिथिलेश ठाकुर को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब इनकी जगह पर नए चेहरों की इंट्री होगी। बताया जा रहा है कि 26 नवंबर को शपथ ग्रहण हो सकता है। बैठक में इंडी गठबंधन का नेता हेमन्त सोरेन को चुना गया है।

उल्लेखनीय है कि इस बार के चुनाव में राजद ने बेहतर परफॉरमेंस किया है। राजद के खाते में चार सीटें आई हैं। इस हिसाब से राजद भी मंत्रिमंडल में अपनी दावेदारी पेश कर सकता है। इस बार के चुनाव में राजद से जीत हासिल किए संजय सिंह यादव, गोड्डा से संजय यादव और देवघर से सुरेश पासवान दावेदार हो सकते हैं। हालांकि, मंत्रिमंडल में किसे जगह मिलेगी इस पर अंतिम फैसला तेजस्वी यादव लेंगे।

सत्ता के गलियारों में इस बार बेरमो से चुनाव जीते कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह और पोड़ैयाहाट से जीते प्रदीप यादव की मंत्रिमंडल में दावेदारी की चर्चा है। आदिवासी फेस के रूप में डॉ रामेश्वर उरांव की भी चर्चा है। महिला कोटे से दीपिका पांडेय सिंह और अल्पसंख्यक कोटे से इरफान अंसारी के मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर चर्चा है।

झामुमो से किसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा, यह खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तय करेंगे। चर्चा यह है कि दीपक बिरूआ और हफीजुल अंसारी कंटीन्यू कर सकते हैं। इसके अलावा जिन नामों की चर्चा हो रही है उनमें रामदास सोरेन, दशरथ गगरई, मथुरा महतो, सबिता महतो, अनंत प्रताप देव, स्टीफन मरांडी, हेमलाल मुर्मू और लुईस मरांडी के नाम भी शामिल हैं।

## महिलाओं ने रचा इतिहास, पहली बार 12 नेत्री होंगी विधानसभा में



प्रत्यूष नवबिहार

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार 12 महिलाओं ने जीत हासिल कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें 8 विधायक इंडिया गठबंधन से और 4 विधायक बीजेपी ने चुनी गईं हैं। झामुमो के टिकट पर गांडेय, जामा और इचागढ़ सीट पर महिलाओं ने जीत दर्ज की। कांग्रेस ने पाकुड़, महागामा, रामगढ़, बोकारो और मांडर सीट पर जीत दर्ज की। वहीं बीजेपी के टिकट पर कोडरमा, झरिया और जमशेदपुर ईस्ट सीट पर महिलाओं ने जीत दर्ज की। झारखंड विधानसभा चुनाव के इतिहास में ये पहली बार है जब 12 महिलाएं विधान सभा में रहेंगी।

- गांडेय- कल्पना सोरेन ने बीजेपी की मुनिया देवी को 17,142 वोटों से हराया।
- जामा- पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने बीजेपी के सुरेश मुर्मू को 5,738 वोटों से मात दी।
- इचागढ़- सविता महतो ने आजसू के हरेलाल महतो को 26,523 वोटों के अंतर से हराया।
- पाकुड़- निसात आलम ने आजसू के अजहर इस्लाम को 86,029 वोटों से हराया।
- महगामा- दीपिका पांडे सिंह ने बीजेपी के आशोक कुमार को 18,645 वोटों से हराया।
- रामगढ़- ममता देवी ने आजसू की सुनीता चौधरी को 67,90 वोटों से हराया।
- बोकारो- श्वेता सिंह ने बीजेपी के बिरंची नारायण को 7,207 वोटों से हराया।
- मांडर- शिल्पी नेहा तिर्की ने बीजेपी के सन्नी टोप्पो को 22,803 वोटों से हराया।

### इस बार 19 नये चेहरे पहुंचेंगे विधानसभा

इंडिया गठबंधन ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। इस बार 19 नये चेहरे चुनकर आये हैं। इसमें अधिकतर युवा चेहरे हैं। जेएलकेएम से जयराम महतो भी विधायक बने हैं। भाजपा से सात नये चेहरे विधायक बने हैं। झामुमो से पांच और कांग्रेस से तीन नये चेहरे विधायक बने हैं। माले, राजद, आजसू से भी एक-एक नया चेहरा विधानसभा में दिखाई देंगे। पहली बार विधानसभा में पहुचने वाले विधायकों में, शत्रुघ्न महतो, रोशन चौधरी, प्रदीप प्रसाद, मंजू कुमारी, कुमार उज्जवल, रागिनी सिंह, रामसूर्या मुंडा, मो तजाउद्दीन, आलोक सोरेन, सुदीप गुड़िया, धनंजय सोरेन, श्वेता सिंह, सुरेश बैठा, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, चंद्रदेव महतो, निर्मल महतो, जयराम महतो, पूर्णिमा साहू शामिल हैं।

### झारखंड की राजनीति में बड़े चेहरों को मिली शिकस्त

झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का नतीजा आचुका है। इस बार इंडिया गठबंधन ने 81 में से 56 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल कर ली है। वहीं, इस चुनाव में कई ऐसे लोगों को भी हार का सामना करना पड़ा, जो झारखंड की राजनीति में बड़े चेहरे माने जाते हैं या फिर राज्य में मंत्री पद पर रह चुके हैं। ऐसे नेताओं में आजसू प्रमुख सुदेश महतो को सिल्ली में झामुमो के अमित महतो से शिकस्त मिली। बीजेपी नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को भी चंदनक्यारी में हार का सामना करना पड़ा। हेमंत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे बन्ना गुप्ता को जमशेदपुर पश्चिम में सरयू राय से शिकस्त मिली। महिला, बाल विकास व सामाजिक कल्याण मंत्री बेबी देवी को भी डुमरी में जेएलकेएम के जयराम महतो से पराजित होना पड़ा। इसके साथ हेमंत कैबिनेट के एक और मंत्री मिथिलेश ठाकुर को भी गढ़वा में भाजपा के सत्येंद्रनाथ तिवारी से शिकस्त मिली।

### एक नजर

#### बसपा अब कभी नहीं लड़ेगी उपचुनाव : मायावती

**लखनऊ :** बसपा मायावती ने महाराष्ट्र व झारखंड की विधानसभा और यूपी की नौ विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव के बाद आये नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटिंग रोकने के लिए जब तक चुनाव आयोग कोई कदम नहीं उठायेगा, तब तक हमारी पार्टी खासकर उपचुनाव नहीं लड़ेगी। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नौ विधानसभा की सीटों पर हुए उपचुनाव में इस बार जो मतदान हुआ है और उसके बाद जो कल नतीजे आए हैं।

## संभल में हिंसा, तीन की मौत, इंटरनेट सेवा की गई बंद

- कोर्ट ने जामा मस्जिद के सर्वे का दिया है आदेश।
- रविवार सुबह दोबारा सर्वे करने टीम पहुंची थीं।
- पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

एजेंसी

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल में रविवार को एक मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान भीड़ और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई। मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि कर दी है। उन्होंने बताया कि इस हिंसा में नोमान, बिलाल और नईम की मौत हुई है। हिंसा उस वक्त भड़की जब मुगलकालीन एक मस्जिद का अदालत के आदेश पर सर्वेक्षण किया जा रहा था। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद भगवान विष्णु के एक प्राचीन हरिहर मंदिर की जगह पर बनाई गई थी। वहीं, अफवाह को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया गया है। संभल की जामा मस्जिद सर्वेक्षण शुरू होने के लगभग दो घंटे बाद प्रदर्शनकारियों का एक समूह मौके पर जमा हो गया और सुरक्षाकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। इसमें कई अधिकारी घायल हो गए। एक पुलिसकर्मी और भीड़ में शामिल दो लोग भी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। घटना के बाद कई प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया।




विष्णु शंकर जैन की ओर से दायर याचिका पर स्थानीय अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया था। जैन का दावा है कि मस्जिद मुगल सम्राट बाबर द्वारा हरिहर मंदिर को तोड़कर बनवाई गई थी। क्षेत्र की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए अधिकारी विशेष सावधानी बरत रहे हैं। 1976 में इसी मस्जिद में एक घटना हुई थी, जिसमें एक दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा इमाम की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद व्यापक हिंसा भड़की थी और एक महीने तक कर्फ्यू लगा रहा था।यह मस्जिद 'कल्कि' मंदिर से लगभग 150-200 मीटर की दूरी पर स्थित है।

सत्तारूढ़ भाजपा ने पथराव की घटना की कड़ी निंदा की है और चेतावनी दी है कि कानून-व्यवस्था को भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि मस्जिद के सर्वेक्षण को लेकर हुई हिंसा भाजपा, सरकार और प्रशासन द्वारा "चुनावी गड़बड़ी से ध्यान भटकाने" के लिए की गई थी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य की नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के दौरान "इलेक्ट्रॉनिक बूथ कैप्चरिंग" का भी आरोप लगाया और कहा कि अगर चुनाव आयोग ईवीएम की फोरेंसिक जांच करा सके तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

## पंत बने आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी लखनऊ ने लगाई 27 करोड़ की बोली

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल ऑक्शन 2025 के पहले ही दिन ऋषभ पंत पर 27 करोड़ रुपए की बोली लगी। पंत पर यह बोली लखनऊ सुपरजायंट्स ने लगाई। इसके साथ ही ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड श्रेयस अय्यर (26.75 करोड़) के नाम था। अय्यर से पहले यह रिकॉर्ड मिचेल स्टार्क के नाम था। केकेआर ने स्टार्क पर आईपीएल 2024 के लिए 24.75 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी।



दिलचस्प बात यह है कि ऋषभ पंत से पहले श्रेयस अय्यर ने सबसे महंगे खिलाड़ी का रिकॉर्ड बनाया। लेकिन अय्यर का यह रिकॉर्ड तकरीबन 15 मिनट ही रहा। जैसे ही ऋषभ पंत की बारी आई, अय्यर पीछे छूट गए। पंत पर लखनऊ की ऐतिहासिक बोली से पहले पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को 26 करोड़ 75 लाख रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया। श्रेयस अय्यर पिछले सीजन में कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान थे।

## एक नजर

### कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने जताया जनता का आभार

**बरही** : कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने बरही विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने जो स्नेह और समर्थन दिया, वह उनके लिए किसी जीत से कम नहीं है। अरुण साहू ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए उन्हें केवल 10 दिनों का समय मिला था। इसके बावजूद जनता ने जो विश्वास और प्यार दिखाया, उसने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा पहला चुनाव था और पहली बार में ही 63,983 मतों का समर्थन मिलना उनके लिए गर्व की बात है। अरुण साहू ने बरही क्षेत्र की सेवा और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह यात्रा यहीं खत्म नहीं होती। यह तो एक नई शुरुआत है। मैं जनता के विश्वास और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा। उन्होंने चुनाव परिणामों का सम्मान करते हुए क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया और भविष्य में बेहतर प्रयासों का आश्वासन दिया।

### जनता का जनादेश स्वीकार है : केदार यादव

**बरही** : बरही विधानसभा क्षेत्र के चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी केदार यादव ने कहा कि वह जनता के जनादेश को पूरी तरह से स्वीकार करते हैं। उन्होंने इस अवसर पर बरही वासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह निरंतर क्षेत्रवासियों की सेवा में तत्पर रहेंगे। केदार यादव ने अपने बयान में कहा, चुनाव परिणाम जो भी हों, मेरी प्राथमिकता हमेशा जनता की सेवा और उनके विकास की होगी। मैं बरही क्षेत्र के लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे समर्थन दिया और मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि मैं हमेशा उनके साथ रहकर उनके हितों की रक्षा करूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चाहे जो भी परिणाम हों, वह अपने कर्तव्यों से कभी पीछे नहीं हटेंगे और हमेशा क्षेत्र के विकास में योगदान देने के लिए काम करेंगे।

### मनोज यादव ने जुलूस निकाल बरही के लोगों के प्रति जताया आभार

**चौपारण** : बरही विधानसभा से भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव को चौपारण में भव्य स्वागत किया। स्वागत में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक का जन सैलाब उमड़ा पड़ा। इस दौरान मनोज यादव खुले वाहन में सवार (समरूप कार) में सभी का अभिवादन स्वीकार किया। मनोज यादव को फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। मौके पर अति उत्साहित कार्यकर्ता जमकर गुलाल उड़ाए और पटाखें की आतिशबाजी की। जय श्री राम और मनोज कुमार यादव जिंदाबाद के जयकारे से चौपारण शहर गुंजमान हो उठा। दृश्य ऐसा लग रहा था कि मानो कई त्यौहारों का सम्मिलित पर्व हो।

### शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है : डॉ प्रवीण

**हजारीबाग** : श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल द्वारा नया बस स्टैंड समीप स्थित सी.एन.आई चर्च (डी. यू मिशन) में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य का जांच, दांत का जांच, आंख का जांच, बीपी का जांच एवं ब्लड का जांच के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उपचार किया गया। जिसमें 65 जरूरतमंद लोगों का जांच किया गया।

# बरही विस से मनोज यादव की ऐतिहासिक जीत पर जोरदार स्वागत, निकाली गई भव्य जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने प्रचंड जीत दर्ज कर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया। उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर बरही में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। विजय के जश्न में एक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय जनता शामिल हुए। विजयी जुलूस के दौरान विधायक मनोज यादव एक वाहन पर सवार होकर जनता का अभिवादन करते नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर और मुस्कान के साथ उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल उनकी नहीं है, बल्कि यह पूरी बरही विधानसभा की जीत है। उन्होंने जनता के एक-एक वोट के महत्व को रेखांकित करते हुए भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान कार्यकताओं ने डीजे के धुन पर खूब जश्न मनाया, मिठाइयां बांटी गईं और भाजपा के समर्थन में नारे लगाए। इसके अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल था। जनता ने भी अपने निर्वाचित विधायक का जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। मनोज यादव की जीत को भाजपा की मजबूत संगठनात्मक ताकत और जनता के विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनहित के लिए समर्पित रहने का वादा किया। इस भव्य जुलूस और जीत के जश्न के साथ बरही में भाजपा की विजय पताका लहराते हुए पार्टी ने आगामी योजनाओं को लेकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सुरेंद्र रजक, आजसू बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, मण्डल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया समशेर आलम, मुकेश राम, राजन ओम, विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, राजेन्द्र प्रसाद, सकलदेव यादव, मुकेश कुमार, अमित सिंह उर्फ छोटू, पिंटू ठाकुर, विक्की सिंह, रोहित यादव, कार्तिक भगत, मो इमरान, मो यूसुफ समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## अपार समर्थन के लिए जनता को कोटि-कोटि नमन : रोशन लाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : एनडीए से भाजपा के प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी की 15 वर्षों की तपस्या के बाद हुई जीत जश्न में तब्दील हो गया। विजय होने के दूसरे दिन रविवार को बड़कागांव में गाजे बाजे गर्म जोशी के साथ रोशन लाल चौधरी का स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी और आजसू पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता झंडा लिए जुलूस में शामिल हुए। खुले जीप से विधायक रोशन लाल चौधरी ने जनता का जीत के लिए आभार व्यक्त करते हुए अभिवादन किया। इस दौरान फूल माला से श्री चौधरी को लाद दिया गया। जुलूस बड़का गांव प्रखंड के कई विशिष्ट स्थान से गुजरा जहां देखने वालों की काफी भीड़ देखी गई। रोशन लाल ने सफलता का श्रेय विधानसभा क्षेत्र की देव तुल्य जनता को दिया ,कहा की यह संपूर्ण रूप से जनता की विजय है। मेरा प्रयास होगा कि जनता की हितों का निरंतर ख्याल रख सकूं। क्षेत्र में विकास कार्यों पर विशेष ध्यान रहेगा। जुलूस में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, आजसू आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझु, सोहनलाल मेहता, रामपति राम, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, गोपाल प्रजापति, के अलावा सैकड़ो भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

## हजारीबाग में खीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : खीस्त राजा का पर्व रोमन काथलिक रुपांतरण महागिरजा घर में हलारीबाग धर्मप्रान्त के विशेप स्वामी माननीय आनन्द जोजो के अगुवाई में मिस्सा वलि-दान पुप्पा पाठ समान्न हुआ। मिस्सा पुजा के समय गायक मंडली अपनी सुरीली स्वर द्वारा भक्तिमय गाना से कलिसीया को सराबोर किया। रखीस्त राजा पर्व पर ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई भव्य शोभ यात्रा। इस अवसर पर शोभा यात्रा महागिरजाघर से निकाली गई। खीस्त राजा की जय हे खीस्त तेरा राज्य आवे, खीस्त हमारा राजा है, इन जयकारों के साथ मसीही विश्वासि?यों ने हजारीबाग पल्ली वासियों ने खीस्त राजा का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया। शोभा यात्रा में ढोल नगाड़ो पार्टी ने खीस्त राजा पर्व को भव्य एवं आनन्दमय बनाया। शोभा यात्रा में हजारीबाग क धर्मप्रान्त के विश्प स्वामी आनन्द जोजो के अगुवाई कर रहे थे। सुसज्जित वाहन पर विश्प स्वामी शोभा यात्रा में पवित्र सक्रामेंट के आगे आगे, छोटी छोटी नन्हीं मुन्नी बच्चियाँ फूलों का वर्ष करते हुए चल रही थी। मसीही विश्वासीगण शोभा यात्रा में विनती प्रार्थना रोजरीमाला विनती खीस्त राजा से संबंधित गाना गाते हुए चल रही थी। हाथों में बेनर आदि तख्तीयाँ लेकर चल रहे थे। खीस्त राजा की जय जयजय कार लगाते थे। शोभा यात्रा महागिरजाघर से आरम्भ होकर संत्र रोबर्ट बालिका विद्यालय, संत माईकल स्कूल, सन्त अन्ना होते हुए संत जेवियर स्कूल प्रांगण में प्रवेश किया। संत जेवियर स्कूल द्वार के पास से डिपुगढ़ एवं मरियम टोली की महिलाएं नाच गाना के साथ पवित्र साक्रमेंट को वेदी तक बेड सम्मान के साथ परिधाये। इस अवसर पर विश्प स्वामी ने कुछ बिन्दुओं पर बल दिये। मनुष्य के हृदय में भांति समाज में न्याय, प्रेम, भाईचारा, इमानदारी, समानता जैसे मानवीय मूल्यों का राज्य है। इन सदगुणों को अपने जीवन में धारण कर उसपर चलना है।

## मूल्यांकन समिति ने पकरी बरवाडीह कोल परियोजना का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : 22 और 23 नवंबर को विशेष मूल्यांकन समिति (एअउ) के अध्यक्ष डॉ. शरद सिंह नेगी एवं अन्य समिति के सदस्यों ने ठटछ पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। क्षेत्रों में चल रहे परियोजनाओं, पर्यावरणीय पहलों और सतत विकास प्रयासों का मूल्यांकन किया गया। पहले दिन, समिति का स्वागत सिकरी कैंपस में किया गया, जहां एनएमएल और आरईडी (कोल माइनिंग) के सीईओ अनिमेष जैन, पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब, चट्टी बरियातू परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता और बदाम परियोजना प्रमुख ए. के. सक्सेना ने औपचारिक स्वागत किया। समिति ने पकरी बरवाडीह खदान के व्यूपॉइंट क्षेत्र का दौरा किया और परियोजना की हरित पहल के तहत एक सोलर वृक्ष का उद्घाटन किया। समिति ने खदान के पर्यावरणीय मानकों का पालन करने के लिए सराहना की और महिला सशक्तिकरण पहल, जिसमें महिला डम्पर ऑपरेटर और सुरक्षा गार्डों की भर्ती की गई है, की भी सराहना की। इसके बाद, समिति ने सिकरी सम्मेलन कक्ष में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी परियोजनाओं के पर्यावरणीय मुद्दों पर एक विस्तृत समीक्षा की। दिन का समापन सिकरी कैंपस में एक गजल संध्या कार्यक्रम के साथ हुआ। दूसरे दिन, 23 अक्टूबर को, डॉ. नेगी और उनकी टीम ने सिकरी कैंपस में पांच इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए किया। इसके साथ ही, एक सोलर ट्री और एक वेस्ट कम्पोस्टर का भी उद्घाटन किया गया, जो परियोजना के स्थिरता ढांचे के महत्वपूर्ण पहल थे।

## चौपारण में सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : चौपारण के मध्यगोपाली पेट्रोल पंप के समीप बाइक दुर्घटना में एक 14 वर्षीय युवक का मौत हो गया। युवक का पहचान दादपुर निवासी बिरेन्द्र साव के 14 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार साव (पैतृक गांव राजा नेरचा) के रूप में हुई। आर्यन अपने माता पिता का इकलौता चिराग था। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार आर्यन अपने पिता के साथ शनिवार की रात एक शादी समारोह से घर लौट कर पुनः दस बजे रात में अपने दोस्त रूपेश पासी के साथ उसी के बाइक जेएच 02 बीएम 9318 से 5 मिनट में आते हैं कहकर घर से नीकला था। जानकारी के अनुसार घर से निकलने के कुछ ही देर बाद मध्यगोपाली पेट्रोल पंप के समीप एक गाड़ी अचानक वहां स्तिथ होटल की ओर मुड़ गया। बाइक चला रहा रूपेश यह देख अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे बैठा आर्यन सड़क के तरफ फेंका गया। सड़क पर गिरने से आर्यन के मुँह और सर में गम्भीर चोट लगने से काफी मात्रा में रक्त का स्राव हो गया। घटना होते देख आसपास के लोग तुरन्त दौड़े और दुर्घटना की सूचना परिजनों व चौपारण पुलिस को दी। घटना की सूचना पर परिजन घायल आर्यन को तुरंत अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना के बाइक चालक बाइक छोड़ फरार हो गया। घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने घटना की जानकारी लेते हुए बाइक को पेट्रोल पंप खड़ा करवाया।

# भारत का संविधान हर मायने में पूरे विश्व को दिखाता है दिशा : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : आगामी 26 नवंबर को संविधान दिवस है। इधर लोकसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। लोकसभा सत्र में जाने से पूर्व हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को हजारीबाग के जिला परिषद चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर पुस्तकालय पहुंचकर यहां बाबा साहेब की प्रतिमा में मल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और डॉ अंबेडकर पुस्तकालय को भारतीय संविधान की एक बेहद ही आकर्षक और विशाल प्रति भेंट किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों सांसद मनीष जायसवाल ने इस परिसर में डीएमएफटी योजना के तहत इस इसी पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के दौरान पुस्तकालय समिति से दिल्ली से लाकर लोकसभा के तर्ज.पर यहां भी संविधान की विशाल प्रति भेंट करने का वादा किया था। जिसे महज दो महीने में ही सांसद मनीष जायसवाल ने पूरा कर दिया। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल से डॉ अंबेडकर पुस्तकालय से जुड़े विनोद कुमार, बजदेव राम, लक्ष्मण रवि, प्रदीप कुमार दास, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, सतीश कुमार दास, सुन्दर राम, सहदेव अंजना सहित सांसद मनीष जायसवाल से जुड़े उनके पूर्व विधायक प्रतिनिधि रहें विजय कुमार और उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी उपस्थित रहें। पुस्तकालय समिति से जुड़े लोगों ने भारत के संविधान के इस आकर्षक और विशाल प्रति भेंट करने के लिए सांसद मनीष जायसवाल का आभार जताया और धन्यवाद दिया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि संविधान दिवस के दिन सांसद सत्र शुरू होने के कारण हजारीबाग में उपस्थित नहीं हूं इसीलिए पहले ही पुस्तकालय समितियों को संविधान की प्रति भेंट किया। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हर मायने में पूरे विश्व को दिशा दिखाता है। भारतीय संविधान सर्वोच्च मानवीय मूल्यों, उत्कृष्ट लोकतांत्रित आदर्शों, कर्तव्यों व अधिकारों की पावन अभिव्यक्ति है। इसी संविधान के तहत कल ही झारखंड में चुनाव का परिणाम आया है और जल्द ही सरकार भी बनेगी और लोककल्याण में सरकार इसी संविधान के तहत कार्य भी करेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि संविधान के प्रति लोगों की निष्ठा और जागरूकता बढ़ें इसी सोच के साथ हजारीबाग के डॉ अंबेडकर लाइब्रेरी में संविधान की एक अच्छी प्रति रखी जा रही है। जहां आकर लोग इसे पढ़ सकेंगे और देशहित व लोकहित हेतु इसकी मजबूती का सुखद एहसास करते हुए इससे प्रेरणा लेकर अपने महान भारतीय संविधान के अनुरूप आचरण के लिए संकल्पित हो सकेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता ने रोशन लाल चौधरी को खुलकर आशीर्वाद दिया : कोलेश्वर गंझु

**बड़कागांव** : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी ने रिकॉर्ड मत प्राप्त करते हुए जीत हासिल की है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में भाजपा, आजसू, लोजपा, जदयू के कार्यकर्ताओ को खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जीत की खुशी का जश्न सुदूर ग्रामीण ग्रामीण क्षेत्रों में भी खूब देखा जा रहा है। बड़कागांव प्रखंड के अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र उरेज गांव में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव वरिष्ठ नेता कोलेश्वर गंझु के नेतृत्व में भारी संख्या में भाजपा और आजसू पार्टी कार्यकताओं ने खूब अबीर गुलाल लगाकर मिठाई बांट जश्न मनाया। गांव में द्वार द्वार जाकर लोगों को रोशन लाल चौधरी के विधायक बनने का संदेश दिया। मौके पर कोलेश्वर गंझु ने कहा कि जनता ने रोशन लाल चौधरी का 15 वर्षों तक इम्तिहान लिया। जिसका 2024 में जनता ने खूब आशीर्वाद दिया और रोशन लाल चौधरी जी रिकॉर्ड मत प्राप्त कर विजय हासिल किए। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से एतवा गंझु, जागेश्वर गंझू ,रविंद्र गंझु, मैनेजर गंझु, रमन गंझु, दिनेश करमाली जितेंद्र गंझु, गोवर्धन गंझु के अलावा कई लोग शामिल थे।

### डीलर संघ अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित विधायक का बुके देकर किया स्वागत



**बड़कागांव** : बड़कागांव के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी के बड़कागांव पहुंचने पर बड़कागांव डीलर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता द्वारा बुके देकर, शॉल ओढ़ाकर व मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान नवनिर्वाचित विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि यहां के सभी ग्रामीण जनता को मैं दिल की गहराइयों से धन्यवाद देता हूं कि विकट स्थिति होने के बावजूद भी लोगों ने मेरा साथ नहीं छोड़ा और मिलजुल कर हमें जीतने के लिए जो अथक प्रयास किया इसके लिए मैं सभी का शुक्रगुजार हूं। मौके पर बड़कागांव के हजारों समर्थक, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थें।

### विवाह दहेज मुक्त हो : कुंज बिहारी साहू

**बड़कागांव** : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू एवं हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ने चंद्रिका कुमार गुप्ता एलआईसी एजेंट के सुपुत्री काजल कुमारी के वैवाहिक समारोह में शामिल हुए और बधू को आशीर्वाद दिया। इसी बीच प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू ने कहा कि समाज में दहेज मुक्त विवाह करने की आवश्यकता है जिससे समाज के उच्च नीच, भेद भाव, गरीब अमीर सब को समान अधिकार मिले तथा सामाजिक संगठन बनाने की जरूरत है। वहीं जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि समाज में दहेज प्रथा बहुत बड़ी कोढ़ है इसे समाप्त करने की आवश्यकता है। जिससे अनावश्यक बेटी के पिता को बोझ ना पड़े। बेटी घर की लक्ष्मी के रुप होती है इसे आपस में समाज को सहयोग करके विदा करना चाहिए। मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साहू जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू मुखिया गणेश साहू, कैलाश साहू,सनी कुमार गुप्ता, नेतलाल साहू, गणेश प्रसाद गुप्ता, पुष्पा देवी, देवानंद साव, मतिमा देवी, ढलन साहू, निर्मल साहू, लाल मोहन साहू,मनोज साहू एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सदर विस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनता के प्रति व्यक्त किया आभार

**हजारीबाग** : हजारीबाग ज़िले के सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने चुनाव समाप्त होने के बाद क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने रविवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इसे केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं को समझने का एक विशेष अवसर है हजारीबाग की देवतुल्य जनता का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, मैं सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर रहूंगा। आपके सुख-दुख में सहभागी बनना और आपकी समस्याओं का समाधान करना मेरा जीवन का उद्देश्य है। उन्होंने क्षेत्र की आवाज को बुलंद करने और विकास के लिए ईमानदारी से कार्य करने का भरोसा दिलाया। मुन्ना सिंह ने कहा कि वह हजारीबाग के हर व्यक्ति के हित के लिए निरंतर काम करते रहेंगे।

### देवतुल्य मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करते हुए धन्यवाद करता हूं : सुनील

**हजारीबाग** : मेरे लिए यह चुनाव परिणाम अप्रत्याशित है, लेकिन लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि है। मैं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य मतदाताओं के जनादेश का सम्मान करते हुए अपना धन्यवाद समर्पित करता हूँ। मैं परिणाम की गहन समीक्षा कर निरंतर आगे भी बरकठा की देवतुल्य जनता की सेवा के लिए प्रयासरत रहूँगा। मेरे लिए हार कोई मायने नहीं रखता, मैंने शून्य से शुरूआत की है जिसे निर्बाध रूप से आपसे जुड़े रहकर जारी रखूंगा। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र की जनता का सहृदय आभार। आपने मुझे शून्य से शुरूवात तक पहुंचाया है। भविष्य में आपका और हमारा यह रिश्ता अटूट रहें इसके लिए हमेशा सकारात्मक पहल करूंगा और आपके हरेक सुख- दु:ख में सहभागी बनकर आपके बेटा/भाई के रूप में खड़ा रहूंगा। मानवता से जुड़े कार्यों में एक संवेदनशील भारतीय युवा होने के नाते सदैव अग्रणी भूमिका निभाने का भरसक प्रयास करूंगा। आपने जिन्हें अपना जनादेश देकर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का अवसर प्रदान किया उन्हें ढेरों शुभकामनाएं और अनंत बधाई। उनसे उम्मीद करूंगा कि आपके जनादेश का सम्मान करते हुए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास और तरक्की में एक नया इतिहास लिखेंगे। आप तमाम बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों मीडिया बंधु सहयोगियों का असीम प्रेम, समर्थन, सहयोग और आशीर्वाद का भविष्य में भी आकांक्षी रहूंगा।

### विधायक मनोज यादव को धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने दी बधाई

**हजारीबाग** : बरही विधानसभा क्षेत्र में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करने पर विधायक मनोज यादव को धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद और महिला नेत्री ममता देवी ने बधाई दी है। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर बहुमत दिलाने के लिए सभी कार्यकताओं ने पूरी तन्मयता और समर्पण के साथ काम किया। उनकी इस मेहनत का परिणाम है कि बरही विधानसभा के चारों प्रखंडों से भारी बहुमत हासिल हुआ है।मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि विधायक मनोज यादव की जीत ने कार्यकताओं और क्षेत्र के लोगों में नई ऊर्जा भर दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रचंड बहुमत से क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में भ्रष्टाचार कम होगा और पारदर्शी तरीके से विकास योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। यह जीत जनता के विश्वास और मनोज यादव की नीतियों का प्रमाण है।महिला नेत्री ममता देवी ने भी विधायक मनोज यादव को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह जीत सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### राज्यपाल को निर्वाचन आयोग ने विजयी प्रत्याशियों की सूची सौंपी



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रविवार को राजभवन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने भेंटकर विधानसभा निर्वाचन-2024 में विजयी प्रत्याशियों की सूची समर्पित की।

### झारखंड में नहीं चल पाए यूपी के राजनीतिक दल, हो गया सूपड़ा साफ




**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में उत्तरप्रदेश के राजनीतिक दलों का जलवा नहीं चल पाया। वे झारखंड में अपनी जमीन तलाशते रह गए। समाजवादी पार्टी के टिकट पर सात व बसपा के टिकट पर एक उम्मीदवार चुनावी मैदान में था। लेकिन किसी ने भी जीत का स्वाद नहीं चखा। इन दोनों दलों का झारखंड में सूपड़ा साफ हो गया। राजद से समाजवादी पार्टी का दामन थामने वाले गिरिनाथ सिंह को करारी हार मिली। इसी तरह छत्तरपुर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने वाली ममता भुईयां व कांग्रेस से सपा में गए उमाशंकर अकेला को बरही सीट पर हार का सामना करना पड़ा। विश्रामपुर से सपा उम्मीदवार अंजू देवी, मनिका से रघुपाल सिंह, हुसैनाबाद से कमलेश यादव व पाकुड़ से अकील अख्तर को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। वहीं आजसू से बसपा का दामन थामने वाले कुशवाहा शिवपूजन मेहता को भी हुसैनाबाद सीट से करारी हार का सामना करना पड़ा।

### आईएसकेके के कराटेकारों ने एक स्वर्ण सहित कुल 11 पदक जीते




**रांची :** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में संपन्न कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन की पांच दिवसीय फेडरेशन कप प्रीमियर लीग व यूथ लीग चैंपियनशिप में इंटरनेशनल शोतोकान कराटे-डू क्योकाई के खिलाड़ियों ने झारखंड के तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित कुल 11 पदक जीते हैं। आदित्य सिंह ने 52 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में प्रियांशु कुमारी ने 45 किलो भार वर्ग में रजत पदक के साथ-साथ काता वर्ग का कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के 60 किलो भार वर्ग का रजत पदक अनिकेत कुमार ने जीता। सब जूनियर 11 वर्ष में कुमार वात्सल को काता व कुमिते दोनों स्पधार्ओं में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। इसके अलावा ईशान दत्ता, राहुल कुमार, सौरभ भारती, प्रगति प्रिया व अरनाश्री को अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। सभी विजेताओं को आईएसकेके के पदाधिकारी रंजीत केशरी, मनोज शर्मा, जयराम शर्मा, राजेश यादव, सूरज वर्मा, पवन बर्नवाल, ममता पांडे, राजकुमार किस्कू आदि ने बधाई दी है।

# उपभोक्ता संरक्षण कानून हमारे समाज के हर नागरिक से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा है : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण कानून हमारे समाज के हर नागरिक से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी वर्ग या आयु का हो, उपभोक्ता है और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना उसका कर्तव्य है। इसके प्रावधानों ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल रविवार को रांची के एनयूएसआरएल में आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के तहत उपभोक्ता संरक्षण कानून के समापन सत्र में बोल रहे थे।



उन्होंने कहा कि इन कानूनों ने उपभोक्ताओं को न्याय प्राप्ति के लिए सुलभ माध्यम प्रदान किए हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विधि व्यवसाय को सदैव एक पवित्र और नैतिक पेशा माना गया है। उन्होंने विधि के क्षेत्र में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए विधिशास्त्र के विद्यार्थियों को नैतिकता और न्याय के उच्च मानदंड स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि वे भी विधि के छात्र रहे हैं लेकिन आपातकाल में जेल चले गये और वकालत नहीं कर सके। इसके बाद राजनीति में आगमन हो गया। जनता से अपार स्नेह से आठ बार लोकसभा सांसद रहा। अब नए दायित्व का निर्वहन कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि लोगों को त्वरित न्याय मिले, ये आप सभी की जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि एनयूएसआरएल, रांची न केवल विधिक शिक्षा में उत्कृष्टता प्रदान कर रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को न्याय और नैतिकता के मूलभूत सिद्धांतों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रतियोगिता से प्राप्त अनुभव और ज्ञान विधि छात्रों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में सहायक होगा। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री की परिकल्पना विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए आह्वान किया।

## हेमंत सोरेन और रामेश्वर उरांव की जीत पर पासवा में हर्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है जननायक झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव यह झारखंड विधानसभा में प्रचंड बहुमत से जीत पर संपूर्ण पासवा परिवार में हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार शिक्षा के प्रति पूर्ण समर्पित है और यही कारण है कि दूसरी बार दो तिहाई बहुमत से गठबंधन सरकार का गठन होने जा रहा है। पासवा के नेतृत्व में संपूर्ण झारखंड के निजी विद्यालयों और शिक्षाविदों में हर्ष का माहौल है। झारखंड के निजी विद्यालय इस बात के लिए आशान्वित हैं कि जनप्रिय सरकार झारखंड के निजी विद्यालयों के प्रति संवेदनशील रहेगी। आलोक दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पासवा के संरक्षक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव यह शुरू से मानते हैं कि झारखंड के निजी विद्यालय झारखंड के शिक्षा व्यवस्था की नींव हैं और झारखंड के निजी विद्यालयों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए और यही कारण है।

## हत्या मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नए विद्यार्थियों के स्वागत में आयोजित फेसर्स पार्टी के दौरान छात्रों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट में राजा कुमार पासवान के हत्या मामले में पुलिस ने पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार छात्रों में मौसम कुमार सिंह,अभिषेक कुमार, निपुण तिर्की, साहिल अंसारी और इरफान अंसारी शामिल है। इनके पास से मारपीट में इस्तेमाल किया गया दो बेल्ट और मृतक राजा कुमार पासवान का पहना गया शर्ट एवं जैकेट बरामद किया गया है।



छात्रों की पार्टी मेसरा ओपी क्षेत्र के बीआईटी पॉलिटेक्निक संस्थान में विगत दिनों हुई थी। ओपी प्रभारी संजीव ने रविवार को बताया कि गत 14 नवंबर को छात्रों के दो गुट में मारपीट हुई थी। इस दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक राजा कुमार पासवान के पिता चंदन कुमार पासवान के जरिये अपने पुत्र की मारपीट कर हत्या करने का अरोप लगाते हुए कॉलेज प्रबंधन और अन्य अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान के क्रम में कुल पांच आरोपितों गिरफ्तार किया गया है।

## कांग्रेस ने की बैठक, केन्द्रीय नेतृत्व तय करेगा विधायक दल का नेता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रविवार को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई। बैठक में विधायक दल के नेता चयन के लिए केन्द्रीय नेतृत्व को अधिकृत किया गया। इस बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, वरिष्ठ नेता और पर्यवेक्षक तारिक अनवर, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री और पर्यवेक्षक मल्लू भट्टी विक्रममार्का,अजय शर्मा, केशव महतो कमलेश मौजूद थे। बैठक के बाद कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने कहा कि विधायक दल की बैठक में अहम फैसला लिया गया है। आज सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से केंद्रीय नेतृत्व को कांग्रेस विधायक दल का नया नेता चुनने के लिए अधिकृत किया है। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि आज हमने दिवंगत मदन मोहन शर्मा को श्रद्धांजलि दी, जो पार्टी के वरिष्ठ नेता थे, उनका अंतिम संस्कार भी आज ही होना है। एक सवाल के जवाब में गुलाम अहमद मीर ने कहा कि उनके बड़े सहयोगी जेएमएम के साथ बैठक के बाद शपथ ग्रहण और मंत्रिमंडल को लेकर सारी बातें साफ हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से उन पर उपमुख्यमंत्री बनाने का कोई दबाव नहीं है, वह चाहते हैं कि जल्द से जल्द नई सरकार का गठन हो।

## सेवा भारती के प्रयास से विद्यावाहिनी करेगी शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेवा भारती रांची के उपाध्यक्ष शुभेदु भट्ट के सम्पर्क से कोलकाता के अरण्यज सोसायटी के साथ सेवा भारती रांची भाग 5 सदस्यीय समिति 25 नवंबर 2024 से 29 नवंबर 2024 तक रांची के आसपास के स्कूलों में वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा प्रदान करेगी । यह संस्था कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में शिक्षा के क्षेत्र में अगली पीढ़ी के उन पारंपरिक शिक्षा प्रणाली से प्रयोगशाला आधारित और क्षेत्र आधारित शिक्षा प्रणाली के बारे में जानकारी देगी । इसी क्रम में यह संस्था सेवा भारती के जोन्हा , गुरूडीह में स्थित छात्रावास के छात्रों तथा आसपास के 31 गांव के करीब 700 बच्चों को 27 नवंबर 2024 को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह संस्था द्वारा इस महीना के 25 से 29 तारीख तक



निम्नलिखित स्कूल और संस्थाओं में प्रशिक्षण दिया जाएगा । शिशु विद्या मंदिर, ताईमारा घाटी, पांचा, बिरसा शिक्षा निकेतन, हटिया, सेवा भारती, जोन्हा स्कूल, शिवनारायण कन्या पाठशाला गोविंद भवन, अप्पर बाजार रांची, सरस्वती शिशु मंदिर विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची । विद्या वाहिनी के प्रयासों के माध्यम से संस्थान का लक्ष्य शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाना है तथा इसमें शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए खोज, नवाचार, सशक्तिकरण, उधमशीलता, विकास और आजीवन सीखने का मंच बनाया जाना है।

# रांची में खीस्त राजा पर्व की निकली शोभायात्रा, छात्राओं ने की पुष्प वर्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पुरूलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर चर्च में आर्चबिशप विसेंट आइंद, रांची प्रोविंश के प्रोविंश अजित कुमार खेस और पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो की अगुवाई में रविवार को ईसाई समुदाय का खीस्त राजा पर्व की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर आरसी चर्च के तेरह युनिट के फादर, सिस्टर, धर्म बहनें, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरूआत संत मरिया महागिरजाघर चर्च मे विशेष विनती की गई। सभी विश्वासी पुरूलिया रोड मे पंक्ति वाइज खडे हुए। सबसे आगे बेदी सेवक, महिला कैथलिक संघ के सैकडों महिलाएं ने शोभायात्रा की शुरूआत की।



शोभायात्रा पुरुलिया रोड, मेनरोड, अल्बर्ट एक्का चौक, प्लाजा चौक, डंगराटोली चौक होते हुए लोयला ग्राउंड में सभा में तब्दील हो गया। जहां पर आर्च बिशप बिसेंटआइंद ने परमेश्वर का संदेश सुनाया। इससे पहले निर्धारित जुलूस मार्ग में विश्वासियों के हाथों में यीशु हमारा राजा की तख्तियां, संत अन्ना और उर्सलाइन कांन्वेट स्कूल की छात्राओं ने सड़कों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत करते रहे। इसके पीछे महिला विश्वासियों के कंधों पर यीशु को पालकी मे ढोए हुए खीस्त हमारा राजा है का जयजयकारा लगा रहे थे। मुहल्लों की मंडली ढोल, नगाडा, मांदर और यीशु गीतों से झूमते नाचते हुए राजाओं के राजा यीशु हलेलुया प्रभु को प्रभु हलेलुया गाए जा रहे थे। एक दिसम्बर से यीशु का आगमन काल शुरू हो जाएगा।

**यीशु मनुष्य के लिए मुक्तिदाता हैं: आर्चबिशप**

आर्चबिशप विसेंट आइंद ने सभा को संदेश देते हुए कहा कि यीशु मनुष्य के लिए मुक्तिदाता हैं। लेकिन हमारे राजा हैं। राजनैतिक दृष्टि कोण से नहीं, लेकिन हमारे राजा हैं। सांसारिक नहीं हैं। हमारे व्यवहार सोच- विचार होता है, जो हम बहुत सारी चीजों को प्राथमिकता देते हैं। इनमे से बहुत सारे सांसरिक होते हैं। जहां सांसरिक बातें होती हैं। दुनियावी व्यवहार होता है। वहां प्रभु का राज नहीं होता है। प्रभु के राज्य में तो दयनीय, स्वर्गीय वातावरण, सोच, बातचीत, व्यवहार होता है। यीशु को जीवन में लाकर रोज विश्वास से जीना है कि यीशु हमारा राजा है। हमारा व्यवहार भी सांसारिक न होकर यीशु के बताये संदेश के अनुसार होना चाहिए। इसलिए रोज का व्यवहार, वातारण, बातचीत, तौर तरीके में जीवन शैली में देख सके। सचमुच हमारे लिए यीशु राजा हैं। हमारे व्यवहार, जीवन से दूसरों से थोडा अलग होना चाहिए है। ताकि लोग कहे यीशु प्रेमी कैसे इतने प्रेम से रहते हैं। इनके परिवार में क्यो शांति है। यीशु प्रेमी में भी कठिनाई, बीमारी, गरीबी, तकलीफ होती है।

## संक्षिप्त खबरें

### चम्पाई सोरेन ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन को बताया सामाजिक अभियान



**रांची :** भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रविवार को बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ अपने आंदोलन को एक सामाजिक अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनैतिक या चुनावी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर की रक्षा के लिए एक सशक्त पहल है। चंपाई सोरेन ने चिंता व्यक्त की कि पाकुड़ और साहिबगंज जैसे जिलों में आदिवासी समाज आज अल्पसंख्यक बन चुका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यदि हम भूमिपुत्रों की जमीन और वहां रहने वाली बहू-बेटियों की सुरक्षा नहीं कर सके, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने भविष्य में संथाल परगना की वीर भूमि पर अपने अभियान के अगले चरण की शुरूआत करने की घोषणा की। इसमें वीर सिदो-कान्हू और वीरांगना फूलो-झानो को याद किया जाएगा। सोरेन ने कहा कि सरकारें बदलती रहेंगी लेकिन आदिवासी समाज की पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए यह प्रयास जारी रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह जनसांस्कृतिक धरोहर नहीं बची, तो एक बार फिर उलगुलान का आगाज होगा। इस सामाजिक अभियान के तहत चंपाई सोरेन ने स्थानीय समुदाय से अपील की कि वे इस दिशा में सामूहिक रूप से एकजुट होकर काम करें, ताकि उनके अधिकारों और धरोहरों की रक्षा हो सके।

### फायरिंग मामले में जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह का हाथ



**रांची :** रांची जिले के ओरमांझी के बिरसा जू के पास फायरिंग मामले में जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गिरोह की संलिप्तता सामने आई है। इस घटना की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि जमीन कारोबारी से सुजीत सिन्हा गिरोह ने रंगदारी की मांग की थी। हालांकि जमीन कारोबारी ने इस संबंध में न तो पुलिस को जानकारी दी, न ही रंगदारी दी। इसी को लेकर सिन्हा गिरोह के अपराधी जमीन कारोबारी जायसवाल को गोली मारने आए थे। लेकिन उनके बीच में जायसवाल के दो कर्मचारी आजाद और जावेद अंसारी आ गए और दोनों को गोलियां लग गईं। इस मामले को लेकर ओरमांझी थाना में सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं फायरिंग में घायल आजाद अंसारी के पैर में और जावेद अंसारी के पेट में गोली लगी है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस मामले में सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने गोलीबारी में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली है और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ओरमांझी थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा जैविक उद्यान के पास शुक्रवार देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने आजाद और जावेद अंसारी पर अंधाधुंध फायरिंग की। इसमें दोनों घायल हो गए थे।

### सुदेश के लिए मांडू सीट छोड़ेंगे निर्मल महतो



**रांची :** झारखंड की राजनीति में फिर एक दिलचस्प मोड़ आ गा है। मांडू से जीत हासिल किए निर्मल महतो से अपनी सीट आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के लिए छोड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही इस सीट से रिजाइन करेंगे। इस मसले पर सुदेश महतो से बातचीत भी करेंगे। उन्होंने इसकी वजह बताते हुए कहा कि सुदेश महतो विधानसभा में आमजन के मुद्दों को बखूबी उठाते हैं। उनके जैसा मुद्दा उठाने वाला कोई नेता नहीं है। बताते चलें कि निर्मल महतो ने कांग्रेस के जेपी पटेल को चुनाव में शिकस्त दी है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की आठवीं कार्यकारिणी की हुई बैठक



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की सत्र (2024-25) की आठवीं कार्यकारिणी बैठक शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में अप्पर बाजार स्थित नानी एंक्लेव में संपन्न हुई। सर्वप्रथम शाखा अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में सभी प्रभारियों की प्रशंसा की और उन्हें और अच्छा कार्य करने के लिये प्रोत्साहित किया। मीटिंग में पिछली बैठक की कार्यवाही सभा पटल में रखी गई, इसके बाद सचिव शुभा अग्रवाल ने अक्टूबर माह का प्रतिवेदन पेश किया। बैठक में नवंबर माह में होने वाले कार्यों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से गोसेवा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, जनसेवा के कार्य आदि पर चर्चा हुई। साथ ही 22 और 23 मार्च को होने वाले प्रांत अधिवेशन पर भी चर्चा की गई। झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच मंडल-1 में पहली बार वूमेन'एस प्रीमियर लीग के आयोजन के लिए समर्पण शाखा की संयोजिका एवं सभी सदस्यों को बधाई दी गई। शाखा सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, कविता सोमानी, दीपिका मोतीका, सौम्य गर्ग, पूजा तोदी, रितु पोद्दार उपस्थित थीं।

### झारखंड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता संपन्न, रांची बना ओवरऑल चैंपियन



**रांची :** 20वीं झारखंड राज्य सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता रविवार को सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल बुबुन शरण उपस्थित थी। उन्होंने इस अवसर पर आगामी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की कामना की। सिल्ली के विलेज रिसोर्ट में 23 से 24 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पहला स्थान रांची जिला 247 अंक के साथ, दूसरा स्थान चतरा जिला कुल 84 अंक के साथ और तीसरा स्थान लोहरदगा जिला 16 अंक के साथ रही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड वुशू एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे व कोषाध्यक्ष रत्नेश कुमार मौजूद रहे।

# गोमिया से झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद की जीत पर निकला विजय जुलूस






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** गोमिया विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद की ऐतिहासिक जीत की खुशी में रविवार को झामुमो कार्यकताओं ने कसमार प्रखंड के खैराचातर में विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस गांधी रोड स्थित पार्टी के चुनाव कार्यालय से शुरू होकर खैराचातर के मेन रोड, पुरुलिया रोड व टोले-मोहल्ले का भ्रमण करते हुए बाजारटांड़ पहुंचा। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि यह योगेंद्र प्रसाद के प्रति जनता के भरोसे की जीत है। पूर्ण विश्वास है कि योगेंद्र प्रसाद जन-आकांक्षाओं पर खरा उतरने में पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में तत्कालीन विधायक डॉ लंबोदर महतो ने क्षेत्र की जनता का भरोसा खो दिया। यही कारण है कि बदलाव की लहर चल रही थी। विजय जुलूस के दौरान कार्यकताओं एवं समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की तथा एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया. मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, गुणानंद महतो, प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी, सिंहपुर पंसस विनोद महतो, टांगटोना पंसस प्रिया देवी, शेरे आलम, तनवीर आलम, नवीन कुमार जायसवाल, मिथलेश जायसवाल, कुलदीप करमाली, संजय महतो, छत्रु महतो, नित्यानंद महतो, विक्रम सिंह, राकेश साव, जितेंद्र पाहन, मनोज सिंह, खगेंद्र महतो, राजाराम महतो, लालदेव महतो, बबलू अंसारी, सुभाष चंद्र ठाकुर, मिथिलेश तिवारी, राजेश टुडू, रामदास टुडू, कैलाश टुडु, भूपेंद्र, राहुल, बसंती देवी, वीणा देवी आदि मौजूद थे।

## दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस का प्रचार अभियान बोकारो में जोर-शोर से जारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आगामी रेलवे यूनियन चुनाव के मद्देनजर दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस द्वारा बोकारो के विभिन्न रेलवे विभागों में प्रचार अभियान चलाया गया। इस अभियान में दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के महासचिव एस.आर. मिश्रा, प्रेसिडेंट पी.के. सिन्हा, उप मुख्य संयोजक अमर सिंह, आद्रा मंडल के रवि चटर्जी, मेंस कांग्रेस बोकारो ब्रांच सेक्रेटरी राजन उपाध्याय मुख्य रूप से सम्मिलित हुए । इस दौरान इलेक्ट्रीक जनरल, टीआरडी, सिक लाइन, बोकारो इलेक्ट्रीक लोको शेड, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पात नगर, आरओएच डिपो, आउटयार्ड, पीडब्लूआई, एरिया ऑफिस समेत सभी विभाग में भ्रमण किया गया एवं वहाँ के कर्मचारियों से मिलकर क्रम संख्या 03 पर मेंस कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने की अपील की गई। दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकताओं ने बोकारो के सभी प्रमुख रेलवे विभागों में जाकर कर्मचारियों को चुनाव के महत्व के बारे में बताया और उन्हें मेंस कांग्रेस के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित किया । प्रचार अभियान के दौरान मेंस कांग्रेस के नेताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना और उनका समाधान कराने का आश्वासन दिया। मेंस कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और बोकारो के हर विभाग में कर्मचारियों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।

## अग्निवीर अर्जुन कुमार महतो का शव पहुंचा गांव, दामोदर में हुआ अंतिम संस्कार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चंदनकियारी प्रखंड के सिलफोर पंचायत अंतर्गत फतेहपुर निवासी लंकेश्वर महतो के पुत्र अगनीवीर अर्जुन कुमार महतो का बीते दिन हुए हमले में मौत के बाद उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा । पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। मृत जवान असम बोर्डर में तैनात था। इसके पूर्व शहीद अर्जुन कुमार महतो का पार्थिव शरीर अमलाबाद ओपी लाया गया जहां एक झलक पाने के लिए हजारों लोगों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। तत्पश्चात ओपी से गाजे बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में अमर शहीद अर्जुन कुमार महतो अमर रहे, भारत माता की जय आदि नारा लगाते हुए घर पहुंचा । पार्थिव शरीर के साथ आए कमान्डर ने शव उनके माता-पिता को दर्शन करवाई गई फिर अंतिम संस्कार के लिए दामोदर नदी तट पर ले जाया गया जहां सलामी दी गई। पिता लंकेश्वर महतो ने मुखाग्नी दी । बताया जा रहा है कि मृतक जवान सिलीगुड़ी में बतौर अग्नीवीर 2023 में बहाल हुई थी जो कि असम के बोर्डर में तैनात था ।बीते 22 नवम्बर को चीनी आतंकवादी हमले में गोली लगी और मौत हो गई थी ।मृत जवान तीन बहनों और दो भाइयों में सबसे छोटा था । इधर पार्थिव शरीर आने की सूचना पर जेएलकेएम के सुप्रीमों जयराम महतो, प्रत्याशी अर्जुन रजवार, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष विजय रजवार, जिला बीस सूत्री उपाध्याय देवाशिष मंडल, समाज सेवी रामपद दास समेत अन्य लोगों ने शिरकत की और श्रद्धांजलि अर्पित की ।

## बोकारो में इंडी गठबंधन की जीत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जिला कांग्रेस कार्यालय दुदीबाग में बोकारो जिला कांग्रेस जनों द्वारा बोकारो जिला के अंतर्गत सभी विधानसभा से इंडिया गठबंधन को जीत मिलने का श्रेय बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता को देते हुऐ खुशी के अवसर पर अबीर गुलाल एक दुशरे को लगाते हुऐ मिठाई बाटी गई। संचालन कर्ता वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील कुमार झा ने हार्दिक बधाई देते हुऐ कहा कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता के कुशल नेतृत्व में बोकारो जिला भाजपा मुक्त हो गया। मौके पर गुप्ता ने बोकारो जिला में इंडिया गठबंधन को मिली जीत की बधाई बोकारो जिला के देवतुल्य जनता,महागठबंधन के साथियो, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिला कमिटी के पदाधिकारयों, जिला द्वारा नियुक्त विधानसभा प्रभारी, प्रखंड प्रभारी, प्रखंड प्रवेक्षक सभी प्रखंड, नगर, कार्यकारी,मंडल ,पंचायत ,बूथ अध्यक्षो समेत महागठबंधन के ऊजार्वान कार्यकताओं को देते हुऐ कहा कि झारखंड में पुनः महागठबंधन की सरकार बन रही है और दिसंबर माह से बहन- बेटी मैया सम्मान योजना की राशि खटाखट खटाखट चालू हो जयेंगे। बोकारो में भाजपा के जुमले का जवाब बोकारो की माता-बहनों ने, किसान भाइयों ने दे दिया हैं साथ ही बहुत जल्द हवाई अड्डा भी शुरू हो जाएगी। सबों के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर इंद्रदेव पासवान, अशोक मिश्रा,हाजी अब्दुल मलिक, सतेंद्र यादव, महावीर सिंह चौधरी, बनमाली बाउरी, निवारण तिवारी, मोख्तार अंसारी, शंकर महतो, पंकज महाथा, सपन प्रमाणिक,तूफान साहनी, देवेंद्र चौबे, नारायण सिंह, अरविन्द ठाकुर, कमरुल हसन, माहेश्वर मण्डल, जीतेन्द्र यादव, कृष्णा यादव, प्रेम पासवान, घनश्याम नारायण, ओम प्रकाश कुमार, संजय सिंह, प्रशांत बाउरी, नीलू देवी, अंजू, शकुंतला, गयत्री देवी सहित बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के ऊजार्वान कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## शादी के चार माह बाद ही नवविवाहिता ने की सुसाइड



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 सी के आवास संख्या 2065 में सुमन कुमारी नामक महिला ने शनिवार की शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे का कार्रवाई की करवाई शुरू कर दी है।

**पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका सुमन की शादी सेक्टर 12 निवासी जो कि पेशे से प्राइवेट टीचर है**

मृतिका कि शादी पंकज कुमार के साथ 12 जुलाई 2024 को हुई थी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं थे। इस रिश्ते को सुधारने के बिंदु पर शनिवार दोपहर दोनों में बातचीत हुई। इसके बाद पति छात्रों को पढ़ाने के लिए घर से बाहर चला गया। इसके बाद मृतका ने आवास के एक कमरे में खुद को बंद कर फांसी लगा लिया। काफी देर तक दरवाजा बंद रहने के उपरांत परिजनों ने इसकी सूचना मृतिका के पति को दी। आने के बाद पड़ोसियों व पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारा गया, तब तक उसकी सांस टूट चुकी थी।

# धनबाद-बोकारो के तीन लोगों समेत पांच के खिलाफ सीबीआई दाखिल की चार्जशीट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सीबीआई ने नीट 2024 प्रश्नपत्र चोरी मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ पांचवां आरोपपत्र दाखिल किया है। इस मामले में अब तक 45 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। जिन पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है, उसमें धनबाद निवासी अमित कुमार सिंह, बोकारो निवासी सुदीप कुमार, युवराज कुमार, बिहार का नालंदा निवासी अभिमन्यु पटेल और पटना का रहने वाला अमित कुमार शामिल है। इसके साथ ही इस मामले में कुल 45 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल




किया गया है और वे सभी अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं।

हजारीबाग में रची गयी थी साजिश

चर्चित नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ अहसानुल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था. अहसानुल हक ने उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नीट प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी।

**सीबीआई ने पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की पहचान कर ली है**

सीबीआई ने बताया कि अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जांच और अन्य पहलुओं के संबंध में आगे की जांच जारी है।

## एक नजर

### निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने जनता का जताया आभार



**धनबाद:** कतरास बाघमारा से निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव ने अपने दम पर 18314 वोट लाकर पूरे बाघमारा में एक अलग छाप छोड़ दी तीसरे स्थान पर रहने वाले रोहित यादव इस चुनाव में अपनी धुआंधार प्रचार व भोजपुरी एक्टर्स अक्षरा सिंह के रोड शो वह सभा कर राष्ट्रीय पार्टी के प्रत्याशी की नींद उड़ा दी थी उन्होंने मिले मत के लिए जनता का आभार जताया है कहा कि जनता ने जो भी आशीर्वाद दिया वह उसका प्रसाद है जनता के बीच वह हमेशा रहेंगे।

### 61 वर्षीय समाजसेविका झरना देवी तिवारी का निधन



**बोकारो :** चास प्रखण्ड पंचायत बिजुलिया के गोपीडीह गाँव के स्व० चास कालेज चास प्रोफेसर स्व० शिवप्रसाद तिवारी की पत्नी व उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल ओरदाना पेटरवार के पीजीटी शिक्षक किशोर कुमार त्रिवेदी के माता झरना देवी तिवारी 61बर्ष का इलाज के दौरान बोकारो में निधन रविवार अहले सुबह निधन हो गया हो गया। निधन के खबर सुनकर गांव समाज के लोग गोपीडीह पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। कहा ये मृदुभाषी व समाजिक महिला थी। निधन पर लोगों में शोक व्याप्त है इनके निधन पर कान्यकुब्ज आर्ष परिषद शिखर मजलिस बोकारो अध्यक्ष मनोरंजन तिवारी, पुर्व मुखिया समरेन्द्र नाथ पाठक, पुर्व मुखिया मनोजकुमार तिवारी,सचिव चण्डी प्रसाद तिवारी, पुर्व अध्यक्ष चक्रधर दुबे, आदतों दुबे, गोपाल तिवारी, घनश्याम तिवारी, महादेव उपाध्याय,आशीष उपाध्याय, प्रोफेसर सत्यवान उपाध्याय, चितरंजन पाठक, काली प्रसाद दुबे, चंन्द्र शेखर दुबे, डा० तपन दुबे, पी एन चौबे,बबलु चौबे, दिलीप कुमार चौबे, बी डी चौबे, नारायण चौबे, संजय उपाध्याय, अमीत दुबे, बबलु पाठक, सुशील तिवारी, लालु पाठक, धनबाद बोकारो क्षेत्रीय राजपुत समाज केन्द्रीय प्रवक्ता राधेश्याम सिंह, अमर सिंह, गौरी नाथ सिंह, महेश प्रसाद सिंह, सिंह,सत्यनारायण सिंह, कैलाश सिंह लोगों आदि ने शौक व्यक्त किया है।

### निवर्तमान विधायक ने नवनिर्वाचित विधायक को दी शुभकामनाएं

**बोकारो :** चुनाव हारने के बाद बोकारो के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा मैंने कभी किसी से झूठ बोलकर वोट नहीं मांगा, मैंने अपने दामन पर दाग नहीं लगने दिया, फिर भी जनता ने जो जनादेश दिया है मै उनका सम्मान करता हूं। उन्होंने नव निर्वाचित विधायक को शुभकामना भी देते हुए कहा की मै विकास के प्रति समर्पित रहा, उतरी विस्थापित मुद्दे को भी उठाया, लेकिन कुछ उसमे ऐसी बधाएं थी जिसके कारण उनके समस्याओ का निराकरण नहीं करा सका, जिसकी दर्द मुझे आज भी है। उन्होंने कहा की मै विधायक रहू या नहीं जनता के बीच था और रहेंगे भी, उनके समस्याओ को लेकर जरूर प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने जो वादा किया है उसे पूरा करने के लिए आज भी आंदोलन करूंगा। 100 दिन के अंदर एयरपोर्ट चालू कराने कि बात कही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएमएम कार्यकर्ताओं ने विधायक को मिठाई खिलाकर किया खुशी जाहिर



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत पर रविवार को युवा कार्यकताओं ने विधायक पुत्र दिनेश महतो को तेतुलमारी चंदौरबांध मुख्य मार्ग पर पहुंचे। कार्यकताओं ने पटाखा बम फोड़कर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। संतोष ठाकुर ने महतो को बड़ी जीत के खुशी पर मोमेंटो दिया।मौके पर बधाई देने वाले मे प्रमोद बत्रा,पंकज रवानी, संगीत सिंह, संतोष ठाकुर, साधू सिंह, दिलीप कुमार, राजकुमार महतो, अरुण कुमार,बिंदु साहनी, विक्रम कुमार, सोनू कुमार, दिनेश कुमार, कौशल यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विधायक मथुरा प्रसाद महतो को उपमुख्यमंत्री बनाया जाए : रंजीत प्रसाद



**धनबाद :** टुंडी विधानसभा से इंडिया गठबंधन के झामुमो से लगातार चौथी बार मथुरा प्रसाद महतो की भारी मतों से जीत के बाद कार्यकर्ताओ में खासा उत्साह देखा जा रहा है,टुंडी विधानसभा के रंगुनी मल्लाह बस्ती में झामुमो कार्यकर्ता रंजीत प्रसाद व गोपी निषाद सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ताओ ने राज्य के मुख्यमंत्री से टुंडी विधायक महतो को उप मुख्यमंत्री बनाये जाने की मांग की, ताकि टुंडी के साथ साथ राज्य का चहुमुखी विकास हो। चौथी बार टुंडी विधायक बनने पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी प्रकट किया। कार्यकर्ताओ ने अपने नेताओं की खूब नारेबाजी की। मौके पर गोपी निषाद, रंजीत प्रसाद, मुकेश कुमार मल्लाह,, शंकर निषाद, संजीत कुमार, अजय कुमार निषाद, मंटू निषाद,सुनील भुइंया, चीकू खान, शिवा साहनी, राकेश कुमार, रमेश निषाद, मनोज साव, अमित कुमार,शिवलाल महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अग्निवीर अर्जुन महतो की शहादत पर भाजपा नेता सुरेश महतो ने दुःख जताया



**धनबाद :** झारखंड का लाल अग्निवीर अर्जुन महतो भारत-चीन बोर्डर पर शहीद हुये। जिस पर भाजपा नेता सुरेश महतो ने दु :ख जताया हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का लाल देश की रक्षा में बलिदान हो गया। मां भारती की रक्षा करते हुए झारखंड के माटी के लाल चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत सिलफोर पंचायत के पडुवा निवासी वीर सपूत अर्जुन कुमार महतो के वीरगति प्राप्त होने का ह्रदय विदारक समाचार पाकर मन बहुत व्यथित है। राष्ट्र सेवा में समर्पित मां भारती के सच्चे सपूत का सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरण किया जायेगा। संपूर्ण भारतवर्ष जवान के संघर्ष व त्याग का सदैव ऋणी रहेगा। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिवारजनों को यह आघात सहन करने का साहस प्रदान करें।

### त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवान फ्रांसिस जेवियर कुजूर को पुलिस लाइन में दी गई श्रद्धांजलि



**धनबाद :** रविवार को पुलिस लाइन धनबाद में मृतक त्रिपुरा स्टेट फाइल्स के जवान फ्रांसिस जेवियर कुजूर को श्रद्धांजलि दी गई। त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवान फ्रांसिस जेवियर कुजूर धनबाद में चुनाव ड्यूटी में आए थे। रविवार की सुबह ह्रदय गति रुक जाने से उनका निधन हो गया। एसएनएमएमसीएच में उन्हें भर्ती कराया गया जहाँ उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। त्रिपुरा स्टेट राइफल्स के जवान काफी संख्या में अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के बाद सीधे शव को धनबाद पुलिस लाइन लाया गया। यहां उन्हें सलामी देने के बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव भेज दिया गया।श्रद्धांजलि के मौके पर सिटी एसपी समेत तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ त्रिपुरा बटालियन के सीनियर कमांडेंट आलोक भट्टाचार्य एवं बटालियन के जवान उपस्थित थेफ्रांसिस जेवियर कुजूर गुमला के रहने वाले थे। मृतक फ्रांसिस जेवियर कुजूर की तैनाती हीरापुर स्थित अभय सिंदरी कॉलेज के मतदान केंद्र 258 में थी। त्रिपुरा स्टेट राइफल्स की पांच कंपनी को धनबाद के छह विधानसभा में प्रतिनियुक्त किया गया था।

### विधायक रागिनी सिंह को लोजपा की प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष ने पहनाया चांदी का मुकुट



**धनबाद :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) की प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा राय पासवान ने रविवार को झरिया से भाजपा की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह से उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें चांदी का मुकुट पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं सिंह ने उनका आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने खण्ड एकत्रीकरण का हुआ आयोजन

**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को लेकर संघ के विस्तार और मजबूती के लिए बरही खण्ड में खण्ड एकत्रीकरण का आयोजन रविवार, 24 अक्टूबर को शिवाजी शाखा मैदान, ब्लॉक परिसर, बरही में किया गया। इस कार्यक्रम में 53 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस आयोजन में चार गणों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। शारीरिक श्रेणी में खेल, व्यायाम योग, योगासन, और योग प्राणायाम शामिल थे। बौद्धिक श्रेणी के तहत गीत, सुभाषित, विभिन्न गुटों में चर्चा, और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन संघ की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम के बाद सभी स्वयंसेवकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। संघ के इस आयोजन का उद्देश्य शाखा विस्तार और संगठन की मजबूती को सुनिश्चित करना था।

### मंटू यादव एवं बीके चौधरी ने कार्यकर्ताओं संग मनाया जश्न

**बोकारो :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की मतगणना आज हो गई है। जहां बोकारो जिला के चारों विधानसभा में इंडिया गठबंधन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है वहीं बोकारो विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी को हरा भारी मतों से जीत दर्ज किया। झामुमो बोकारो महानगर अध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य मंटू यादव मैं नया मोड़ बिरसा चौक पर माल्या अर्पण कर अपने प्रत्याशी श्वेता सिंह के आगमन को लेकर काफी उत्साहित दिखे जीत का जस मनाते हुए अपना कार्यकताओं के साथ बम पटाखे वह अबीर गुलाल एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जाहिर की उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने जिस तरह से लोगों के दिलों में अपना घर बनाया है सच्चाई की हमेशा जीत होती है हमारे पेमेंट की की सरकार में सारे लोगों के लिए बिजली फ्री की गई कर दी गई थी जिन पर केस था उसे सभी केशव को माफ कर दिया गया था हमारी माता एवं बहनों के लिए मैया समान योजना लागू किया गया और नारा लगाते हुए कहा कि बिजली किया जीरो हेमंत सरकार हीरो के नारे लगाए गए। शाखा सहयोग समिति समाज के महामंत्री बीके चौधरी ने कहा कि हमारे हेमंत गरीब दूर्वा के नेता है उन पर प्रधानमंत्री मोदी ने जो झूठ कैसे डाल कर हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता के सामने नीचा दिखाने का काम कर रहे थे आज झारखंड की जनता ने उनके जवाब में हेमंत सरकार को पुणे एक बार फिर से पूर्ण बहुमत से जीतकर केंद्रसरकार को जवाब देने का काम हमारी जनता ने की है।

### नेशनल हॉकर फेडरेशन ने विरोध दिवस पर वेडिंग जोन की मांग की

**जमशेदपुर :** नेशनल हॉकर फेडरेशन द्वारा जमशेदपुर शहर के विभिन्न बाजारों में पथ विक्रेताओं द्वारा बिना व्यवस्थित किए उजाड़ने का विरोध प्रदर्शन किया गया। नेशनल हॉकर फेडरेशन के सचिव उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि 24 नवंबर 1996 को कोलकाता में एक ऑपरेशन सनशाइन अभियान चलाकर रात के समय अनेकों फुटपाथ दुकानदारों के दुकानों को तोड़ा गया था। अचानक इस तरह दुकानों के तोड़े जाने से किस तरह अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे यह सोचकर 18 पथ विक्रेताओं ने आत्महत्या कर ली थी। तभी से नेशनल हॉकर फेडरेशन के तत्वाधान में 24 नवंबर को भारत वर्ष के 24 राज्यों सहित 5 केंद्र शासित प्रदेशों में पथ विक्रेता उजाड़ीकरण विरोध दिवस मनाया जाता है।

# खूंटी में क्यों ध्वस्त हुआ भाजपा का किला!

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** वैसे तो पूरे राज्य में भाजपा की हार हुई है, पर भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित समझी जाने वाली खूंटी जैसी सीट से पांच बार लगातार विधायक रहे और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह की करारी शिकस्त ने कई सवाल खड़े किये हैं। तोरपा से तीन के विधायक रहे कोचे मुंडा के पराजय को भी लोग विधायक कोचे मुंडा की जनता से दूरी के साथ ही भाजपा संगठन की कमजोरी के रूप में देख रहे हैं। खूंटी जिले से भाजपा का सुपड़ा साफ होने के संबंध में लोगों की अलग-अलग राय है, लेकिन सभी एक बात पर सहमत हैं कि सरकार की मैयां सम्मान योजना, बिजली बिल और कृषि ऋण की माफी ने झामुमो की जीत में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। यही कारण है कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हिमंत विसवा सरमा जैसे स्टार प्रचारक भी हेमंत सोरेन और



कल्पना सोरेन के सामने फेल हो गये।

**भाई प्रेम महंगा पड़ा नीलकंठ सिंह मुंडा को**

खूंटी के सबसे कद्दावर भाजपा नेता के रूप में शुमार नीलकंठ सिंह मुडा की करारी शिकस्त के संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि वर्तमान विधायक को लोकसभा चुनाव के दौरान अपने बड़े भाई और वर्तमान कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा के पक्ष में अप्रत्यक्ष रूप से सहायता करना महंगा पड़ गया। अपनी स्पष्टवादिता के लिए प्रसिद्ध पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया



मुंडा कहते हैं कि नीलकंठ सिंह मुंडा ने विधायक रहते हुए लोकसभा चुनाव के दौरान अपने बड़े भाई और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में काम किया। कड़िया मुंडा ने कहा कि 2019 के संसदीय चुनाव में भी नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को हराने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि नीलकंठ सिंह मुंडा ने भाजपा विधायक रहते हुए भी पार्टी को धोखा दिया। कड़िया मुंडा ने कहा कि भाई-भाई की बात अलग है। बाप-बेटा भी अलग-अलग पार्टी में रहेते है, पर पार्टी को धोखा देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले आप लोगों को हाथ छाप में वोट देने लिए कहते थे और आज कमल को विजयी बनाने को कहते हैं, जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। इसी की सजा नीलकंठ सिंह मुंडा को मतदाताओं ने दी है। कड़िया मुंडा ने कहा कि पांच बार विधायक बनने में नीलकंठ को कोई विशेष योगदान नहीं है। 50 वर्षों तक यहां घसीट-घसीट कर संगठन को चलाया है।

**पुराने स्थानीय कार्यकर्ताओं की उपेक्षा भी बनी हार का कारण**

खूंटी और तोरपा सीट से भाजपा की हार के संबंध में पार्टी के ही कुछ कार्यकताओं का कहना है कि क्षेत्र के पुराने और समर्पित कार्यकताओं की उपेक्षा भी हार की बड़ी वजह रही। आरोप है कि चुनाव कें दौरान पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह नहीं दी गई। यही कारण है कि ऐसे कार्यकर्ताओं ने चुनाव कें दौरान निष्क्रिय दिखे। उल्लेखनीय है कि खूंटी के कर्रा रोड, पिपराटोली आदि इलाके को भाजपा का गढ़ मामना जाता है, पर इस बार वहां के मतदाताओं ने नीलकंठ सिंह मुंडा को नकार दिया। चुनाव के दौरान भाजपा के कई समर्थकों ने कहा भी था कि इस बार उन्होंने रामजी के हथियार तीर-धनुष के पक्ष में मतदान किया है।

**भाजपा विहीन हुआ खूंटी संसदीय क्षेत्र**

एक समय भाजपा का गढ़ समझे जानेवाले खूंटी संसदीय क्षेत्र पूरी तरह भाजपा विहीन हो गया। एक समय खूंटी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के सांसद के साथ ही तोरपा, खूंटी, सिमडेगा, तमाड़ और खरसावां में पार्टी कें विधायक थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा ने खूंटी से और कोचे मुंडा ने जीत दर्ज की थी, पर वर्तमान में खूंटी संसदीय क्षेत्र की सभी छह सीटों पर इंडी गठबंधन का कब्जा है।

## निशात आलम की जीत की खुशी में समर्थकों ने मनाया जश्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** पाकुड़ विधानसभा सीट से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के जीत की खुशी में रविवार को उनके समर्थकों ने बरहरवा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में गाजे बाजे के साथ सड़कों पर जमकर जश्न मनाया। बरहरवा थाना क्षेत्र के रामनगर, रहमतपुर, बिर्नाथपुर बिंदुपाड़ा, चावलछल्ला, बिशनपुर, फरीदपुर, मिजार्पुर, रूपपुर, मेहंदीडांगा, आबराटोला, सिरशीन, लालमाटी, नयन टोला, सातगाछी, रानीग्राम, कंकझोल, आंध्रकोठा, पालश्बूना, इस्लामपुर, महाराजपुर, भीमपड़ा, पुरलिया, हस्तिपडा, समेत अनेको गांव में उनके समर्थक वादक यंत्रों के ताल पर जमकर थिरके सभी जगहों पर समर्थकों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया एवं उनके समर्थन ने जमकर नारे लगाए। किसी भी गांव के कहीं से भी किसी प्रकार के आप्रिय घटना की समाचार नहीं है सभी जगह पर शांतिपूर्वक ढंग से विजय जुलूस निकाले जाने का समाचार प्राप्त हो रहा है। समाचार लिखे जाने तक कई जगहों पर विजय जुलूस चल रहा था यह अभी समाचार मिला है कि सुबह से ही उनके समर्थक उन्हें जीत की बधाई देने के लिए उनके इस्लामपुर स्थित आवास में भारी संख्या में पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दे रहे थे।

## कोटालपोखर में अवैध लॉटरी माफियाओं का आतंक बढ़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** कोटालपोखर बरहरवा प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कोटालपोखर थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित अवैध लॉटरी माफियाओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। कोटालपोखर बाजार सहित आसपास के विभिन्न ग्रामीणों क्षेत्रों में इन दिनों अवैध लॉटरी माफिया पूरी सक्रियता के साथ इस अवैध धंधे को संचालित किए हुए हैं। जिससे ये पूरे समाज को जुए जैसी लत का शिकार होने पर मजबूर किए हुए हैं और यहां के भोले भाले गरीब लोगों को इनाम का लालच देकर उन्हें पूरी तरह से लूट रहे है। केवल ये ही नहीं बल्कि ये पूरे समाज को आर्थिक रूप से कमजोर बनाने का और क्षेत्र को विकास की ओर जाने से रोकने का काम कर रहे हैं जिसके स्वरूप यहां के लोग अपने घरेलू जीवन में भी जुए के




लत में लिप्त हो जाने को मजबूर हैं। वहीं इस अवैध धंधे की वजह से घरेलू कलेश भी देखा जा रहा है जिससे कई गरीब परिवारों के घर बिखर रहे हैं और लॉटरी माफिया खुले आम इस अवैध धंधे को बड़े ही आराम से संचालित किए हुऐ हैं। वहीं प्रशासन की ओर से इस गंभीर समस्या का समाधान करने को लेकर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं देखी जा रही है। जबकि इस पुरे मामले को गंभीरता से लेते हुऐ आवश्यक जांच कर इस प्रतिबंधित अवैध धंधे को रोकने की जरूरत है और समाज मे शांति का माहौल बनाए रखने के लिऐ कोई ठोस कार्यवाही करने की सख्त जरूरत है।

## ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड फाउंडेशन ने महिलाओं को अगरबत्ती एवं धूप बनाने का दिया प्रशिक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** ह्यूमैनिटी प्रोग्रेसिव हैंड फाउंडेशन कार्यालय सिटी सेंटर में आत्मनिर्भर भारत मुहिम के तहत महिलाओं को रोजगार एवं स्वावलंबी बनाने को लेकर ह्यूमिडिटी प्रोग्रेसिव हैंड फाउंडेशन ने एक दिवसीय विभिन्न प्रकार के अगरबत्ती एवं धूप बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। बहुत संख्या में महिलाओं ने इस अगरबत्ती बनाने के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं इस संस्था की संचालक नेहा मिश्रा ने बताया कि हम लोगों की संस्था आज हर राज्य में काम कर रही है गांव-गांव से ग्रामीण महिला हम लोगों की संस्था में जुड़कर स्वावलंबी एवं रोजगार का मार्ग प्रशस्त कर अपने पैरों पर खड़ा हो रही है हम लोगों आज अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं इससे पहले भी हम लोगों ने फिनाइल, पापड़, नैपकिन पैड एवं विभिन्न तरह का कार्य लेकर सभी वर्ग की महिलाओं के लिए रोजगार मुहैया कराने का काम कर रहे हैं और इसी तरह बीच-बीच में हम लोगों की संस्था महिलाओं को विभिन्न तरह की प्रशिक्षण देने का काम करती है। रजय प्रसाद जी के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का परिचालन किया गया जो आरएसईटीआई संस्था के प्रशिक्षक हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर निशा कुमारी वर्मा, सत्या सर, रवि मिश्रा, खुशबू कुमारी, शीला देवी, रति रानी सहित बिहार, झारखंड, एवं बंगाल के कार्यकर्ता मौजूद रहे और सभी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

## चैनपुर में ट्रैक्टर पलटने से 20 वर्षीय चालक की मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना अंतर्गत बरवे स्कूल ढोड़हा के पास रविवार दोपहर 2:00 के करीब ट्रैक्टर पलट जाने से चालक 20 वर्षीय सूरज लोहरा पिता किरण लोहरा गांव प्रेम नगर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया वहीं पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार चालक सूरज लोहरा ट्रैक्टर में मिट्टी लेकर आ रहा था इसी दौरान ट्रैक्टर में कुछ खराबी आ गई जिसे लेकर चालक ट्रैक्टर को सड़क किनारे खड़ी कर खराबी की जांच कर रहा था ट्रैक्टर सड़क के काफी किनारे होने और तत्काल सड़क किनारे भरी गई ढीली मिट्टी ढह जाने से ट्रैक्टर गड्ढे में जा पलटी जिसकी चपेट में आने से चालक सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया कुछ स्थानीय लोगों ने एक ऑटो की मदद से सूरज को एक निजी अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर प्रत्यक्षदर्शियों एवं परिजनों से पूछताछ करते हुए जांच में जुट गई है।

## वेदांता ईएसएल के विकास में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ इंडिया गठबंधन राज्य सरकार को समर्थन देना जारी रखेगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो/रांची :** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक ई एस एल स्टील लिमिटेड झारखंड राज्य में सामाजिक विकास के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता जारी रखे हुए है, खासकर बोकारो में अपने संयंत्र के आसपास के समुदायों के बीच विभिन्न सरकारी और गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और मान्यताओं से सम्मानित, ई एस एल स्टील लिमिटेड उन समुदायों की भलाई को प्राथमिकता देता है जहां यह मौजूद है। राज्य में एक प्रमुख संगठन के रूप में, वेदांता ई एस एल आने वाली सरकार को बधाई देता है और झारखंड राज्य में फिर से विकास करने और राज्य को



आर्थिक - सामाजिक प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के प्रयासों में भागीदारी करने को संकल्पित है। हेमंत सरकार के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की जीत पर, वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड के सीईओ और डब्ल्यूटीडी, आशीष कुमार गुप्ता ने कहा,₹ हम राज्य के आर्थिक विकास और लोगों के कल्याण के लिए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड नंद घर, वाड़ी (नाबार्ड की भागीदारी वाली कृषि पहल), वेदांता ई एस एल कौशल विद्यालय, महिला सशक्तीकरण और सूक्ष्म उद्यम निर्माण के लिए जीविका, स्वास्थ्य सेवा से संबंधित हस्तक्षेप कार्यक्रम प्रोजेक्ट आरोग्य और वेदांता पारिस्थितिकी तंत्र में आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों की 1000 लड़कियों को रोजगार देने का लक्ष्य रखने वाली प्रोजेक्ट पंछी जैसी हमारी सीएसआर पहलों के माध्यम से राज्य सरकार की विकास योजनाओं और पहलों में योगदान देने के लिए सहयोग देने का वचन देता है। हमें विश्वास है कि वेदांता ई एस एल संयंत्र के पेरिफेरल एरिया में की गई हमारी सभी पहल आने वाली सरकार के पर्यावरण और स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने और बेहतर झारखंड के आदर्श को स्थापित करने में महत्वपूर्ण संबल बनेगा और एक लंबा रास्ता तय करेगी। वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के बारे में झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गांव में स्थित, वेदांता ई एस एल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निमार्ता है। कंपनी 2.5 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट संचालित करती है, जिसमें पिग आयरन, बिलेट्स, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन; पाइप सहित कई तरह के उत्पाद बनाए जाते हैं। यह प्लांट विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएँ देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाते हुए कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### चैनपुर में खीस्त राजा पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**चैनपुर :** चैनपुर नगर में खीस्त राजा पर्व पर रविवार को खीस्त राजा की जय, हे खीस्त तेरा राज आवे इन जयकारों के साथ खीस्त राजा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में कैथोलिक समुदाय के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में आगे आगे पवित्र संक्रामेंत लेकर बच्चे चल रहे थे बीच में भजन गाते मंडली के लोग उसके पीछे छोटे-छोटे बच्चियां परी बनकर पुष्प वर्षा करते हुए चल रही थी वहीं आकर्षक रूप से सजा की गई एक वाहन में पुरोहित पवित्र कुरुस लिए हुए थे, युवाओं की टोली ढोल नगाड़ा बजाते हुए शामिल थे कई लोग बैनर व झंडा भी लेकर चल रहे थे। शोभा यात्रा संत जॉन चर्च से शुरू होकर चर्च रोड सोहन चौक अल्बर्टा का चौक बस स्टैंड मेन रोड थाना रोड ब्लॉक चौक होते हुए वापस चर्च परिसर पहुंची कई चौक चौराहा में धर्म विश्वस्यों के द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया गया वहीं पूरे नगर को आकर्षक रूप से साजसजा की गई थी। इससे पूर्व चर्च में पवित्र मिस्सा पूजा व प्रार्थना सभा हुई पल्ली पुरोहित फादर जेभिरियानुस किण्डो ने खीस्त राजा पर्व का संदेश दिया, कहा कि खीस्त सभी राजाओं के राजा हैं उनका राज्य इस संसार के राजा महाराजाओं जैसा नहीं बल्कि सभी मानव के हित के लिए है। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से फादर राजेंद्र तिर्की डीन फादर जेभिरियानुस किण्डो सहित कई पुरोहित व धर्म बने शामिल हुए।

### चार पहिया वाहन का टायर फटने से मारा पलटी, बाल बाल बच्चे चालक



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक चार पहिया वाहन का धोबी घाट गंगा विहार पार्क के निकट पलटी मारने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। चार पहिया वाहन प्रियांशु राज उम्र 23 वर्षीय, पता शांति नगर साहिबगंज के रहने वाला का है। दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चालक प्रियांशु राज से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि 3 :00 बजे के आसपास किसी काम से चार पहिया वाहन से जा रहे थे की अचानक वाहन का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटी मार कर झाड़ी में चला गया जिससे कि चालक प्रियांशु राज को हल्की-फुल्की छोटे लगी है और चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है। वही जा रहे राहगीरों ने क्षतिग्रस्त वाहन से प्रियांशु राज को निकाला और मौके पर उनके परिजनों को सूचना दिया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचकर आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज ले गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पिंकू चौधरी ने घायल का इलाज किया। वही परिजन जिरवाबाड़ी थाना को दुर्घटनाग्रस्त वाहन का सूचना दे दिया।

### जिला क्रिकेट अंडर-16 टूर्नामेंट में संत जोसेफ स्कूल ने 5 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत रविवार को संत जोसेफ स्कूल बनाम कंबाइंड 11 के बीच मैच खेला गया। टॉस जीत कर कंबाइंड 11 पहले बल्लेबाजी करते हुए 56 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सैफुल रहमान ने अधिकतम 13 रन बनाए। संत जोसेफ स्कूल के गेंदबाज मो कैफ ने 5, वारिस ने 2 व देव हरी ने 1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने संत जोसेफ की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 57 रन बना कर 5 विकेट से मैच जीत लिया। संत जोसेफ स्कूल के खिलाड़ी मो कैफ को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि संत जोसेफ स्कूल के शिक्षक चंदन कुमार ने मो कैफ को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सबकमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, मो जुनैद व आदित्य सहित अन्य मौजूद थे।

### राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के लिए बनाई गई रणनीति



**साहिबगंज :** शहर में 21 और 22 दिसंबर को साहिबगंज में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कवि सम्मेलन को लेकर रविवार को महाजन पट्टी स्थित गोपाल चौखानी के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया। साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया की आयोजन के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए अभी से ही तैयारी प्रारंभ कर दी जाए। बैठक में बाहर से आने वाले कवियों के रहने की व्यवस्था, उनके सम्मान के साथ-साथ कवि सम्मेलन की सफलता के लिए तैयारी को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बैठक में गोपाल श्रीवास्तव के अलावा सुधीर श्रीवास्तव, डॉक्टर रानी झा, भगवती रंजन पांडे, चेतन भारतीया, अनुराग राहुल, टुनटुन सिंह, आनंद मोदी, अमन एवं अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो नेता का गुम हुआ मोबाइल, थाना में दिया आवेदन

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कुलीपाड़ा निवासी झामुमो नेता साहिर अराफात का मोबाइल गुम हो गया है। जिरवाबाड़ी थाना में दिए आवेदन में उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में चल रहे मतगणना की जानकारी लेने लोहंडा मेन रोड पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़-भाड़ में उनका मोबाइल गुम हो गया। उन्होंने जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी से मामले में उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# चुनाव परिणाम : सत्ता पक्ष को फिर मिला जनादेश



सुरेश हिंदुस्तानी

**महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अपने हिसाब से राजनीतिक विश्लेषण किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन चुनावों में प्रादेशिक रूप से जय और पराजय दोनों ही सन्देश प्रवाहित हो रहे हैं। किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम की स्थिति पैदा करने वाले परिणाम ने यह तो साबित कर दिया है कि देश में किसी एक राजनीतिक दल का न तो व्यापक प्रभाव है और न ही कम सीट प्राप्त करने वाले को कमतर आँका जा सकता है।**

देश के दो राज्यों के साथ कुछ राज्यों के उपचुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष के प्रति अपना जनादेश दिया है। हर चुनाव में सत्ता के प्रति जनता में किसी न किसी बात पर आक्रोश रहता है, लेकिन महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जनता ने फिर से उन्हीं सरकारों को फिर से सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी है, जो सत्ता में थी। खास बात यह है कि महाराष्ट्र और झारखण्ड में सत्ता धारी गठबंधन को पहले से ज्यादा सीटें मिली हैं। यह जनादेश न तो किसी के उछलने का मार्ग तैयार करता है और न ही किसी को नकारने की स्थिति पैदा करता है। जहां तक खुशियाँ मनाने की बात है तो महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन जीत की खुशी मना रहा है तो झारखण्ड में इंडी गठबंधन के गले में विजयी माला पहनाई गई है। वहीं उपचुनाव में सबको खुशी और सबक दोनों ही दिए हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अपने हिसाब से राजनीतिक विश्लेषण किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन चुनावों में प्रादेशिक रूप से जय और पराजय दोनों ही सन्देश प्रवाहित हो रहे हैं। किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम की स्थिति पैदा करने वाले परिणाम ने यह तो साबित कर दिया है कि देश में किसी एक राजनीतिक दल का न तो व्यापक प्रभाव है और न ही कम सीट प्राप्त करने वाले को कमतर आँका जा सकता है। इस चुनाव की सबसे खास बात यह मानी जा सकती है कि कोई भी पार्टी अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं कर सकी, जिससे यह सन्देश निकल रहा है कि अब भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा गठबंधन के सहारे ही तय होगी। वर्तमान में राजनीति दो विचार धाराओं के बीच है, जिसमें एक तरफ भारतीय जनता पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने वाले राजनीतिक दलों का विचार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विचारों से तालमेल रखने वाले दलों की बानगी है। इतना ही नहीं इन चुनावों एक दूसरे के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया गया, वह राजनीतिक हिसाब से भले ही जायज ठहराया जा सकता है, लेकिन आम नागरिकों के समक्ष भ्रम जैसी स्थिति को ही प्रादुर्भित करती हैं।



महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भाजपा के लिए निश्चित ही अच्छे कहे जा सकते हैं, लेकिन झारखण्ड में सरकार बनाने का सपना लेकर मैदान में उतरी भाजपा को फिर से तैयारी करनी होगी। झारखण्ड के परिणाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उपजी सहानुभूति को आधार बताया जा रहा है। पिछले दिनों झारखण्ड में हुए भ्रष्टाचार के आरोप में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से अलग होना पड़ा था। जिसके बाद हेमंत सोरेन ने चुनाव में इसी को अपना राजनीतिक हथियार बनाया था और चुनाव में अपने पक्ष में वातावरण बनाया। ऐसा लगता है कि झारखंड में भाजपा अपनी ताकत और कमजोरी को भाँपने में विफल हो गई। झारखण्ड में भाजपा इतनी अप्रभावी नहीं कही जा सकती, जैसा उसका इस चुनाव में प्रदर्शन रहा है। पिछले विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रादेशिक नेताओं की तनातनी जगजाहिर थी, जिसका परिणाम भाजपा के लिए ठीक नहीं था। हालाँकि इस चुनाव में भाजपा ने पिछली गलती को सुधारने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह सत्ता के सीढ़ी का निर्माण कर पाने में असफल रही। अब झारखण्ड में फिर से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनेगी और मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन फिर मुख्यमंत्री होंगे, यह भी तय लगता है।

परिणाम के बाद अब महाराष्ट्र के चुनावों के बारे में जो राजनीतिक निष्कर्ष निकाले जा रहे हैं, उसके अनुसार यही कहा जा रहा है कि झारखंड और महाराष्ट्र में राजनीतिक हवा अलग अलग दिशा में बह रही थी। जिसने हवा का रुख भांप लिया, वह हवा के साथ ही चला और सत्ता प्राप्त करने में सफलता हासिल की। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस के साथ रहने वाले शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को जनता ने नकार कर शायद यही सन्देश दिया है कि यह सत्ता के लिए किया गया बेमेल गठबंधन ही था। महाराष्ट्र में ऐसे जनादेश का क्या अर्थ होना चाहिए कि एक गठबंधन जीत गया तो दूसरा गठबंधन हार गया। इसी प्रकार झारखण्ड में भी जनादेश की भी समीक्षा की जाने लगी है। पिछले पांच साल में महाराष्ट्र में जिस प्रकार की राजनीतिक उठापटक हुई थी, उसके केंद्र में कौन था, यह ठीक ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन इंडी गठबंधन की मानें तो उसने इसका सारा ठीकरा भाजपा के मत्थे मढ़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। इस राजनीतिक धमा चौकड़ी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना ने अपने विभाजन के रूप में चुकाई। जो धड़े अलग हुए वे भाजपा के साथ जाकर खड़े हो गए और महाराष्ट्र में सरकार बनाई। कहा जा रहा है कि जनादेश ने भाजपा के साथ वाली शिव सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को असली होने का प्रणाम पत्र दे दिया है। अब महाराष्ट्र में राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन की ही सरकार बनेगी, यह तय है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, इसके कयास भी लगने लगे हैं, क्योंकि महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर भाजपा ने शानदार वापसी की है। ज्यादा उम्मीद इसी बात की है कि एकनाथ शिंदे ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके पीछे राजनीतिक कारण यह भी माना जा रहा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सहयोगी दलों की जरुरत है, इसलिए भाजपा अपने सहयोगी दलों को अब नाराज नहीं कर सकती। दूसरी बात यह भी है भाजपा ने एकनाथ शिंदे को जिस प्रकार से चौकाने वाले अंदाज में मुख्यमंत्री बनाया था, वह हर किसी के लिए आश्चर्य ही था। अब यह भी हो सकता है कि भाजपा ने जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को उप मुख्यमंत्री बनाया, वही प्रयोग शिंदे के साथ भी किया जा सकता है।

## संपादकीय

### शिक्षा में अड़ंगे

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एमफिल या पीएचड़ी ड़िग्री कोर्सेज को ओपन या ड़िस्टेंस या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मेड़िकलङ्क इंजीनियरिंग समेत 18 कोर्सेज को भी ओपन ड़िस्टेंस मोड़ या ऑनलाइन मोड़ से चलाने पर रोक लगा दी है। फीजियोथेरेपी, फामेर्सी, नर्सिंग, डेंटल, आकिर्टेक्चर, कानून, कृषि, हॉर्टिकल्चर, होटल प्रबंधन, कैटरिंग, पाक विज्ञान, दृश्य कला, योगा जैसे कोर्स अब ऑनलाइन या ड़िस्टेंस से नहीं चलाए जा सकेंगे। डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी या मास्टर ऑफ फिलॉसफी उन्नत शोध ड़िग्री योग्यता हैं। उच्चतम शिक्षा पाने वाले चुनिंदा छात्र ही इन अति विशिष्ट कोर्स तक पहुंचते हैं। सरकार ने दूरदराज या अन्य क्षेत्रों में व्यस्त छात्रों के लिए घर से बैठ कर ये शिक्षा लेने की व्यवस्था की थी। मगर विश्वविद्यालयों की धांधली या निरंतर मिलने वाली शिकायतों के चलते यूजीसी को सख्त निर्णय लेने पड़ते हैं। प्रति वर्ष तमाम विश्वविद्यालयों को प्रतिबंधित करने या पाबंदियां लगाने संबंधी नोटिस जारी करता रहता है। कहना गलत नहीं है कि कुछ जरूरतमंद और उच्चतम शिक्षा प्राप्त करने को इच्छुक छात्रों को इससे असुविधा भी हो सकती है। आर्थिक तौर पर कमजोर वर्ग के ढेरों विद्यार्थी हैं, जो कोई रोजगार या नौकरी करते हुए अतिरिक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिहाज से ओपन या ऑनलाइन कोर्स में दाखिला लेने को मजबूर होते हैं। ऐसे जरूरतमंदों के लिए भी आयोग को रास्ता सुझाना चाहिए। आयोग का काम मान्यता की जांच करने की सलाह पर ही खत्म नहीं हो जाता। उसे सख्तीपूर्वक ऐसे किसी भी विश्वविद्याल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए क्योंकि इससे न केवल छात्रों का भविष्य चौपट होता है। बल्कि उनका बहुत सारा पैसा भी बर्बाद हो जाता है। विज्ञापनों द्वारा ऐसे संस्थान जब प्रचार कर रहे होते हैं, उसी वक्त इन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। दूसरे, दुनिया जब तकनीक और संचार व्यवस्था द्वारा शिक्षा को सुविधाजनक बना रही हैं, ऐसे में विवि की लापरवाही का खमियाजा छात्रों को भुगतने से बचाना भी आयोग का ही जिम्मा है।




# बिरयानी को पीछे छोड़ आईटी में आगे कैसे बढ़ा हैदराबाद



डॉ. आर.के.सिन्हा



अगर आप देश के किसी छोटे-बड़े शहर या महानगर में रहते है, तब आपको मालूम होगा कि आपके अड़ोस-पड़ोस के कुछ नौजवान नौकरी करने के लिए हैदराबाद भी चले गए हैं। यह भी मुमकिन है कि आपके अपने घर-परिवार से भी कुछ बच्चे अब तक चारमीनार और बिरयानी के लिए मशहूर हैदराबाद शहर की किसी टेक या फार्मा सेक्टर की कंपनी में जाकर काम करने लगे हों। दरअसल हैदराबाद गुजरे बीस-पच्चीस सालों में दुनिया के आई टे सेक्टर के नक्शे के केंद्रबिंदु पर आ गया है। शायद ही दुनिया की कोई मशहूर आईटी कंपनी हो, जिसके ऑफिस तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में न हो।

अगर आज हैदराबाद इस मुकाम पर पहुंचा है, तो इसका श्रे? आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को तो देना ही होगा। वरिष्ठ लेखक दिनेश सी. शर्मा ने अपनी हाल ही में प्रकाशित किताब बियॉन्ड बिरयानीः द मेकिंग ऑफ ए ग्लोबलाइज्ड हैदराबाद ( (बिरयानी से आगेः एक वैश्वीकृत हैदराबाद का निर्माण) में हैदराबाद के तेजी से बदले चेहरे की कहानी बयां की है। चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में अपने पूर्ववर्तियों द्वारा रखी गई ठोस वैज्ञानिक अनुसंधान और आर्थिक नींव का लाभ उठाया। हैदराबाद के आईटी पावर हाउस बनने से पहले ही यहां वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएलएसआईआर) की तरफ से प्रयोगशालाएं स्थापित हो चुकी थीं। यहां से योग्य वैज्ञानिक देश-दुनिया को मिल रहे थे। इसी तरह से यहां इंडियन ड्रग्ज एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) और इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन आफ इंण्डिया लिमिटेड (ईसीआईएल) जैसे संस्थान भी पहले से थे। इनका लक्ष्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना था। इन दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों ने तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधारसेतु विकसित कर दिया था, जिसने उद्यमियों के लिए नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए आधार तैयार किया। देश में 1991 के बाद आर्थिक उदारीकरण की हवा बहने लगी। लाइसेंस परमिट कोटा राज का बड़ी मुश्किल से ही सही, पर धीरे-धीरे अंत हुआ। इसके बाद 1993 में कर्नाटक सरकार ने दूसरे प्रौद्योगिकी एन्क्लेव के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क बनाने के लिए टाटा समूह और सिंगापुर स्थित कंपनियों को अपने साथ जोड़ा। उसे सफलता भी मिली। तब हैदराबाद में ऐसा कोई तकनीकी केंद्र विकसित नहीं हो पाया था। अब चंद्रबाबू नायडू 1995 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वह हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में बैंगलुरू को हराना चाहते थे। उन्होंने अपने सरकारी अफसरों को साफ कह दिया था कि हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में लंबी- ऊंची छलांग लगानी है। हैदराबाद के पास इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सब कुछ थाः तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधार, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और अनुसंधान संस्थानों और उद्यमियों की एक श्रृंखला, जो जोखिम उठाने को तैयार थी। लेकिन, हैदराबाद में बुनियादी ढाँचे का अभाव था जैसे एक प्रौद्योगिकी एन्क्लेव, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, अच्छी सड़कों का जाल और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा। चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने इन सब क्षेत्रों पर एक साथ काम किया और हैदराबाद की भारत और भारत से बाहर निवेशकों के बीच गंभीरता से मार्केटिंग भी की। उन्होंने विज्ञान पार्क मॉडल को अपनाया, जिसे पश्चिम के साथ-साथ दक्षिण कोरिया, ताइवान और मलेशिया जैसे पूर्वी एशियाई देशों में प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास और विकास के मॉडल के रूप में सफलतापूर्वक आजमाया गया था। बेशक, चंद्रबाबू नायडू ने साबित कर दिखाया कि अगर आप में इच्छा शक्ति हो तो आप अपने प्रदेश या देश की किस्मत बदल सकते हैं। वह पहली बार लगभग तीन दशक पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने अपने ससुर एनटी रामाराव को सत्ता से बेदखल कर दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने अपनी इमेज एक उद्योग-समर्थक और प्रौद्योगिकी-समर्थक वाले नेता की बनाई। उन्होंने हैदराबाद को आईटी हब के रूप में स्थापित करने में दिन-रात की मेहनत की। राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद वे माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स से मिले। उस मुलाकात के बाद से ही हैदराबाद बदलने लगा। वहां दुनिया भर की चोटी की आईटी कंपनियों ने अरबों रुपए का निवेश किया। बिल गेट्स किसी काम के लिए राजधानी दिल्ली में थे। चंद्रबाबू को पता चला कि गेट्स राजधानी में हैं। वह गेट्स से मिलने की कोशिश कर ही रहे ही थे। उनकी तरफ से अमेरिका एंबेसी के अधिकारियों से गुजारिश की गई कि उनकी ( नायडू) गेट्स से मुलाकात करवा दी जाए। उन्हें बताया गया कि गेट्स बहुत व्यस्त हैं, और अगर वे सच में उनसे मिलने को इच्छुक हैं तो वे शाम को ऐंबेसी में आयोजित पार्टी में शामिल हो जाएं। वहां गेट्स मिलेंगे। वहां तय समय पर नायडू पहुंच गए, गेट्स से मिलने। वहां दोनों मिले। नायडू ने एक लैपटॉप के माध्यम से गेट्स को प्रेंजटेशन दिया। इस तरह से प्रेजंटेशन देने वाले नायडू पहले भारत के नेता थे। यह सब देखकर गेट्स काफी प्रभावित हुए। इसके बाद हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट का विकास केंद्र स्थापित हुआ। उसके बाद तो हैदराबाद और आंध्र प्रदेश में दर्जनों आईटी कंपनियों ने तगड़ा निवेश किया।

खैर, हैदराबाद की बात होगी तो बिरयानी की चर्चा तो अवश्य ही होगी ही। दिनेश सी. शर्मा बियोंड बिरयानी में हैदराबादी बिरयानी की अखिल भारतीय स्तर पर लोकप्रियता को आर्थिक उदारीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण से जोड़कर देखते हैं। पिछले साल जोमेटो से हरेक सेंकिड 3.19 बिरयानी के ऑर्डर दिए गए। उधर स्विगी को हरेक सेंकिड 2.5 ऑर्डर मिले। इनकी कुल संख्या करोड़ों में है। इनमें सर्वाधिक ऑर्डर हैदराबादी बिरयानी के लिए थे। बीते दो-तीन दशकों के दौरान हैदराबाद की टेक और फार्मा कंपनियों में काम करने के लिए देशभर से नौजवान पहुंचने लगे। इसी तरह से हैदाराबादी भी अपने शहर से कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले। इस तरह की दो-तरफा आवाजाही से हैदराबादी बिरयानी लोकप्रिय होती गई और बिरयानी बेचने वालों की चांदी हो गई। बिरयानी समोसे की तरह, मध्य एशिया से भारत आई। कहा यह भी जाता है कि केरल का मालाबार वह इलाका है जहां अरब व्यापारी सबसे पहले आए। वे अपने साथ बिरयानी भी लाए। बिरयानी अब हमारी हो चुकी है। हालांकि हैदराबादी बिरयानी के कद्रदान कहते हैं कि हैदराबादी बिरयानी के सामने मुरादाबादी, दिल्ली और मालाबर की बिरयानी को उन्नीस ही हैं। हैदराबादी बिरयानी में मसालेदार, पका हुआ चावल, मांस और नारियल और केसर का तड़का लगाया जाता है। अगर इसे कायदे से बनाए तो खाने वाले का पेट भर सकता है, पर नीयत नहीं। बहरहाल, हैदराबाद की पहचान अब सिर्फ बिरयानी भर से ही नहीं होती। हैदराबाद अब आई टी का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## चिंतन-मनन

### ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?

अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवसः चिंताजनक है महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए विश्वभर में ह्यअंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवसह्न मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरूद्ध हिंसा रोकने के ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन बहनों पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल द्वारा डोमिनिक शासक रैफेल ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किए जाने पर उस क्रूर शासक के आदेश पर 25 नवम्बर 1960 को उन तीनों की हत्या कर दी गई थी। वर्ष 1981 से उस दिन को महिला अधिकारों के समर्थक और कार्यकर्ता उन्हीं तीनों बहनों की मृत्यु की पुण्यतिथि के रूप में मनाते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसम्बर 1999 को एकमत से हर साल 25 नवम्बर का दिन ही महिलाओं के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने के लिए निर्धारित किया गया। सरकारों, निजी क्षेत्र और प्रबुद्ध समाज से यौन हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि महिलाओं के प्रति हिंसा विश्व में सबसे भयंकर, निरन्तर और व्यापक मानव अधिकार उल्लंघनों में शामिल है, जिसका दंश विश्व में हर तीन में से एक महिला को भोगना पड़ता है।

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा ह्यसंयुक्त राष्ट्र महिलाह्न का गठन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। महिलाओं को हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है, उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है।

भारत के संदर्भ में महिला हिंसा को लेकर आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति काफी चिंताजनक है। हालांकि 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, यौन हिंसा रोकने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उसके बाद लगने लगा था कि समाज में इससे संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे किन्तु विड़म्बना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड और उसके बाद के वर्षों में सामने आ चुके महिला अपराधों के कई अन्य जघन्य मामलों के बाद भी हालात यह हैं कि कोई दिन ऐसा नहीं बीतता, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम पुलिस-प्रशासन को कोसते हुए संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालकर या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन कर रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा महिला हिंसा की छोटी-बड़ी घटनाएं तो बदस्तूर होती ही रहती हैं। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है। प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मयार्दा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कोलकाता की महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और नृशंस हत्या का मामला हो या हैदराबाद की बेटी दिशा का या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं।

## एक नजर

### राधाकृष्ण किशोर की जीत पर रामानंद पांडेय ने दी बधाई



**पाटन(पलामू) :** पाटन बीस सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडेय ने राधाकृष्ण किशोर की जीत पर बधाई दी। कहा कि यह जीत निश्चित रूप से प्रदेश के नेतृत्व में सहायक बनेगी। राधाकृष्ण किशोर राजनीति के क्षेत्र में एक मंजे हुए नेता के रूप में जाने जाते हैं। छतरपुर-पाटन विधानसभा से उनकी यह छठी जीत है। जो यह दशार्ता है कि चुन्नू राम जन-जन के ह्रदय में बसने वाले नेता हैं। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि चुन्नू राम आने वाले पांच सालों में पाटन-छतरपुर विधानसभा का नाम विकास के क्षेत्र में पूरे झारखंड में रौशन करने का काम करेंगे। कहा कि क्षेत्र समृद्ध बनेगा। चुन्नू राम मंत्री बनेंगे।

### कुएं से युवक का शव बरामद, भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**मेदिनीनगर(पलामू) :** जिले से बेहद दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां कोरियाडीह के चेक डैम के बगल में स्थित एक कुआं से शव बरामद हुआ। जिसकी पहचान पाटन प्रखंड के खामही निवासी 35 वर्षीय भूषण दुबे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भूषण 21 नवंबर की रात घर से निकले थे। जब काफी देर तक भी वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की। लेकिन वो नहीं मिले। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाटन के थाना प्रभारी लाल जी एवं किशनपुर के ओपी प्रभारी निलेश कुमार सहायक अवर निरीक्षक प्रभात किरण के नेतृत्व में शव को कुआं से निकला गया। जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव एमएमसीएच भेजा गया। इधर मृतक के बड़े भाई ने गांव के तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### विधायक ने जीत के अगले दिन सुनी जनता की समस्याएं

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के विधायक के रूप में चुने गए प्रदीप प्रसाद ने जीत के अगले ही दिन रविवार को जनता से सीधे संवाद कर जनसेवा का परिचय दिया। उन्होंने रविवार को कार्यालय परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। उपस्थित लोगों ने क्षेत्र में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को प्रसाद के सामने रखा। प्रसाद ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों से तत्काल संपर्क कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। जल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए पानी टैंकर की व्यवस्था की जाएगी और बंद पड़ी योजनाओं को पुनः सक्रिय किया जाएगा। साथ ही जर्जर सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ करने का आश्वासन दिया। नवनिर्वाचित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मेरी जीत जनता की जीत है। अब मेरा पहला कर्तव्य है कि क्षेत्र की हर समस्या को हल करूं और विकास की नई गाथा लिखूं। जनता के विश्वास को मैं पूरी ईमानदारी और लगन से निभाऊंगा। इस पहल से क्षेत्रीय जनता में उत्साह देखा गया। लोगों ने विधायक प्रदीप प्रसाद के त्वरित प्रयासों और उनकी सक्रियता की सराहना की।

# पलामू के पांच सीट पर था भाजपा का कब्जा, अब दो पर सिमटा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर(पलामू) :** विधानसभा चुनाव की मतगणना के दिन मोहम्मदगंज पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह और एसआई शेख अमानुल्लाह के नेतृत्व में पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त की और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात थी। पुलिस की मुस्तैदी और सतर्कता के कारण पूरे दिन क्षेत्र में शांति का माहौल बना रहा। प्रमुख चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती रही, लोग अपने घरों में आराम से चुनावी नतीजे देखने में व्यस्त रहे। चाय और पान की दुकानों पर तो भीड़ देखने को मिली। लोग वहां पर चुनावी परिणामों के बारे में चर्चा करते दिखे, लेकिन बाकी दुकानों पर ग्राहकों की कमी रही। लोग ज्यादातर मोबाइल और टीवी पर चुनाव के नतीजे देख रहे थे, जिससे बाजार में रौनक कम रही। बाजार और आवागमन सामान्य रहा, लेकिन लोग अधिकतर जरूरी कामों के लिए ही बाहर निकले। पुलिस और प्रशासन के अच्छे समन्वय से मतगणना का दिन पूरी तरह से शांतिपूर्वक और सुरक्षित तरीके से बीत गया। क्षेत्रवासियों ने भी शांति बनाए रखने में पूरा सहयोग दिया, जिससे पूरे दिन कोई बड़ी घटना नहीं हुई। देखा जाए तो पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्रों के परिणाम वैसे तो किसी भी दल के लिए निराशाजनक नहीं हैं। क्योंकि यहां से भाजपा और राजद ने 2- 2 सीट प्राप्त किए हैं। वहीं कांग्रेस को भी एक सीट पर जीत हासिल हुई है। लेकिन इस परिणाम ने राज्य के साथ पलामू में भी भाजपा को सबक सिखाने और राजद तथा कांग्रेस जैसी पार्टियों को एक बार से अपने खोए हुए जनाधार को वापस दिलाने वाला रहा है। क्योंकि यदि देखा जाए तो पिछली बार इंडिया (तब यूपीए) को यहां कोई सीट नहीं मिला था। एक सीट एनसीपी को और चार सीट भाजपा ने जीती थी। फिर बाद में एनसीपी विधायक कमलेश सिंह के भाजपा में आ जाने से पलामू के सभी पांच विस क्षेत्र पर भाजपा का ही कब्जा हो गया था। लेकिन इस चुनाव में भाजपा को केवल दो सीट मिले हैं, वहांभी उसकी जीत मामूली मतों से हुई है। भाजपा का जनाधार तोड़ा इस तरह देखा जाए तो इस रिजल्ट ने यह साबित किया है कि पलामू पर भाजपा के एकाधिकार को इंडिया एलायंस ने न सिर्फ बड़ी चुनौती दी है, बल्कि भाजपा के जनाधार को भी तोड़ा है। हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान योजना का जादू यहां भी चला और मोदी की तरह लोगों ने इंडिया प्रत्याशियों को भुलाकर हेमंत सोरेन के नाम पर वोट दिया। इसके साथ ही मृतप्राय हो चुके राजद को इस जीत की संजीवनी ने एक नई ऊर्जा प्रदान की है। कांग्रेस को भी जीत से अपने जनाधार को एक ठौर प्राप्त होगा।

## रेलवे लाइन के ब्रिज निर्माण में लगी मशीनों में उग्रवादियों ने की आगजनी



**चतरा :** जिले के शिवपुर-कठौतिया रेल लाईन के निर्माण में लगी आईएससी कंस्ट्रक्शन कंपनी के टंडवा थाना क्षेत्र के बुकरू गांव स्थित ब्रिज संख्या 103 के निर्माण में लगी पोकलेन मशीन और एक हाइड्रा मशीन में हथियारबंद उग्रवादियों ने आगजनी की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाया। टंडवा पुलिस रविवार को उग्रवादियों के धर-पकड़ के लिए अभियान चला रही है। ब्रिज निर्माण में लगे वर्करों को उग्रवादी घटना की जानकारी मिली तो वर्करों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने वर्करों के सहारे घंटों मशक्कत के बाद हाइड्रा मशीन में लगी आग को तो बुझा लिया लेकिन पोकलेन मशीन में लगी आग को बुझाने में वे असफल रहे, जिससे पोकलेन मशीन जलकर बर्बाद हो गया। जानकारी के अनुसार, बीती देर रात्रि छह से अधिक की संख्या में हथियारबंद उग्रवादी पहुंचे और आगजनी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस घटना की जानकारी जुटाने के बाद आगजनी की घटना में शामिल उग्रवादियों के धड़-पकड़ को लेकर अभियान में जुट गई है। घटना को अंजाम देने वाले उग्रवादियों ने घटनास्थल पर पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के नाम पर हस्तलिखित पोस्टर भी छोड़ा है, जिसमें संवेदक सहित कोयला कारोबारियों को धमकी दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल करने में जुटी है।

## अनुशासन, कर्तव्य, निष्ठा और जन सेवा का आधार है एनसीसी : डॉ आशुतोष कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** एनसीसी के स्थापना दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के छात्रों ने अपना कर्तव्य कौशल दिखाते हुए खोड़ाहर के बिरहोर बस्ती में जन सेवा कर सभी लोगों के समक्ष उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़, एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर दीपक शरण के साथ वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, वीरेंद्र तिवारी और फूलमती कुमारी ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन सबों के द्वारा बिरहोर बस्ती में उनके बीच गर्म कपड़े, खाद्य सामग्री के साथ साथ हर प्रकार की सहायता प्रदान करने का हर संभव प्रयास किया गया। प्राचार्य ने कहा कि जन सेवा सबसे बड़ी सेवा है। जिसके करने से आत्मिक संतुष्टि के साथ साथ समाज को आगे बढ़ाने का सुख भी प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जब तक हम समाज के हर व्यक्ति को अपने साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे तभी हमारा समाज उन्नत विकसित और सुदृढ़ होकर हम सबों के सामने प्रस्तुत होगा। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में पठन-पाठन के साथ-साथ कर्तव्य निष्ठा जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व का विकास होता है। बिरहोरों की बस्ती में टिकली देवी, गीता देवी, सुनीता देवी और शांति देवी के साथ-साथ अन्य सभी महिला और पुरुष ने अपने लेखन कौशल का परिचय देते हुए शिक्षा को अपनाने का प्रण लिया। प्राचार्य ने बिरहोर बच्चों के शिक्षण हेतु ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बरही के समाज में डीएवी के द्वारा किया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के एनसीसी छात्रों का नेतृत्व भारती कुमारी के द्वारा किया गया। इन सभी छात्रों ने एनसीसी की स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय की प्रार्थना सभा का भी कुशल संचालन किया। इस अवसर पर एनसीसी के ऑफिसर डॉक्टर दीपक शरण ने प्राचार्य के द्वारा उठाए गए कदमों को सदैव आगे बढ़ने का प्रण लिया और कहा कि हम सदैव आपके मार्गदर्शन में हर प्रकार की जनसेवा का कार्य करते रहेंगे।

## पूर्व विधायक अंबा के घर पर पथराव, टूटी गाड़ी को बताई जनसेवा की पहली तस्वीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** बड़कागांव विधानसभा सीट के चुनाव नतीजे आने के बाद सबसे पहला हमला पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर हुआ है। उनके घर पर रविवार की सुबह कुछ लोगों ने पथराव किया। इस पथराव में उनकी मारुति गाड़ी के शीशे टूट गए हैं। पथराव के पीछे नवनिर्वाचित विधायक के दबंग समर्थकों का हाथ होने का आरोप अंबा प्रसाद ने लगाया है। अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया पर अपनी टूटी हुई गाड़ी की तस्वीर पोस्ट की है और कहा है कि क्या यही है जनसेवा की आपकी पहली तस्वीर? अंबा प्रसाद ने कहा कि अभी कल ही चुनाव के नतीजे आए और आज नव निर्वाचित विधायक के समर्थकों ने हमारी गाड़ी का शीशा तोड़कर अपनी दबंगई का प्रदर्शन किया। आखिर ऐसी क्या व्यक्तिगत दुश्मनी है आपकी मुझसे? जनता ने आपको सेवा और विकास के लिए चुना है, न कि डर और गुंडागर्दी फैलाने के लिए। दर्द सिर्फ. टूटे हुए शीशे का नहीं, बल्कि टूटते भरोसे और बिगड़ती सियासत का है। अंबा प्रसाद ने जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है।

## रामदास साहू के नेतृत्व में निकला विजय जुलूस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पांकी (पलामू) :** पांकी विधानसभा क्षेत्र से जीते भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की जीत पर कई जगह विजय जुलूस निकला। व्यवसायी सह समाजसेवी रामदास साहू के नेतृत्व में लेस्लीगंज व मनातू में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में गाजे-बाजे के साथ काफी संख्या में लोग शामिल हुए। रामदास साहू ने कहा कि कुशवाहा शशिभूषण मेहता की जीत विकास की जीत है। पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में विधायक मेहता ने हर क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं। उन्होंने लोगों में भरोसा कायम किया है। इसी विकास के आधार पर पांकी विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता दोबारा कुशवाहा शशिभूषण मेहता को नेतृत्व सौंपा है। डॉक्टर मेहता, क्षेत्र के विकास के लिए वचनबद्ध हैं, उनके नेतृत्व में विकास सुदूर गांव तक पहुंचेगा।

# संस्कृतिक पाठशाला की 57वीं कड़ी 'साझी विरासत और साझी संस्कृति' पर चर्चा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर(पलामू) :** संस्कृतिक पाठशाला की 57 वीं कड़ी के तहत साझी विरासत और साझी संस्कृति विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। उक्त परिचर्चा एकेडमिक गुरु के हाल में आयोजित थी। इस परिचर्चा के बाद 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर इप्टा द्वारा आयोजित स्पॉट पेंटिंग में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं के बीच सम्मान पत्र का वितरण किया गया। आयोजित परिचर्चा कला गुरु आशा शर्मा और शिक्षक गोविंद प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। परिचर्चा के दौरान प्रेम प्रकाश ने छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए सवाल किया कि समाज में दो तरह के तत्व हैं- एक जोड़ने वाला और दूसरा तोड़ने वाला। आप सभी बच्चे इन तत्वों की पहचान कीजिए और यह बताइए कि तोड़ने वाला कौन तत्व कौन है और जोड़ने वाला कौन है। छात्र-छात्राओं ने नदी, पहाड़, जंगल, भाषा, कला, संस्कृति एवं साहित्य समाज को आपस में जोड़ने वाले तत्व एवं भेदभाव, जाति, धर्म को तोड़ने वाले तत्व के रूप में चिन्हित किया। इस विषय पर आशा शर्मा, गोविंद प्रसाद, घनश्याम कुमार एवं कुलदीप राम ने भी अपने विचार व्यक्त किया। इसके बाद इसके बाद के कलाकारों ने साझी विरासत और साझी संस्कृति को प्रतिबिंबित करता हुआ गीत हिंदू और मुसलमान की जान कहां है मेरा हिंदुस्तान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी चित्रकार छात्र-छात्राओं के बीच माही कुमारी, साक्षी कुमारी, अंशु कुमारी, सत्यम शर्मा, अस्तित्व कुमार, खुशी तिवारी, नेहा कुमारी, सौम्या फलक, साक्षी कुमारी 2, स्वाति प्रिया, अन्य दे अनन्या डे, भाव्यश प्रकाश, प्रियांशु कुमार सहित 66 लोगों के बीच सम्मान पत्र वितरित किया गया। सम्मान पत्र वितरण के बाद एटा के कलाकारों ने सोने वाले जाग समय अंगड़ाता है गीत प्रस्तुत करते हुए रविशंकर ने धन्यवाद प्रेषित किया। मौके पर इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अभिभावक दीपक तिवारी, प्रदीप कुमार डे, वंदना डे, सिंह सहित रवि शंकर, शशि पांडे, संजीव कुमार संजू, संजीत दुबे, धीरेंद्र कुमार, घनश्याम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ममता भुइयां और सुधीर हुए फिसड्डी साबित



**मेदिनीनगर(पलामू) :** इस विधानसभा में लोकसभा चुनाव में दूसरे स्थान पर रहने वाली ममता भुइयां और विश्रामपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी सुधीर कुमार कोई कमाल नहीं दिखा सके। दोनों ही नेताओं का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। छह माह पहले हुए संसदीय चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर ममता भुइयां राजद में शामिल हुई थीं। राजद ने उन्हें पलामू लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में ममता भुइयां को 4 लाख 81 हजार वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव में सफलता नहीं मिलने पर ममता भुइयां छतरपुर विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहती थी। राजद से टिकट नहीं मिलने मिलता देख समाजवादी पार्टी का दामन चुनाव लड़ने के लिए थाम लिया। मगर इस चुनाव में ममता को महज 4594 वोट ही आए। वहीं ददई दुबे के जमाने में कांग्रेस का मजबूत आधार वाले विश्रामपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर कुमार को महज 2679 वोटों से संतोष करना पड़ा। फ्रेंडली फाइट वाले दोनों सीट जीते इंडिया गठबंधन जिले के दो सीटों विश्रामपुर और छतरपुर में अपने ही गठबंधन दल के साथ फ्रेंडली फाइट में थी। इसका नुकसान होने का अंदेशा था और फायदा भाजपा को होने का अनुमान लगाया जा रहा था। मगर फिर भी दोनों सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में गई। छतरपुर सीट कांग्रेस क खाते में जाने के बाद भी राजद ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। राजद प्रत्याशी विजय को को 20963 वोट मिले हैं। विश्रामपुर में राजद के समाने कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार उतार दिया था। यहां से कांग्रेस उम्मीदवार सुधीर कुमार सिर्फ 2679 वोट ला सके।

### रजवाडीह के मध्य विद्यालय में मना जनजातीय गौरव पखवाड़ा

**मेदिनीनगर(पलामू) :** पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध, भाषण, क्वीज व चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता अर्पणा, अनुराग, सोनाली, अमित, प्राची, निशा, मनीषा, अंजलि, निकिता, साक्षी, संजना, रौनक, पिहु, खुशबू, सूरज, नंदनी, नैंसी, सोनम, जितेन्द्र, अमन और निशु को पुरस्कृत किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में बच्चों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र को उकेरकर अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि आयोजन के माध्यम से बच्चों को जनजातीय गौरव से अवगत कराया जा रहा है। दुनिया को खूबसूरत बनाने में जनजातीय समुदाय की भूमिका सराहनीय और अनुकरणीय है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर, लैब इंस्टेक्टर अनूप मिश्रा, बीएड प्रशिक्षु अभय कुमार व अभिषेक तिवारी सक्रिय रहे।

### रोटरी स्कूल चैनपुर में कफोलॉजी पाठशाला का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर(पलामू) :** रोटरी स्कूल-चैनपुर में कफोलॉजी पाठशाला सही सार्वजनिक जागरुकता कार्यक्रम किया गया। जागरूकता कार्यक्रम ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड फाउंडेशन ने आयोजित किया। बच्चों को कफोलॉजी यानी खांसी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। खांसी से संबंधित कारण, बीमारी और उसका उपचार बताया और बच्चों को व्यक्तिगत रूप से भाग लेने के लिए सभी को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय, राकेश वर्मा, डॉ अंजनी बाला, अभिजीत रंजन आदि सक्रिय रहे।

### झामुमो की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**हजारीबाग :** झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन को मिली प्रचंड बहुमत पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, पठाखे छोड़े और नागपुरी गाने की धुन पर खूब थिरके। चंदन सिंह ने कहा कि प्रदेश की जनता ने हेमंत सोरेन की सरकार पर भरोसा व्यक्त किया है। जहां एक ओर पूरी केंद्र की सरकार और कई राज्यों के मुख्यमंत्री हेमंत सरकार को हराने में लगे थे, वहीं प्रदेश की जनता ने यह साबित कर दिया है कि झारखंड प्रदेश में बांटने की राजनीति नहीं चलने वाली। जनता को सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। सरकार की मइया सम्मान, बिजली बिल माफी और पुरानी पेंशन बहाली को जनता ने खूब सराहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से साजन मेहता, गोलू सिंह, सुनील कुमार, आजाद, सौरब, दिलीप कुमार, विवेक,सुमन, नितेश, अभिषेक, सूरज, निर्मल राम और अनीश के साथ कई अन्य उपस्थित थे।

### मांडू के नव निर्वाचित विधायक ने सुदेश महतो के लिए सीट खाली करने का किया फैसला



**रामगढ़ :** झारखंड विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पूरे झारखंड में आजसू का झंडा मांडू विधानसभा सीट से निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने फहराया है। वे इकलौते विधायक वर्तमान समय में रहेंगे जो विधानसभा में पार्टी का नेतृत्व करेंगे। शपथ लेने से पहले ही निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने रविवार को एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के लिए अपनी सीट खाली करने का फैसला किया है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो को एक पत्र लिखा और कहा है कि वे उनके लिए मांडू विधानसभा सीट खाली करेंगे। साथ ही उन्हें जिताकर विधानसभा भेजेंगे। इस पर अब आखिरी फैसला सुदेश महतो लेंगे।

### भाजपा नेता बिनोद पासवान ने बरही विधायक मनोज यादव को दी जीत की बधाई



**बरही :** भाजपा नेता बिनोद पासवान ने बरही विधानसभा से विधायक मनोज यादव को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, यह जीत जनता के विश्वास और मनोज यादव की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हम पूरी पार्टी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और आशा करते हैं कि वे अपने कार्यकाल में बरही विधानसभा क्षेत्र की समृद्धि और विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। साथ ही, बिनोद पासवान ने मनोज यादव के नेतृत्व में बरही क्षेत्र में जनता की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की उम्मीद जताई।

# केन्या में हवाई अड्डा संचालन के लिए कभी नहीं किया समझौता: अदाणी समूह

**- परियोजना सेबी के प्रकटीकरण नियमों के दायरे में नहीं आती**

**नई दिल्ली ।**

अरबपति अदाणी के समूह ने कहा कि उसने केन्या के मुख्य हवाई अड्डे के संचालन के लिए कोई समझौता नहीं किया है। केन्या में 30 वर्षों के लिए प्रमुख विद्युत पारेषण लाइनों के निर्माण और संचालन के लिए पिछले महीने हस्ताक्षरित समझौते के बारे में समूह ने कहा कि यह परियोजना सेबी के प्रकटीकरण नियमों के दायरे में नहीं आती, इसलिए इसके रद्द होने पर किसी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है। समूह ने शेयर बाजारों द्वारा भेजे गए नोटिसों का जवाब देते हुए यह बात कही। शेयर बाजारों ने समूह के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो द्वारा खरीद प्रक्रिया को रद्द करने के बारे में आ रही खबरों की सच्चाई जाननी चाही थी। सौदे के तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण अदाणी समूह की कंपनी को मिलना था। हवाईअड्डा कारोबार का संचालन करने वाली अरबपति गौतम अदाणी के समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने इस साल अगस्त में हवाई अड्डों के उन्नयन, आधुनिकीकरण और




प्रबंधन के लिए केन्या में एक अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी स्थापित की थी। कंपनी ने कहा कि कंपनी उक्त परियोजना के लिए संबंधित प्राधिकरण के साथ चर्चा कर रही थी, लेकिन आज तक न तो कंपनी और न ही इसकी अनुषंगी कंपनियों को (1) केन्या में कोई हवाई अड्डा परियोजना दी गई है, या (2) केन्या में किसी हवाई अड्डे के संबंध में कोई बाध्यकारी या निश्चित समझौता नहीं किया गया है। उसने केन्या द्वारा हवाई अड्डा सौदे को रद्द करने की खबरों की पुष्टि या खंडन नहीं किया।

# जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने लॉन्च की विंडसर कार

**नई दिल्ली ।**

हाल ही में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार विंडसर लॉन्च की है। यह कार एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रूप का जॉइंट वेंचर है। इस मॉडल विंडसर की शुरुआती कीमत 10 लाख रुपये से कम हो गई है, जो इसे इलेक्ट्रिक कार बाजार में एक किफायती विकल्प बनाता है।

विंडसर को अक्टूबर 2024 में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जिसमें 20,000 से अधिक बुकिंग्स और 3,000 यूनिट्स की बिक्री हुई। बीएएएस का ऑप्शन 15 प्रतिशत ग्राहकों द्वारा चुना गया, और कंपनी ने अक्टूबर में 4,878 यूनिट्स की बिक्री की, जिससे वह भारत की दूसरी सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी बन गई। जेएसडब्ल्यू एमजी की मार्केट शेयर सितंबर में 16.5 प्रतिशत से बढ़कर नवंबर के पहले 20 दिनों में 34 प्रतिशत हो गई। इस सफलता का कारण कार की सस्ती कीमत और बीएएएस जैसी नई टेक्नोलॉजी है, जो ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रिक कार को अधिक किफायती बनाती है।



कंपनी का लक्ष्य 2028 तक 60-70 प्रतिशत सेल्स न्यू एनर्जी व्हीकल्स से प्राप्त करना है। जेएसडब्ल्यू एमजी ने इस साल अपने सबसे सस्ते इलेक्ट्रिक मॉडल कॉमेट को भी बीएएएस मॉडल पर पेश किया है, जिससे ग्राहकों को और भी किफायती विकल्प मिल रहे हैं। जेएसडब्ल्यू एमजी का उद्देश्य 2030 तक इलेक्ट्रिक कार बाजार में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करना है। इस कार में खास बैटरी एज़ ए सर्विस का विकल्प दिया गया है, जिससे ग्राहक बैटरी खरीदने की बजाय हर किलोमीटर पर औसतन 3.5 रुपये का किराया चुकाते हैं।

# अदाणी समूह की 11 कंपनियों पर अमेरिका में कोई अभियोग नहीं : सीएफओ

**- समूह की कोई भी कंपनी अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा दायर मामले में प्रतिवादी नहीं**




**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी जुगेशिंदर सिंह ने समूह पर लगाए गए फर्जीवाड़े के आरोपों का खुलासा` किया है। जुगेशिंदर सिंह ने अदाणी ग्रीन कंपनी से जुड़े अनुबंध को लेकर उठाए गए आरोपों को नकारा और बताया कि समूह की कोई भी कंपनी अमेरिकी न्याय मंत्रालय द्वारा दायर मामले में प्रतिवादी नहीं है। उन्होंने एक एक्स पोस्ट के माध्यम से बताया कि समूह की 11 सार्वजनिक कंपनियों या उनकी सहायक कंपनियों में से कोई भी अमेरिकी न्याय मंत्रालय (डीओजे) द्वारा दायर मामले में प्रतिवादी नहीं है, न ही उन पर गलत काम करने का आरोप है। उन्होंने भी यह जानकारी दी कि समूह ने अपने ऑफरिंग सर्कुलर में संभावित जोखिमों का खुलासा किया था, जिसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। सिंह ने कहा कि कुछ असत्य खबरों के चलते उनके खिलाफ सनसनी फैला दिया जा रहा है, और वह कानूनी इलिंग में उल्लिखित मामले की विस्तृत समीक्षा के बाद प्रतिक्रिया देंगे। उन्होंने दुरुपयोग को नकारते हुए कहा कि कोई भी न्यायिक फैसला अब तक नहीं हुआ है और आरोपी को निर्दोष माना जाना चाहिए। वह व्यक्ति समूह ने परिषद की मंजूरी मिलने के बाद अधिक टिप्पणी करने का एलान किया है और उन्होंने भी आलेखिक नई सोच के मामलों पर सार्वजनिक चर्चा करने का आदेश दिया है। अदाणी समूह ने पहले से ही अमेरिकी न्याय मंत्रालय और प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग के आरोपों का खंडन किया था।

# भारत सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देगी

**इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन बढ़ाने और चीन पर निर्भरता घटाने भारत देगा 4-5 अरब डॉलर**

**नई दिल्ली।**

भारत सरकार ने देश में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के पुर्जों के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाई है। इस योजना के तहत सरकार 5 अरब डॉलर तक का प्रोत्साहन देने की योजना बना रही है। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योग को मजबूत करना और चीन से आयात पर निर्भरता को कम करना है। दो सरकारी अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है।

पिछले छह सालों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 2024 में 115 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इसमें एप्पल और सेमसंग जैसी वैश्विक कंपनियों की मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में बढ़ोतरी का बड़ा योगदान है। भारत अब दुनिया का चौथा सबसे बड़ा स्मार्टफोन सप्लायर बन गया है।

यहां तक कि इस सेक्टर की आलोचना इसके पुर्जों के आयात पर भारी निर्भरता के लिए की जा रही है, खासकर चीन जैसे देशों से।

इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने यह योजना तैयार की है। नई योजना से प्रिंटेड सर्किट बोर्ड जैसे मुख्य पुर्जों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

इससे घरेलू वैल्यू एडिशन बढ़ेगा और इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए स्थानीय सप्लाई चेन मजबूत होगी।

यह योजना अगले 2-3 महीनों में लॉन्च की जा सकती है। इसमें वैश्विक या स्थानीय कंपनियों को 4-5 अरब डॉलर तक का प्रोत्साहन देने की उम्मीद है। इस योजना की अंतिम मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय की जल्द ही मंजूरी देने की उम्मीद है। नीति आयोग के अनुसार, भारत का लक्ष्य 2030 तक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाना है, जिसमें 150 अरब डॉलर के पुर्जों का निर्माण शामिल है। इस योजना के लॉन्च होने पर भारत वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के लक्ष्यों को हासिल करने की संभावना है।

सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के प्रमुख अधिकारी ने भी इस योजना की महत्वकांक्षा को साबित करते हुए कहा है कि यह योजना भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स मंदी में बड़े लक्ष्यों की ओर अग्रसर कर सकती है।

इसके लिए सरकार ने मुख्य उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई है जिसके तहत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्थानीय निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा।

# वैश्विक रुझान से शेयर बाजारों की दिशा तय होगी

**- महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी बाजार सोमवार को प्रतिक्रिया देगा**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह वैश्विक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी बाजार सोमवार को प्रतिक्रिया देगा। बाजार के` विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू मोर्चे पर महाराष्ट्र और झारखंड चुनावों के नतीजे बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण हैं। खासकर महाराष्ट्र जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने एकतरफा जीत दर्ज की है। हालांकि, वैश्विक कारक बाजार के लिए जोखिम पैदा करते रहेंगे। रूस और यूक्रेन के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर इंडेक्स में मजबूती और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी से रुपये पर दबाव पड़ रहा है, जिससे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से रिकॉर्ड निकासी हो रही है। उन्होंने कहा कि बाजार की दिशा के लिए एफआईआई का प्रवाह महत्वपूर्ण रहेगा। महाराष्ट्र चुनाव में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और झारखंड में इंडिया गठबंधन ने अपनी सत्ता बरकरार रखी है। विश्लेषकों का




कहना है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और रुपये-डॉलर का उतार-चढ़ाव भी बाजार को प्रभावित करेगा। वैश्विक स्तर पर पर अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा भी निवेशकों की धारणा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीडीपी सहित व्यापक आर्थिक संकेतक बाजार के लिए महत्वपूर्ण होंगे। बाजार भागीदारों की निगाह एफआईआई के प्रवाह पर रहेगी, खासकर हाल के समय की उनकी बिकवाली को देखते हुए।

## अमेरिकी भागीदार के साथ नई इलेक्ट्रिक बाइक बना रही हीरो मोटोकॉर्प

**- नई इलेक्ट्रिक बाइक मध्यम वजन खंड में आएगी**

**नई दिल्ली ।**

हीरो मोटोकॉर्प अपनी अमेरिकी भागीदार जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ एक नई इलेक्ट्रिक बाइक का विकास कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कैलिफोर्निया की कंपनी जीरो मोटरसाइकिल्स इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल और पावरट्रेन में विशेषज्ञता रखती है। सितंबर, 2022 में हीरो मोटोकॉर्प के निदेशक मंडल ने कंपनी में छह करोड़ अमेरिकी डॉलर तक के इक्विटी निवेश को मंजूरी दी थी। वर्ष 2023 में कंपनियों ने प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक के विकास के लिए सहयोग की घोषणा की थी। हीरो मोटोकॉर्प के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि जहां तक ईवी मोटरसाइकिल की बात है तो हम जीरो मोटरसाइकिल्स के साथ साझेदारी में इसका विकास कर रहे हैं, यह मध्यम वजन खंड में आएगी। उन्होंने कहा कि यह अग्रिम चरण में है। हमने अभी तक इसके लिए समयसीमा की घोषणा नहीं की है, लेकिन हम कुछ ऐसा देख रहे हैं जो बहुत दूर नहीं होगा।




## हुंडई मोटर नॉर्थ अमेरिका ने 42,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाया

**न्यूयॉर्क ।** हुंडई मोटर नॉर्थ अमेरिका ने एक बयान जारी करके घोषणा की कि वे 42,000 से अधिक वाहनों को वापस बुलाने जा रहे हैं। इस निर्णय का मुख्य कारण एक वायरिंग समस्या है, जो इन वाहनों के रोलिंग को खतरे में डाल सकती है। अमेरिकी नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन की जानकारी अनुसार इस समस्या को 2025 हुंडई सेंटा और हुंडई टक्सन मॉडल्स में पाया गया है। इन वाहनों में एक गंभीर ट्रांसमिशन दोष है जिसके कारण ये वाहन बिना ब्रेक पैडल दबाए पार्क मोड से बाहर शिफ्ट हो सकते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना है।

## पीजी इलेक्ट्रो प्लास्ट के शेयर ने निवेशकों को किया मालामाल

**- 1 लाख रुपये लगाने वाला भी बना करोड़पति**

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज और प्लास्टिक मोल्डिंग सेक्टर की कंपनी पीजी इलेक्ट्रो प्लास्ट के शेयर ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। पांच साल पहले इस शेयर की कीमत केवल 3.77 रुपये थी, जो अब बढ़कर 680 रुपये हो गई है। ऐसा नहीं है कि इस मल्टीबैगर स्टॉक ने केवल लॉन्ग टर्म में ही शानदार रिटर्न दिया है, पिछले छह महीनों में ही इसकी कीमत में 187 फीसदी का इजाफा हो चुका है। पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट, कंज्यूमर ड्यूरेबल और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग सेवाएं देती है। 2003 में स्थापित यह कंपनी ओरिजिनल डिजाइन मैन्युफैक्चरिंग, ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग और प्लास्टिक इंजेक्शन मोल्डिंग में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी के ग्राहकों में बीपीएल, बजाज इलेक्ट्रिकल्स, ऐसर, ब्लूस्टार, गोदरेज, हैवल्स, लॉयड, एलजी, हुंडई, रिलायंस डिजिटल, व्हर्लपूल और वोल्टास जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कंपनी 45 से अधिक भारतीय और वैश्विक ब्रांड्स को अपनी सेवाएं देती हैं। बीएसई के आंकड़ों के मुताबिक, पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट का शेयर 22 नवंबर 2024 को 683.85 रुपये पर बंद हुआ। 22 नवंबर 2019 को इसकी कीमत मात्र 3.77 रुपये थी। इस तरह पांच साल की अवधि में इस मल्टीबैगर शेयर ने 18,039 फीसदी का रिटर्न दिया। पिछले एक महीने में इस शेयर की कीमत में 15 फीसदी का उछाल आया है। पिछले छह महीने में यह शेयर 162 फीसदी तो सालभर में 186 फीसदी उछला है।




## एयर इंडिया ने पूर्वोत्तर से अपनी उड़ानें बढ़ाईं

**- पिछली सर्दियों की तुलना में 20 अधिक**

**गुवाहाटी ।** एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने शीतकालीन कार्यक्रम के तहत पूर्वोत्तर के तीन प्रमुख गंतव्यों- गुवाहाटी, अगरतला और इंफाल से उड़ानें बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइन के द्वारा की गई इस घोषणा से यात्रियों की सुविधा में सुधार की उम्मीद है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने गुवाहाटी से अपने परिचालन को पिछली सर्दियों के 63 से बढ़ाकर 106 साप्ताहिक उड़ानें कर दिया है। यह दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, इंफाल, जयपुर और कोलकाता के गंतव्यों के लिए सीधा संपर्क प्रदान करने में मदद करेगा। एयरलाइन ने गुवाहाटी से 18 घरेलू गंतव्यों और छह अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए वन-स्टॉप संपर्क भी प्रदान करने का ऐलान किया है। एयरलाइन ने इंफाल में भी उड़ानों की संख्या को बढ़ाकर यात्रा के लिए नई सुविधाएं पेश की हैं। एक एयरलाइन के अधिकारी ने इस सुधार के महत्व को बढ़ाते हुए कहा` कि हमारे बेड़े में अब 90 से अधिक विमान हैं और यह तेजी से बढ़ रहा है। हम उभरते भारतीय शहरों की उभरती जरूरतों का समर्थन करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। इस विस्तार योजना से पूर्वोत्तर के लोगों के लिए सस्ती सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ अन्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को भी फायदा होगा।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.55 लाख करोड़ बढ़ा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल मिलाकर 1,55,603.45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार मूल्यांकन में भी गिरावट आई। अन्य कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में इजाफा हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 40,392.91 करोड़ रुपये बढ़कर 13,34,418.14 करोड़ रुपये हो गया। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को ही हुआ। टीसीएस की बाजार हैसियत 36,036.15 करोड़ रुपये बढ़कर 15,36,149.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 16,266.54 करोड़ रुपये बढ़कर 9,01,866.22 करोड़ रुपये पर और इन्फोसिस का 16,189.33 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,151.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 13,239.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,74,569.05 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 11,508.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,94,272.93 करोड़ रुपये हो गई। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 11,260.11 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,068.84 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 10,709.55 करोड़ रुपये बढ़कर 7,28,293.62 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इस रुख के` विपरीत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 11,954.24 करोड़ रुपये घटकर 5,62,545.30 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 2,368.16 करोड़ रुपये घटकर 17,13,130.75 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।




## जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार

**मुंबई ।** अभिनेता जॉन अब्राहम स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उतरने को तैयार हैं। कोयंबटूर में इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2024 में जॉन ने मोटरस्पोर्ट्स के प्रति अपने जुनून, अपनी टीम गोवा एसेस, भारत में खेल के भविष्य, अपनी मैन्युफैक्चरिंग योजनाओं के साथ अन्य चीजों पर चर्चा की। जॉन ने खुलासा किया, आरपीपीएल (रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड) के मालिक अखिल रेड्डी ने मुझसे संपर्क कर इसके बारे में बात की। मुझे फॉर्मूला-4 का प्रचार करना बहुत पसंद है। मुझे यह अवधारणा बहुत पसंद आई और मैं इसका हिस्सा बनकर खुश हूं। जॉन ने भारत में मोटर स्पोर्ट्स के भविष्य पर कहा, मुझे लगता है कि मोटर स्पोर्ट्स में भारत को अभी बहुत आगे जाना है। यह एक सुंदर खेल है। हर ट्रैक का एक रन-ऑफ एरिया होता है। मोटर स्पोर्ट्स हमारी सार्वजनिक सड़कों की तरह खतरनाक नहीं हैं। सुरक्षित वातावरण में भाग लेना बहुत अच्छा है। जो माता-पिता चाहते हैं, कि उनके बच्चे मोटर स्पोर्ट्स में भाग लें, उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने हेलमेट बनाने के अपने नए बिजनेस का भी जिक्र किया। इस बारे में उन्होंने कहा, अभी मैं फिल्मों और खेलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं हेलमेट निर्माण के बारे में भी सोच रहा हूं। पिछले एक साल से मैं इस परियोजना पर काम कर रहा हूं। मेरा लक्ष्य सुरक्षा पर जोर देना है। मैं चाहता हूं कि मेरा उत्पाद अच्छा दिखे, साथ ही मैं यह भी चाहता हूं कि लोग अपने सुरक्षा गियर को ठीक से बनाए रखने के महत्व को समझें।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल में सुधार

**- मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल पूर्वस्तर पर बंद हुए**

**नई दिल्ली ।**

हाजिर बाजार में कीमतें कम होने से मंडियों में आवक घटने की वजह से शनिवार को देश के प्रमुख बाजारों में सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन और बिनौला तेल के की कीमतों में सुधार देखा गया। सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि किसानों के पास अब सरसों का काफी कम स्टॉक बचा है और हाजिर बाजार का दाम कम रहने की वजह से वे मंडियों में कम माल ला रहे हैं। यही हाल सोयाबीन तिलहन का भी है। मंडियों में सोयाबीन के हाजिर दाम कम हैं और सभी जान रहे हैं कि सरकारी खरीद में किसानों की सारी ऊपज खरीदा नहीं जा सकता। ऐसे में जब हाजिर दाम कम हो तो किसानों को उम्मीद है कि सरकार सोयाबीन किसानों के लिए कुछ कदम उठायेगी। इस उम्मीद में वे मंडियों में उपज भी कम ला रहे हैं। यही नजारा कपास के मामले में भी है। सोमवार को विदेशी एक्सचेंजों के खुलने के बाद आगे के रुख के बारे में पता लगेगा। वहीं शे निवार को तेल तिलहन के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 6,550-6,600 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली 6,350-6,625 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 14,700 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली रिफाइंड तेल 2,220-2,520 रुपये प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2,260-2,360 रुपये प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2,260-2,385 रुपये प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 13,800 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 13,700 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,700 रुपये प्रति क्विंटल, सीपीओ एक्स-कांडला 12,400 रुपये प्रति क्विंटल, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 12,650 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 14,000 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलिन एक्स- कांडला 13,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल, सोयाबीन दाना 4,425-4,475 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 4,125-4,160 रुपये प्रति क्विंटल, मक्का खल (सरिस्का)- 4,100 रुपये प्रति क्विंटल।



## मेक्सिको को अमेरिका-कनाडा व्यापार समझौते से बाहर होने का डर

**- चीन के पुर्जों को हटाने की तैयारी**

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको को डर है कि अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प या कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो उनके देश को अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते से बाहर करने की कोशिश कर सकते हैं। दरअसल मेक्सिको को उत्तरी अमेरिका में चीनी पुर्जों और उत्पादों को पहुंचाने के लिए एक माध्यम के रूप में काम करने पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मेक्सिको की सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी व्यापार समझौते में शामिल न होने की बात से इतना डरी हुई है कि राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि सरकार कंपनियों को चीनी पुर्जों को स्थानीय रूप से निर्मित पुर्जों से बदलने के लिए अभियान चला रही है। हमारे पास चीन से आने वाले इन आयातों को बदलने और उनमें से अधिकांश का उत्पादन मेक्सिको में करने के लिए एक योजना है। उन्होंने कहा कि ये काम मुख्य रूप से मेक्सिको की कंपनियां या उत्तरी अमेरिका की कंपनियां करेंगी। उन्होंने दावा किया कि मेक्सिको 2021 के वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संकट के बाद से इस दिशा में काम कर रहा है और इस काम में कई चुनौतियां हैं।

# जनसुराज की वजह से एक सीट भी नहीं जीती महागठबंधन

## 6000 वोट से इमामगंज में मिली हार, बाकी सीटों पर भी बंट गए मुस्लिम-यादव वोट



**पटना।** बिहार विधानसभा उपचुनाव में सभी 4 सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है। वहीं, महागठबंधन को चारों सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। इस चुनाव में प्रशांत किशोर की नई पार्टी जनसुराज कहीं नहीं टिकी। इमामगंज में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने राजद के रौशन मांझी को 5,945 वोटों से हराया। तरारी में बीजेपी कैंडिडेट और बाहुबली सुनील पांडे के बेटे विशाल प्रशांत ने माले के राजू यादव को 10 हजार से ज्यादा वोटों से मात दी। बेलागंज में जदयू की मनोरमा देवी ने राजद के विश्वनाथ सिंह को 21,391 वोटों से हराया। सबसे दिलचस्प मुकाबला रामगढ़ का रहा है। यहां शुरूआत से बसपा के सतीश सिंह यादव बीजेपी के अशोक कुमार सिंह को कड़ी टक्कर दे रहे थे। उसके बावजूद सतीश 1,362 वोट से हार गए। जबकि, आरजेडी के अजीत सिंह तीसरे नंबर पर रहे। पीके की पार्टी जनसुराज चारों विधानसभा सीटों में से तरारी, बेलागंज और इमामगंज में तीसरे नंबर पर रही। जबकि, रामगढ़ में चौथे नंबर पर। महागठबंधन के लिए बड़ा झटका उपचुनाव का परिणाम महागठबंधन के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि इन 4 में से 3 सीटों पर महागठबंधन का कब्जा था। रामगढ़ और बेलागंज सीट अब तक आरजेडी के पास थी। तरारी सीट माले के कब्जे में थी। वहीं, इमामगंज हम पार्टी के पास थी। नतीजों ने तेजस्वी यादव की रणनीति पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं, जनसुराज भले ही चुनाव जीत नहीं सकी, लेकिन उसे जो वोट मिले, इससे पता चल रहा है कि उसने महागठबंधन को झटका दिया है। जिसका सीधा फायदा एनडीए को मिला है। एनडीए के अंदर बीजेपी और जेडीयू के बीच समन्वय बनाने की जो कवायद चल रही थी, उसका पॉजिटिव असर दिखा है। वोटिंग के पहले नीतीश कुमार ने अपने आवास पर एनडीए की बैठक बुलाकर जेडीयू-बीजेपी के बीच बेहतर समन्वय का टास्क दिया था।बेलागंज में जनसुराज ने मुसलमान उम्मीदवार देकर आरजेडी का वोट काटा। मनोरमा देवी और विश्वनाथ सिंह के बीच जीत-हार का अंतर 21391 वोटों का रहा। जनसुराज के मो. अमजद को 17268 वोट मिले। यहां AIMIM ने भी मुसलमान वोट काटे हैं। AIMIM को 3533 वोट मिले हैं। एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने सिर्फ बेलागंज में उम्मीदवार उतारा था। बाहुबली बिंदी यादव की पत्नी और दो बार एमएलसी रहीं मनोरमा देवी को उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने आरजेडी के गढ़ को ढहा दिया। आरजेडी के विश्वनाथ दूसरे और जनसुराज के मो. अमजद तीसरे नंबर पर रहे। यहां से आरजेडी की हार के बाद गया के गढ़ में जेडीयू की एंट्री हो गई है। विधानसभा चुनाव 2020 में बेलागंज में जेडीयू से अभय कुशवाहा दूसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन लोकसभा चुनाव में आरजेडी ने अभय कुशवाहा को अपनी तरफ मिला लिया और औरंगाबाद से लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। अभय कुशवाहा आरजेडी के सांसद चुन लिए गए। यह नीतीश कुमार को चुनौती थी। 34 साल से आरजेडी का था कब्जा बेलागंज विधानसभा से 1990 के बाद से आरजेडी के सुरेन्द्र यादव चुनाव जीत रहे थे, इस बार जहानाबाद से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने बेटे डॉ. विश्वनाथ को आरजेडी से टिकट दिलवाया। लालू प्रसाद सिर्फ इसी सीट पर चुनाव प्रचार में गए थे। यही नहीं मुसलमान वोट बैंक को एकजुट करने के लिए शहाबुद्दीन के पुत्र ओसामा को भी बेलागंज भेजा गया था। लेकिन मुस्लिम वोटर्स पर ओसामा का असर भी नहीं दिखा। जनसुराज के मो. अमजद ने मुसलमानों के वोट काटे।

जिले में 10 विधानसभा सीटों में से 5 सीट पर आरजेडी का कब्जा रहा है। बाकी पांच में बीजेपी और हम पार्टी का कब्जा।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रदूषण फैलाने वालों पर ड्रोन से रखी जा रही नजर



**वैशाली।** में जिला प्रशासन की ओर से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की कोशिश का असर दिखने लगा है। एक सप्ताह पहले जहां हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक 433 था और पूरे देश के प्रदूषित शहरों में पहले स्थान पर था। आज प्रशासनिक प्रयास से शनिवार को एक्यूआई 354 पर आ गया है। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने हाजीपुर शहर को 14 सेक्टर में बांट कर वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए दर्जनों मजिस्ट्रेट और पुलिस ऑफिसर तैनात किए है। उनके साथ नगर पालिका के पदाधिकारी भी दिन रात काम कर रहे है। प्रदूषण फैलाने वालों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हमें एक होकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी फैक्ट्री ओनर अपने फैक्ट्री के सामने वाली सड़क पर रोजाना तीन बार पानी का छिड़काव करेंगे, ताकि धूल कण न उड़े। एसडीएम को निर्देश दिया गया कि आवश्यकतानुसार संबंधित पक्ष को नोटिस जारी करें। फैक्ट्री परिसर के अंदर या बाहर कूड़ा जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे नगर परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर लगातार पानी का छिड़काव सुनिश्चित करें। डीटीओ को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार के वाहनों का शत प्रतिशत प्रदूषण जांच करें। बियाडा के पदाधिकारी को कहा गया कि वे फैक्ट्री से कूड़ा उठाने वाले वेंडर्स को वीसी से मीटिंग कर कूड़ा प्रबंधन की जानकारी दे। इसके बाद वायु प्रदूषण नियंत्रण में लगाए गए अधिकारियों और पुलिस ऑफिसर का जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जॉइंट ब्रीफिंग किया गया है।

### किराना दुकानदार को बदमाशों ने मारी गोली

**बक्सर।** के कृष्णब्रह्म थाना क्षेत्र के कृष्णब्रह्म कृष्णब्रह्म-कठार रोड में शनिवार की देर शाम स्थित कृष्णब्रह्म गांव में हथियारबंद बदमाशों ने एक किराना दुकानदार को गोली मार दी। जख्मी दुकानदार को गोली दाहिने साइड कमर पर लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद के बाइक सवार दोनों हथियारबंद बदमाश वहां से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जख्मी दुकानदार बक्सर जिला के चक्की थाना क्षेत्र के चक्की लहना भोला डेरा निवासी शिवजी साव का 28 वर्षीय बेटा ललन साव है। फिलहाल, इसका इलाज आरा में चल रहा है। डॉक्टर ने ऑपरेशन कर बुलेट को निकाला घायल पेशे से किराना दुकानदार है। वह कृष्णब्रह्म गांव में किराना दुकान चलाता है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। जबकि, इलाज कर रहे हैं सर्जन डॉ. विकाश सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली दाहिने साइड कमर पर लगी थी, जो अंदर फांसी हुई थी। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और उसके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है।अभी मरीज की स्थिति स्टेबल है। लेकिन उसे अभी ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा। किराना दुकानदार ललन साव ने बताया कि शनिवार की देर शाम जब वह अपने किराना दुकान पर था। तभी एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश उसके दुकान पर आए। उनमें से एक हथियारबंद बदमाश बाइक से उतारकर उसके दुकान पर आया और कहा कि पेपर कटोरी दो। जिसके बाद उसने उसे पेपर कटोरी दिया। तभी उसने कहा कि पॉलीथिन दो। जब वह पॉलिथीन देने के लिए दुकान से पालिथीन निकला कर दे रहा था। तभी उसने उसे गोली मार दी। मामले की जांच में जुटी पुलिस दोनों बदमाश बाइक पर सवार होकर वहां से भाग निकले। दूसरी तरफ जख्मी दुकानदार ललन साह ने अपने हथियारबंद बदमाशों से और उस गांव के किसी व्यक्ति से अपने किसी भी प्रकार की विवाद व दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि, हथियारबंद बदमाश ने उसे गोली क्यों मारी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**भोजपुर।** के गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव स्थित बनास नदी में डूबे युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ है। उसका शव गांव में स्थित बनास नदी से शनिवार को बरामद किया गया है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव निवासी भुवनेश्वर मुसहर का 40 वर्षीय बेटा आलू मुसहर है। वह पेशे से मजदूर था। मृतक के छोटे भाई मदन मुसहर ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह करीब तीन बजे गांव में ही स्थित बनास नदी के किनारे गया था। जहां मछली मारने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह बनास नदी में गिर कर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी।

## पटना में राइफल और 15 जिंदा कारतूस बरामद



**पटना।** के पालीगंज के इमामगंज बाजार में पुलिस ने एक कार से एक राइफल और 15 जिंदा गोली बरामद किया है। इसकी जानकारी पालीगंज उत्ढ- 1 प्रीतम कुमार ने दी है। उत्ढ- 1 प्रीतम कुमार ने बताया कि पटना जिले में एक विशेष वाहन चेकिंग अभियान रात के 8:00 बजे से लेकर 11:00 बजे तक किया गया था। राइफल का कोई दस्तावेज नहीं मिला इसी दौरान पालीगंज अनुमंडल के इमामगंज बाजार में पुलिस के द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। एक कार से एक राइफल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। हालांकि राइफल का कोई लाइसेंस-दस्तावेज नहीं था। हथियार और गोली जब्त इसके बाद पुलिस ने हथियार और गोली को जब्त कर लिया है। साथ ही इस पूरे मामले पर कार सवार से पूछताछ भी पुलिस कर रही है। फिलहाल उत्ढ-1 प्रीतम कुमार ने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

## समस्तीपुर में ज्वेलरी शॉप से 2 करोड़ की लूट





**समस्तीपुर।** में शनिवार की देर शाम बदमाशों ने अनिल ज्वेलरी शॉप में लूटपाट की। इस दौरान 2 करोड़ की ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर थाने की पुलिस और ASP संजय पांडे मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए हैं। शॉप मालिक के भतीजे सत्य प्रियदर्शी ऊर्फ डिक्कू ने बताया कि शाम 7 बजे ग्राहक बनकर पहले दो बदमाश पहुंचे। फिर एक-एक कर तीन बदमाश आए और दुकान मालिक अनिल कुमार और कर्मियों को गन पॉइंट पर लिया। इसके बाद दुकान के शो-केस में रखे सोना-चांदी और हीरा के गहने लूट कर भाग गए। गल्ला से कैश भी ले गए है। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश बुढ़ी गंडक बांध की ओर फरार हो गए।39 आइटम की लूट हुई है। इसमें सोने की चेन, अंगूठी, हार के अलावा चांदी के गहने और हीरे से बने ज्वेलरी शामिल हैं। इसकी राशि करीब 2 करोड़ तक की होगी। ASP संजय पांडे ने बताया कि '5 बदमाशों ने इस लूट की घटना को अंजाम दिया है।

दुकान में लगे CCTV में बदमाशों की गतिविधि कैद हुई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दुकानदार की ओर से 39 आइटम लूटे जाने की बात बताई गई है।

वहीं, बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

## एनडीए की जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

### मुंगेर में दिन दयाल चौंक पर बांटी मिठाई, एक दूसरे को लगाया गुलाल




**मुंगेर।** महाराष्ट्र में मिली जीत, बिहार, उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में मिली जीत पर शनिवार को शहर के पंडित दिन दीनदयाल चौक पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार पोद्दार के नेतृत्व में जश्न मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत की खुशी पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और एक दूसरे को चुनाव जीतने की बधाई दी। इस दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस दौरान जमकर नेताओं ने आतिशबाजी की। अन्य राज्यों में मिली सफलता पर जिलाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार पोद्दार ने कहा कि 2025 में जो बिहार में विधानसभा चुनाव होने है उसमें भी भाजपा, जदयू गठबंधन प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी और जनता का आशीर्वाद उन्हें फिर से मिलेगा।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि बिहार के उपचुनाव में एनडीए की जीत का श्रेय जनता को जाती है। जिन्होंने केंद्र सरकार और बिहार सरकार के विकास कार्यों को देख जिताने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा सभी एक साथ बिहार में विकास कर रहे है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष दीपक साह, मुंगेर विधानसभा प्रभारी अंजू भारद्वाज, जिला मंत्री दीपक यादव, जिला प्रवक्ता प्राण रंजन विकास, ओवैसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंदन शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमेधा आर्या, नगर अध्यक्ष सोनू सिंह, शिवदयाल यादव, आशुतोष पासवान, चेतन कुमार रुद्र, कुमार हिमांशु बाबू, अनुराग कुमार, संतोष पोद्दार, प्रदीप केसरी, सदर प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, कृष्णा मंडल आदि दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में दो दोस्त जख्मी, अस्पताल में भर्ती



**आरा।** सासाराम मुख्य मार्ग चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार के समीप ऑटो-बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए । इसके बाद जख्मियों को स्थानीय लोगों के मदद से गड़हनी पीएचसी ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरा सदर अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है। जख्मियों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के सोहनी गांव निवासी उजागिर शर्मा के 25 वर्षीय बेटा विकास कुमार उर्फ लल्लू शर्मा और इसका दोस्त शामिल है। जख्मी युवक के भाई चंदन शर्मा ने बताया कि आज विकास की शादी बक्सर नई बाजार में बड़े धूमधाम से हुई। शादी के बाद दुल्हन की विदाई कराकर शनिवार की दोहपर गांव पहुंचा । इसके बाद एक दोस्त के साथ घर से कहकर निकला कि हम मछली लेकर आते है। गड़हनी ओवरब्रिज के सामने हादसा घर वालों ने जाने से मना भी किया था। लेकिन किसी की नहीं सुनकर युवक मछली लाने के लिए चला गया। इसी दौरान देर शाम गड़हनी ओवरब्रिज के सामने से आ रहे अनियंत्रित ऑटो ने सामने से टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार विकास समेत दो लोग जख्मी हो गए । इसके ग्रामीणों ने गड़हनी पीएचसी पहुंचाया और उसके बाद परिजनों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने के बाद जख्मी हालत में विकास को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।

ऑन ड्यूटी डॉक्टर अशोक कुमार ने बताया कि युवक के चेहरे और हाथ में ज्यादा चोट लगी है। प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। स्थिति गंभीर है ।

## कंटेनर से 248 कार्टून शराब की खेप बरामद



कंटेनर से 248 कार्टून विदेशी शराब में कुल 2207 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। यह सभी विदेशी शराब पंजाब के मोहाली का निर्मित है। इसमें पुलिस ने चालक को गिरफ्तार किया है। चालक राजस्थान के बाड़मेर जिला के बाड़मेर थाना क्षेत्र का निवासी है। सूचना मिलने के बाद ग्रामीण रढ ने तुरंत फतुहा SDPO 1 निखिल कुमार और दीदारगंज थानाध्यक्ष को निर्देश दिया। कंटेनर के ड्राइवर से पूछताछ जारी इसके बाद दीदारगंज थाना अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप वाहनों की जांच पुलिस की विशेष टीम के द्वारा शुरू की गई। इस दौरान एक कंटेनर को रोका गया और जब उसकी तलाशी ली गई तो उसमें से शराब की बड़ी खेप को बरामद किया गया। चालक को पकड़ लिया गया है। पुलिस ने जब कंटेनर की जांच की तो पता चला कि कंटेनर में हरियाणा निर्मित शराब की पेटियां रखी थी। मौके से पकड़ाए कंटेनर के चालक से पूछताछ की जा रही है, जिस कंटेनर से शराब की बरामद की हुई है, उसका नंबर WB25/H 4487 है। हालांकि, अंग्रेजी शराब से भरे कंटेनर को दीदारगंज पुलिस चौकी के पास लाकर दीदारगंज पुलिस के सहयोग से जब्त शराब की गिनती की जा रही है।

शराब बरामदगी के बाद कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर पुलिस शराब के धंधेबाजों का कनेक्शन को खंगालने में जुट गई है।

# गिरिराज बोले- राहुल गांधी देश के टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं

## केंद्रीय मंत्री ने जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को बताया आतंकियों का समर्थक

बेगूसराय

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी हिंदू परिवारों के घरों पर बुलडोजर एक्शन को लेकर उमर अब्दुला और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। गिरिराज ने कहा है कि फारुख अब्दुल्ला आतंकियों के समर्थक रहे हैं और हिंदू विरोधी हैं।

वहीं, उत्तर प्रदेश के संभल में सर्वे टीम पर हमले को लेकर कहा कि 'यह कानून और लोकतंत्र पर हमला है। देश में जिहादी मानसिकता वाले लोग भारत के लोकतंत्र को खत्म करके सरिया कानून लागू करना चाहते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। कहा कि राहुल गांधी देश के टुकड़े-टुकड़े करना चाहते हैं।' गिरिराज सिंह ने कहा कि जम्मू कश्मीर हिंदुओं के घरों को बुलडोजर से उजाड़ा गया। इसके लिए कांग्रेस भी दोषी है। वहां मुख्यमंत्री भले ही उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री हों, लेकिन कांग्रेस को इसकी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। वहां की सरकार में कांग्रेस भी शामिल है। अगर हिंदुओं पर इस तरह का अत्याचार होता है तो कांग्रेस को इस्तीफा देना चाहिए।यूपी में मस्जिद का सर्वे करने गई टीम पर हमला को लेकर गिरिराज सिंह ने कहा कि देश में जिहादी मानसिकता वाले लोग, जिहादी आंदोलन वाले लोग भारत के लोकतंत्र को खत्म कर-के सरिया कानून लागू करना चाहते हैं। यह संभल की घटना इसी मानसिकता को दिखाता है। वो लोग लोकतंत्र को खत्म कर सरिया कानून स्थापित करना चाहते हैं। कानून के तहत सर्वे की टीम गई थी, उन पर हमला देश के लोकतंत्र पर हमला है। इसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा, यूपी के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी मानसिकता वाले लोग देश में गृह युद्ध करवाना चाहते हैं और इस पर कांग्रेस चुप रहती है।महाराष्ट्र चुनाव परिणाम को लेकर भी गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पर जबरदस्त निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जीत महाराष्ट्र के जनता की जीत है। कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष वहां सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहता था, जिसे महाराष्ट्र की जनता ने नकार दिया।



"कांग्रेस आज विपक्ष के लायक भी नहीं है। राहुल गांधी देश के बाहर जाएंगे तो भारत को गाली देंगे, दक्षिण में जाएंगे तो उत्तर को गाली देंगे। राहुल गांधी देश को बांटना चाहते हैं।

**गिरिराज सिंह**, केंद्रीय मंत्री



# हर रिश्ता बड़ी ही ईमानदारी से निभाया भगवान श्रीकृष्ण ने

भगवान श्रीकृष्ण ने हर रिश्ता बड़ी ही ईमानदारी से निभाया और हर रिश्तों को उन्होंने महत्व दिया। आओ जानते हैं कि इस संबंध में कुछ खास जानकारी।

## मित्रता का रिश्ता

भगवान श्रीकृष्ण के हजारों सखा या कहें कि मित्र थे। श्रीकृष्ण के सखा सुदामा, श्रीदामा, मधुमंगल, सुबाहु, सुबल, भद्र, सुभद्र, मणिभद्र, भोज, तोककृष्ण, वरूथप, मधुकंड, विशाल, रसाल, मकरन्द, सदानन्द, चन्द्रहास, बकुल, शारद, बुद्धिप्रकाश, अर्जुन आदि थे। श्रीकृष्ण की सखियां भी हजारों थीं। राधा, ललिता आदि सहित कृष्ण की 8 सखियां थीं।
ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सखियों के नाम इस तरह हैं- चन्द्रावली, श्यामा, शैब्या, पद्या, राधा, ललिता, विशाखा तथा भद्रा। कुछ जगह ये नाम इस प्रकार हैं- चित्रा, सुदेवी, ललिता, विशाखा, चम्पकलता, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और सुदेवी। कुछ जगह पर ललिता, विशाखा, चम्पकलता, चित्रादेवी, तुंगविद्या, इन्दुलेखा, रंगदेवी और कृत्रिमा (मनेली)। इनमें से

गईं सभी महिलाएं कृष्ण की सखियां थीं। द्रौपदी भी श्रीकृष्ण की सखी थीं। श्रीकृष्ण ने सभी के साथ अंत तक मित्रता का संबंध निभाया।

## प्रेमी कृष्ण

कृष्ण को चाहने वाली अनेक गोपियां और प्रेमिकाएं थीं। कृष्ण-भक्त कवियों ने अपने काव्य में गोपी-कृष्ण की रासलीला को प्रमुख स्थान दिया है। पुराणों में गोपी-कृष्ण के प्रेम संबंधों को आध्यात्मिक और अति श्रृंगारिक रूप दिया गया है। महाभारत में यह आध्यात्मिक रूप नहीं मिलता, लेकिन पुराणों में मिलता है। उनकी प्रेमिका राधा, रुक्मिणी और ललिता की ज्यादा चर्चा होती है।

## पति कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण की 8 पत्नियां थीं- रुक्मिणी, जाम्बवंती, सत्यभामा, मित्रवंदा, सत्या, लक्ष्मणा, भद्रा और कालिंदी। इनसे श्रीकृष्ण को लगभग 80 पुत्र हुए थे।

## भाई कृष्ण

कृष्ण की 3 बहनें थीं- एकानंगा (यह यशोदा की पुत्री थीं), सुभद्रा और द्रौपदी (मानस भगिनी)। कृष्ण के भाइयों में नेमिनाथ, बलराम और गद थे।

## श्रीकृष्ण के माता पिता

श्रीकृष्ण के माता पिता वसुदेव और देवकी थे, परंतु उनके पालक माता पिता नंदबाबा और माता यशोदा थीं। श्रीकृष्ण ने इन्हीं के साथ अपनी सभी सौतेली माता रोहिणी आदि सभी के सात बराबरी का रिश्ता रखा।

## अन्य रिश्तों में श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण ने अपनी बुवाओं से भी खूब रिश्ता निभाया था। कुंती और सुतासुभा से भी रिश्ता निभाया। कुंती को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्रों की रक्षा करूंगा और सुतासुभा को वचन दिया था कि मैं तुम्हारे पुत्र शिशुपाल के 100 अपराध क्षमा करूंगा। इसी प्रकार सुभद्रा का विवाह कृष्ण ने अपनी बुआ

पुत्र साम्ब का विवाह दुर्योधन की पुत्री लक्ष्मणा से किया था। श्रीकृष्ण के रिश्तों की बात करें तो वे बहुत ही उलझे हुए थे। श्रीकृष्ण ने अपने भांजे अभिमन्यु को शिक्षा दी थी और उन्होंने ही उसके पुत्र की गर्भ में रक्षा की थी।

## शत्रुता का रिश्ता

इसी तरह श्रीकृष्ण ने अपनी शत्रुता का रिश्ता भी अच्छे से निभाया था। उन्होंने कंस, जरासंध, शिशुपाल, भौमासुर, कालय यवन, पौंड्रक आदि सभी शत्रुओं को सुधरने के भरपूर मौका दिया और अंत में उनका वध कर दिया।

## रक्षक कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण ने किशोरावस्था में ही चाणूर और मुष्टिक जैसे खतरनाक मल्लों का वध किया था, साथ ही उन्होंने इंद्र के प्रकोप के चलते जब वृंदावन आदि ब्रज क्षेत्र में जलप्रलय हो चली थी, तब गोवर्धन पर्वत अपनी अंगुली पर उठाकर सभी ग्रामवासियों की रक्षा की थी।

## शिष्य कृष्ण

भगवान श्रीकृष्ण के गुरु सांदीपनी थे। उनका आश्रम अवंतिका (उज्जैन) में था। कहते हैं कि उन्होंने जैन धर्म में 22वें तीर्थंकर नेमीनाथजी से भी ज्ञान ग्रहण किया था। श्रीकृष्ण गुरु दीक्षा में सांदीपनी के मृत पुत्र को यमराज से मुक्ति कराकर ले आए थे।





# चंद्र की उत्पत्ति कैसे हुई? क्या कहते हैं पुराण? चंद्रमा की जन्म कथा

सुंदर सलोने चंद्रमा को देवताओं के समान ही पूजनीय माना गया है। चंद्रमा के जन्म की कहानी पुराणों में अलग-अलग मिलती है। ज्योतिष और वेदों में चंद्र को मन का कारक कहा गया है। वैदिक साहित्य में सोम का स्थान भी प्रमुख देवताओं में मिलता है। अग्नि, इंद्र, सूर्य आदि देवों के समान ही सोम की स्तुति के मंत्रों की भी रचना ऋषियों द्वारा की गई है।

## पुराणों के अनुसार चंद्र की उत्पत्ति

मत्स्य एवं अग्नि पुराण के अनुसार जब ब्रह्मा जी ने सृष्टि रचने का विचार किया तो सबसे पहले अपने मानसिक संकल्प से मानस पुत्रों की रचना की। उनमें से एक मानस पुत्र ऋषि अत्रि का विवाह ऋषि कर्दम की कन्या अनुसुइया से हुआ जिससे दुर्वासा, दत्तात्रेय व सोम तीन पुत्र हुए। सोम चंद्र का ही एक नाम है। पद्म पुराण में चंद्र के जन्म का अन्य वृतांत दिया गया है। ब्रह्मा ने अपने मानस पुत्र अत्रि को सृष्टि का विस्तार करने की आज्ञा दी। महर्षि अत्रि ने अनुत्तर नाम का तप आरंभ किया। तप काल में एक दिन महर्षि के नेत्रों से जल की कुछ बूंदें टपक पड़ी जो बहुत प्रकाशमय थी। दिशाओं ने स्त्री रूप में आकर पुत्र प्राप्ति की कामना से उन बूंदों को ग्रहण कर लिया जो उनके उदर में गर्भ रूप में स्थित हो गया। परंतु उस प्रकाशमान गर्भ को दिशाएं धारण न रख सकीं और त्याग दिया।
उस त्यागे हुए गर्भ को ब्रह्मा ने पुरुष रूप दिया जो चंद्रमा के नाम से प्रख्यात हुए। देवताओं, ऋषियों व गंधर्वों आदि ने उनकी स्तुति की। उनके ही तेज से पृथ्वी पर दिव्य औषधियां उत्पन्न हुई। ब्रह्मा जी ने चंद्र को नक्षत्र, वनस्पतियों, ब्राह्मण व तप का स्वामी नियुक्त किया।
स्कंद पुराण के अनुसार जब देवों तथा दैत्यों ने क्षीर सागर का मंथन किया था तो उस में से चौदह रत्न निकले थे। चंद्रमा उन्हीं चौदह रत्नों में से एक है जिसे लोक कल्याण हेतु, उसी मंथन से प्राप्त कालकूट विष को पी जाने वाले भगवान शंकर ने अपने मस्तक पर धारण कर लिया। पर ग्रह के रूप में चंद्र की उपस्थिति मंथन से पूर्व भी सिद्ध होती है। स्कंद पुराण के ही माहेश्वर खंड में गर्गाचार्य ने समुद्र मंथन का मुहूर्त निकालते हुए देवों को कहा कि इस समय सभी ग्रह अनुकूल हैं। चंद्रमा से गुरु का शुभ योग है। तुम्हारे कार्य की सिद्धि के लिए चंद्र बल उत्तम है। यह गोमंत मुहूर्त तुम्हें विजय देने वाला है। अत: यह संभव है कि चंद्रमा के विभिन्न अंशों का जन्म विभिन्न कालों में हुआ हो। चंद्र का विवाह दक्ष प्रजापति की नक्षत्र रूपी 27 कन्याओं से हुआ जिनसे अनेक प्रतिभाशाली पुत्र हुए। इन्हीं 27 नक्षत्रों के भोग से एक चंद्र मास पूर्ण होता है।

# इस मंदिर में मूर्तियों से निकलती हैं आवाजें

पत्थर की होती है, लेकिन जिस भी देवी या देवता की यह मूर्ति बनाई गई है उन देवी या देवताओं के अस्तित्व और उनकी शक्ति को नही नकारा जा सकता। आए दिन देवी या देवता अपने होने का अहसास कराते रहते हैं। इसी अहसास को चमत्कार कहा जाता है। ऐसा ही एक चमत्कार बिहार के बक्सर में स्थित देवी के एक मंदिर में देखने को मिला। यहां आकर आपको दुर्गा शक्ति के होने पर यकीन हो जाएगा क्योंकि यहां की मूर्तियां आपसे बात करती है। जब वैज्ञानिकों ने इसकी खोज की तो उन्होंने भी इस बात से इनकार नही किया। यह मंदिर 400 वर्ष पुराना है। प्रसिद्ध तांत्रिक भवानी मिश्र ने करीब 400 वर्ष पहले इस मंदिर की स्थापना की थी। तब से आज तक इस मंदिर में उन्हीं के परिवार के सदस्य पुजारी बनते रहे हैं। तंत्र साधना से ही यहां माता की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। दरअसल, तंत्र साधना के लिए प्रसिद्ध बिहार के इस इकलौते राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर में यहां पर किसी के नही होने पर आवाजें सुनाई तेती हैं। इस मंदिर में दस महाविद्याओं काली, त्रिपुर भैरवी, धुमावती, तारा, छिन्न मस्ता, षोडसी, मातंगड़ी, कमला, उग्र तारा, भुवनेश्वरी की मूर्तियां स्थापित हैं। इसके अलावा यहां

काल भैरव व मातंगी भैरव की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां साधना करने वाले हर साधकों की हर तरह की मनोकामना पूर्ण होती है। देर रात तक साधक इस मंदिर में साधना में लीन रहते हैं। मंदिर में प्रधान देवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी है। तांत्रिकों की आस्था इस मंदिर के प्रति अटूट

तरह की आवाजें सुनाई देती हैं। राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मंदिर की सबसे अनोखी मान्यता यह है कि निस्तब्ध निशा में यहां स्थापित मूर्तियों से बोलने की आवाजें आती हैं। मध्य-रात्रि में जब लोग यहां से गुजरते हैं तो उन्हें आवाजें सुनाई पड़ती हैं। वैज्ञानिकों की मानें, तो यह कोई वहम नही है। इस

पर शब्द भ्रमण करते रहते हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी मान लिया है कि हा पर कुछ न कुछ अजीब घटित होता है, जिससे कि यहा पर आवाज आती है। मानो या न मानो यह एक चमत्कार ही है कि यहां अजीब तरह के आवाजें आती है जो कि किसी मानव की आवाजों की तरह की है। माना जाता है कि संपूर्ण अखंड भारत में जहां भी माता के शक्तिपीठ हैं वे सभी जागृत और सिद्ध शक्तिपीठ हैं।





# क्या गाय, कुत्ते और पक्षियों को पानी पिलाने से खुल जाते हैं किस्मत के दरवाजे

हिन्दू धर्म में कुछ पशु और पक्षियों को बहुत ही शुभ माना जाता है। मान्यता के अनुसार इन्हें अन्न और जल देने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। प्रत्येक हिन्दू घर में जब भोजन बनता है तो पहली रोटी गाय के लिए और अंतिम रोटी कुत्ते के लिए होती है। भोजन करने के पूर्व अग्नि को उसका कुछ भाग अर्पित किया जाता है जिसे अग्निहोत्र कर्म कहते हैं। प्रत्येक हिन्दू को भोजन करते वक्त थाली में से 3 ग्रास (कोल) निकालकर अलग रखना होता है। यह तीन कोल ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लिए या मन कथन के अनुसार गाय, कौए और कुत्ते के लिए भी रखा जा सकता है।

**गाय** - गाय को पत्ते पर भोजन परोसकर जल देने से भाग्य जागृत होता है। गाय में सकारात्मक ऊर्जा का भंडार होता है, जो भाग्य को जागृत करने की क्षमता रखती है। गाय को अन्न और जल देने से सभी तरह के संकट दूर होकर घर में सुख, शांति और समृद्धि के द्वारा खुल जाते हैं। प्रतिदिन गाय को रोटी खिलाने गुरु और शुक्र बलवान होता और धन-समृद्धि बढ़ती है।

**कुत्ता** - कुत को पत्ते पर भोजन परोसकर जल पिलाने से भैरव महाराज प्रसन्न होते हैं और हर तरह के आकस्मिक संकटों से वे भक्त की रक्षा करते हैं। कुत्ता आपकी राहु, केतु के बुरे प्रभाव और यमदूत, भूत प्रेत आदि से रक्षा करता है। कुत्ते को प्रतिदिन भोजन देने से जहां दुश्मनों का भय मिट जाता है वहीं व्यक्ति निडर हो जाता है। ज्योतिषी के अनुसार केतु का प्रतीक है कुत्ता। कुत्ता पालने या कुत्ते की सेवा करने से केतु का अशुभ प्रभाव समाप्त हो जाता है। पितृ पक्ष में कुत्तों को मीठी रोटी खिलानी चाहिए।

**कौवा**- कौए के लिए छत या भूमि पर भोजन परोसकर सकोरे में उसके लिए जल रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौआ को यमदूत, पितर और देवपुत्र भी माना गया है। कौए को भविष्य में घटने वाली घटनाओं का पहले से ही आभास हो जाता है। कहते हैं कि यदि कौआ आपका भोजन ग्रहण कर ले तो समझो आपके पितर आपसे प्रसन्न और तृप्त हैं और यदि नहीं करें तो समझो कि आपके पितर आपसे नाराज और अतृप्त हैं।

**चींटी** - चींटियों के लिए पत्ते पर भोजन परोसा जाता। उनके बिल हों, वहां चूरा कर भोजन डाला जाता है। इससे सभी तरह के संकट मिट जाते हैं और घर परिवार में सुख एवं समृद्धि आती है।

**देवता** - देवबलि अर्थात पत्ते पर देवी देवतों और पितरों को भोजन परोसा जाता है। बाद में इसे उठाकर घर से बाहर उचित स्थान रख दिया जाता है।

**पक्षी** - पक्षियों को जल अर्पित करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और साथ ही हमारे जीवन के संकट मिट जाते हैं। नियमित जल पिलाने से भाग्य जागृत हो जाते हैं और किसी कार्य में आ रही रुकावट दूर होती है। हर कार्य आसानी से होने लगते हैं।



# कुंडली की जांचे पन्ना पहनने के नुकसान भी है

पन्ना बुध ग्रह का रत्न है। बुध ग्रह वाणी, व्यापार, बहन, बुआ, मौसी आदि का कारक है। यह रत्न गहरे से हल्के हरे रंग का होता है। पन्ना मुख्यतः 5 रंगों में पाया जाता है। तोते के पंख के समान रंग वाला, पानी के रंग जैसा, सरेस के पुष्प के रंगों वाला, मयूरपंख जैसा और हलके संदुल पुष्प के समान होता है। पन्ना रत्न किसे पहनना चाहिए और किसे नहीं यह जानना भी जरूरी है, क्योंकि कुंडली की जांच किए बगैर इसे पहनने के नुकसान भी है।

## किसे पन्ना धारण करना चाहिए

- लग्न कन्या या मिथुन है तो पन्ना रत्न धारण किया जा सकता है, लेकिन यह भी देखना जरूरी है कि लग्न में कौनसा ग्रह है या लग्न के सामने सप्तम भाव में कौनसा ग्रह है।
- कुंडली को देखकर यदि किसी रोगी को पन्ना पहनाया जाता है तो उसके बल में वृद्धि होती है आरोग्य का सुख मिलता है।
- मिथुन लग्न वाले यदि पन्ना धारण करे तो पारिवारिक परेशानी कम होती है।
- कन्या लग्न यदि पन्ना धारण करे तो राज्य, व्यापार, पिता, नौकरी, शासकीय कार्यों में लाभ पा सकते हैं।
- यदि बुध की महादशा या अंतरदशा चल रही हो और बुध 8वें या 12वें भाव में नहीं हो तो पन्ना पहनने से लाभ मिलेगा।
- यदि बुध, मंगल, शनि, राहु या केतु के साथ स्थित हो या उस पर शत्रु ग्रहों की दृष्टि हो तो पन्ना पहना जा सकता है। इससे नौकरी व्यवसाय में रुकावट दूर होगी।
- लाल किताब अनुसार यदि किसी घर में कोई ग्रह सोया हुआ हो तो उस घर को और उस ग्रह के प्रभाव को जाग्रत करने के लिए उस घर का रत्न धारण करें। जैसे यदि तीसरे में बुध नहीं है तो तीसरे के लिए बुध का रत्न धारण करें। इससे बुध के अच्छे प्रभाव मिलना प्रारंभ होंगे।
- यदि आपकी कुंडली में बुध मीन राशि का होकर बुरा प्रभाव दे रहा है तो पन्ना पहन सकते हैं।

## पन्ना किसे धारण नहीं करना चाहिए

- लाल किताब के अनुसार बुध तीसरे या 12वें हो तो पन्ना नहीं पहनना चाहिए इससे नुकसान होगा।
- ज्योतिष के अनुसार 6, 8, 12 का बुध स्वामी हो तो पन्ना पहनने से अचानक नुकसान हो सकता है। इसलिए पहले किसी ज्योतिष को कुंडली दिखाएं फिर ही पहनें।
- यदि बुध की महादशा चल रही है और बुध 8वें या 12वें भाव में बैठा है तो भी पन्ना धारण करने से समस्या उत्पन्न हो सकती है।
- नकली, अशुद्ध, टूटा-फूटा, धब्बेदार, चमकदार, स्वर्ण रंग का या अन्य रंग का पन्ना धारण करने से धन, समृद्धि और संतान पक्ष का नाश हो जाता है।
- उचित धातु, नक्षत्र, दिन और ग्रहों की स्थिति देखे बगैर पन्ना धारण किया है तो वह भी नुकसानदायक सिद्ध हो सकता है।

## पन्ना पहनने के फायदे

- पन्ना धारण करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। इससे बुद्धि तेज होने लगती है।
- हाजमा अच्छा करने के लिए भी इसे धारण करते हैं।
- नौकरी और व्यापार में उन्नति के लिए भी इसे धारण करने की सलाह दी जाती है।
- पन्ना धारण करने से वाणी प्रभावशाली हो जाती है।
- पन्ना धारण करने से अधूरी तमन्नाएं पूरी होने लगती हैं।
- घर में पन्ना रत्न उचित स्थान पर रखने से अन्न-धन्न आदि में वृद्धि होती है, सुयोग्य संतान का सुख मिलता है।
- पन्ना पहनने से यदि बुद्ध उत्तम प्रभाव देने लगता है तो जातक की बहन की जिंदगी में भी परेशानियां कम हो जाती है।



# हेमंत सोरेन ने शिवराज और हिमंत की जोड़ी को सत्ता के आसपास भी नहीं भटकने दिया




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** झारखंड में भाजपा तमाम कोशिशों के बावजूद हेमंत सोरेन को सत्ता से बेदखल करने में असफल रही। शनिवार को आये विधानसभा चुनाव के नतीजों ने राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन की सरकार को एकबार फिर से सत्ता की चाबी सौंप दी। मतदान के बाद आये ज्यादातर एक्जिट पोल में यहां भाजपानीत राजग गठबंधन की सरकार बनने के दावे किये गये थे। चुनाव नतीजों ने जहां राज्य में हेमंत सोरेन का प्रभाव बरकरार रखा वहीं भाजपा की तरफ से चुनाव बागडोर संभाल रहे केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की जुगलबंदी अपनी पार्टी को जीता पाने में नाकाम साबित हुए।इस जोड़ी को सोरेन ने सत्ता के आसपास भी नहीं भटकने दिया।

केंद्र में कृषि मंत्री बनने के बाद मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को सहप्रभारी की जिम्मेदारी दी गई थी। दोनों नेताओं ने चुनाव से पहले ही लगातार प्रदेश में अपनी सक्रियता बढ़ा दी थी। चुनाव रणनीति से लेकर उम्मीदवारों के चयन तक चौहान और सरमा की बड़ी भूमिका रही। चुनाव प्रभार के दौरान शिवराज सिंह ने लगातार बड़ी जनसभाएं की। हिमंत बिस्व सरमा ने हिंदुत्व कार्ड को आगे रखा। दोनों नेता हेमेंत सोरेन को सत्ता से हटा पाने में कामयाब नहीं रहे। भाजपा नेतृत्व शुरू से ही यह मानकर चल रहा था कि झारखंड विधानसभा चुनाव जीत लेंगे। अति आत्मविश्वास भी भाजपा की हार का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। भाजपा नेताओं को लग रहा था कि हेमेंत सोरेन को आसानी से हरा लेंगे। इसके साथ ही स्थानीय नेताओं की अनदेखी भी एक बड़ी वजह कही जा रही है। भाजपा ने शिवराज और हिमंत बिस्व सरमा को चुनाव में प्रभारी और सहप्रभारी बनाकर एक बड़ा दांव खेला था। चौहान जहां हिंदुत्व के साथ साथ सोशल इंजीनियरिंग को महत्त्व देते हैं, जबकि हिमंता बिस्व शर्मा हार्ड कोर हिंदुत्व के बल पर चुनाव प्रचार में उतरते हैं। लेकिन इन दोनों नेताओं की खूबियों पर हेमंत सोरेन का आदिवासी, मुस्लिम और यादव का समीकरण भारी पड़ा। भाजपा ने यहां भी महाराष्ट्र और यूपी की तर्ज पर बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं का नारा दिया, लेकिन ध्रुवीकरण नहीं हुआ। यहां हिन्दू-मुस्लिम से ज्यादा सोरेन का आदिवासी अस्मिता का नारा काम आया। बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भी भाजपा नेताओं के हर भाषण का हिस्सा रहा। हेमंत सोरेन ने भाजपा पर काटो-बांटो की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए बेटी-माटी-रोटी का नारा दिया, जो चुनाव जीताने में सहायक रहा।

## नौसेना के बेड़े में शामिल हुई छठी मिसाइल-गोला बारूद नौका

नई दिल्ली। मुंबई डॉकयार्ड में आयोजित एक समारोह में छठी मिसाइल और गोला बारूद नौका (एलएसएएम-12, यार्ड 80) नौसेना को सौंपी गई। इस बाबत आयोजित किए गए समारोह की अध्यक्षता नौसेना की पश्चिमी कमांड के मुख्यालय के मुख्य मरम्मत अधिकारी कमोडोर अभिरूप मजूमदार ने की। नौसेना ने बताया कि ऐसी कुल आठ नौकाओं के निर्माण के लिए विशाखापट्टनम की मैसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया एक समझौता इस साल 19 फरवरी 2024 को पूरा हो गया था। यह एक एमएसएमई शिपयार्ड है। इन नौकाओं के नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल होने से उसकी परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। क्योंकि इनकी मदद से बंदरगाह के किनारे और बाहरी बंदरगाहों पर भारतीय नौसेना के प्लेटफार्मों तक वस्तुओं, गोला बारूद के परिवहन, चढ़ने और उतरने में सुविधा होगी। नौसेना ने कहा कि नौकाओं का स्वदेशी रूप से डिजाइन करने के लिए एक भारतीय जहाज डिजाइनिंग फर्म से सहयोग लिया गया था। इसके अलावा बल की विज्ञान-तकनीकी प्रयोगशाला (विशाखापट्टनम) में इनका सफलतापूर्वक मॉडल तैयार किया गया। जिससे इनकी समुद्री योग्यता सुनिश्चित की जा सके। इस निर्माण कार्य को भारतीय नौवहन रजिस्टर (आईआरएस) के तय नियमों और विनियमों के तहत किया गया है। सातों नौकाएं केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की पहल की गौरवशाली ध्वजवाहक हैं।

## मंत्रियों और विधायकों के घरों को लूटने और आगजनी करने वाले 7 और गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर की इंफाल घाटी में विधायकों के आवासों पर हुई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में शामिल होने के आरोप में सात और लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आधिकारिक बयान में रविवार को यह जानकारी दी गई। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया कि काकचिंग जिले से शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बयान में कहा गया है कि इस मामले में सात और लोगों की गिरफ्तारी के साथ अब तक कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मणिपुर सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि 16 नवंबर को प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति लूटने में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलन के नाम पर कुछ गिरोहों ने मंत्रियों और विधायकों के घरों में लूटपाट और आगजनी की। सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और उचित कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से यह कहते हुए शर्म आती है कि मणिपुर में ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## जम्मू कश्मीर में आतंकियों के ठिकाने से गोला बारूद व हथियार बरामद

### – मालवा गांव से सटे जंगलों में चलाया गया संयुक्त अभियान

श्रीनगर। पुलिस ने सुरक्षा बलों के साथ मिलकर बारामुल्ला जिले के कुंजर इलाके में एक आतंकवादी ठिकाने से भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद किए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सेना, पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए अभियान के दौरान आतंकियों के ठिकाने का खुलासा हुआ। जानकारी अनुसार बारामुल्ला पुलिस, बडगाम पुलिस और 62 आरआर द्वारा पुलिस स्टेशन कुंजर के अधिकार क्षेत्र के मालवा गांव से सटे जंगलों में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान, एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया और घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत सामग्री जब्त करने के बाद, ठिकाने को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

## झांसी अग्निकांड में हुई दो और बच्चों की मौत, संख्या बढ़कर हुई 17, घर वालों का रो रोकर बुरा हाल

झांसी। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र में 15 नवंबर को आग लगने से हुए हादसे में दो और नवजात बच्चों की मौत हो गई है। अब मरने वाले बच्चों की संख्या 17 हो गई है। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, कई बच्चों का इलाज चल रहा था और स्वस्थ होने पर छुट्टी कर दी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर ने बताया कि शनिवार को ललितपुर निवासी राधा पत्नी प्रीतम और तालबेहट निवासी पूनम पत्नी रंजीत के बच्चों की मौत हो गई। जन्म के बाद बीमारी के चलते इनकी जान गई है। ये दोनों शिशु झुलसे नहीं थे। अब तक 28 नवजातों को छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं, हादसे के बाद कमिश्नर और डीआईजी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया गया था, जिसके संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा रिपोर्ट मांगी गई। इस चार सदस्यीय कमेटी ने इस मामले में पूरी जांच पड़ताल की। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह की अगुवाई में टीम मौके पर दो दिन पड़ताल के बाद लौट आई है और रिपोर्ट तैयार कर ली। बता दें कि 15 नवंबर को एनआईसीयू वार्ड में आग लगते ही मौके पर अफरा तफरी मच गई थी और वहां मौजूद स्टाफ तथा लोग जिन भी बच्चों को लेकर निकल सके उन्हें लेकर निकले। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन, बचाव टीम और दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। हालात इतने भीषण थे कि खिडकियों की जालियां तोड़कर शिशुओं को बाहर निकाला गया। मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने बताया था कि जिस वार्ड में आग लगी थी और वहां 55 नवजात भर्ती थे। 45 नवजात को सुरक्षित निकाल लिया गया। इस हादसे में 10 बच्चों की मौत हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान 7 बच्चों की मौत हो गई। जिसके बाद 17 बच्चों की मौत हो गई।

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर गंभीर, नोएडा के स्कूल भी 27 तक ऑनलाइन

### – हवा में प्रदूषण के कारण दिल्ली और आसपास के इलाकों में सांस लेने में मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) अभी भी गंभीर बनी हुई है। शनिवार को शहर में एक्यूआई 500 के स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ ही गुरुग्राम में भी 491 का एक्यूआई दर्ज किया गया। हवा में प्रदूषण के कारण दिल्ली और आसपास के इलाकों में सांस लेने में मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक्यूआई को 0-50 के बीच अच्छा, 51-100 के बीच संतोषजनक, 101-200 के बीच मॉडरेट, 201-300 के बीच 'खराब, 301-400 के बीच बेहद खराब और 401-500 के बीच गंभीर माना जाता है। गुरुवार को हवा की गति में वृद्धि के कारण राजधानी में गंभीर श्रेणी की 5 दिनों की चेन टूटी थी। हालांकि, शनिवार को फिर से यह 412 पर पहुंच गया, जो कि गंभीर कैटेगरी में आता है। यह आंकड़ा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 24 घंटे के औसत डेटा पर आधारित है। शनिवार को शाम 7 बजे तक दिल्ली का वजीरपुर 440 एक्यूआई के साथ सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र रहा। अलीपुर, आनंद विहार, अशोक विहार, बवाना, चांदनी चौक, डीटीयू, द्वारका, जहांगीरपुरी, मंदिर मार्ग, नरेला, नेहरू नगर, पटपड़गंज, रोहिणी, पंजाबी बाग, वजीरपुर और मुंडका सहित 20 से अधिक मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 400 से अधिक दर्ज किया गया। प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए नोएडा के सभी स्कूल 27 नवंबर तक ऑनलाइन संचालित होंगे। एक्यूआई की गंभीर श्रेणी में सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और खांसी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। खासतौर पर अस्थमा के मरीजों, बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को ज्यादा दिक्कत होती है। ऐसे मौसम में घर से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी जाती है।

## पीएम मोदी के दीवाने हुए टूडो: भारत को घेरने वाले अब अपने ही अफसरों को बता रहे क्रिमिनल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के दीवाने हो गए है। निज्जर की हत्या के मामले में जो सवाल कनाडा ने उठाए थे उसको लेकर कनाडा अब पूरी तरह बैकफुट पर आ गया है। खालिस्तान प्रेम में डूबे जस्टिन टूडो की अक्ल ठिकाने आ गई है। ऐसा लगता है कि उन्हें भारत से पंगा लेने का अहसास होने लगा है। भारत की सख्ती का असर देखिए कि कनाडा के तेवर नरम हो चुके हैं। पहले कनाडा सरकार ने निज्जर कांड पर बैकफुट पर आई। अब खुद जस्टिन टूडो को उनके ही अपने अधिकारी क्रिमिनल लगने लगे हैं। जी हां, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने अपने ही खुफिया अधिकारियों को 'अपराधी' कह दिया। क्योंकि,फर्जी रिपोर्ट में निज्जर हत्याकांड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जयशंकर के नाम को घसीटा गया था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में टूडो से सवाल किया गया कि कैसे कनाडा का एक प्रमुख अखबार बिना सबूत के कोई खबर छाप सकता है? इस पर टूडो ने कहा, 'दुर्भाग्य से हमने देखा है कि मीडिया को टॉप-सीक्रेट जानकारी लीक करने वाले अपराधी लगातार गलत खबरें फैलाते रहे हैं। यही वजह है कि हमने विदेशी दखल पर एक राष्ट्रीय जांच की थी। इस जांच में यह बात सामने आई थी कि मीडिया संस्थानों को जानकारी लीक करने वाले अपराधी न केवल अपराधी होते हैं बल्कि वे अविश्वसनीय भी होते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के तौर पर मेरा पहला काम कनाडा के लोगों को सुरक्षित रखना है।

यह पहली बार है जब कनाडा के मीडिया ने पीएम मोदी को इस मामले में घसीटा है, जो पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों में एक महत्वपूर्ण घटना है। हालांकि रिपोर्ट में अधिकारी की पहचान नहीं बताई गई। रिपोर्ट में यह जरूर कहा गया कि सूत्र ने स्वीकार किया कि कनाडा के पास कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है कि नरेंद्र मोदी जानते थे। हालांकि, भारत ने पहले ही इस मीडिया रिपोर्ट को खारिज कर दिया था। हालांकि, बाद में कनाडा सरकार ने सफाई दी कि नरेंद्र मोदी, एस जयशंकर और अजीत डोभाल का निज्जर हत्याकांड से न तो कोई कनेक्शन है और न कोई सबूत.. कनाडा सरकार ने पीएम मोदी को निज्जर की हत्या से जोड़ने वाली विवादास्पद रिपोर्ट को खारिज किया और कहा कि यह अटकलों पर आधारित और गलत है।

### –यूपी उपचुनाव में कांग्रेस का साथ न होना सपा को पड़ा भारी

# योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे ने कर दिया खेल, नहीं समझ सके अखिलेश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' झारखंड के लोगों को पसंद नहीं आया। वहां के लोगों ने इसे नकारते हुए बीजेपी को भी नकार दिया है। यूपी में अखिलेश यादव के साथ वही हुआ है, जो महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ। लोकसभा में मिली जीत ने अखिलेश को आत्मविश्वास से भर दिया था। अति आत्मविश्वास को ही योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी की हार की वजह बताया था।

बहरहाल, उपचुनावों में तो हिसाब बराबर हो गया है। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने करहल, सीसामऊ, कटेहरी और कुंदरकी सीटों पर जीत हासिल की थी। करलहल से तो खुद अखिलेश यादव ही चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में कन्नौज से लोकसभा में सांसद बन कर पहुंच गए। मीरापुर विधानसभा सीट जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी के पास थी, जो समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर बीजेपी के साथ चली गई है। बीजेपी ने 2022 में फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां और खैर सीटों पर कब्जा किया था।

हाल के उपचुनाव में अखिलेश ने सभी नौ सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए थे और कांग्रेस ने समर्थन दिया था। खास बात ये थी कि अखिलेश यादव ने भी हरियाणा चुनाव में तवज्जो न मिलने से नाराज होकर ही ये कदम उठाया था। नतीजे आने के बाद तो लगता है कि कांग्रेस का साथ न होना ही अखिलेश यादव को भारी पड़ा है। वो पहले ही समझ गए होते कि 'बंटेंगे तो कटेंगे', तो ये हाल होने से बच सकते थे।

अखिलेश यादव और राहुल गांधी का साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली बार फायदे का सौदा साबित हुआ था। चुनाव नतीजों से ये भी साफ हो गया कि अगर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ें और एक दूसरे के वोटो का ट्रांसफर तय कर पायें तो सफलता मिल सकती है। अगर 'बंटेंगे तो कटेंगे' में समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश के लिए संदेश है, तो महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए नसीहत हैं और इंडिया ब्लॉक के मामले में राहुल गांधी को भी समझ लेना चाहिए एक हैं तो सेफ हैं।

मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट का रिजल्ट भी कुछ कह रहा है। कुंदरकी में योगी आदित्यनाथ के बंटेंगे तो कटेंगे नारे का ऐसा असर हुआ है कि तीन दशक बाद बीजेपी हार के दुख से उबरी है। बीजेपी उम्मीदवार ठाकुर रामवीर सिंह ने समाजवादी पार्टी के हाजी मोहम्मद रिजवान को हराया है। हैरानी की बात ये है कि कुंदरकी में करीब 64 फीसदी मुस्लिम आबादी है। अब तो ऐसा ही लगता है कि अगर कांग्रेस का साथ रहा होता तो समाजवादी पार्टी का ये हाल न हुआ होता। करहल और सीसामऊ के नतीजों ने जैसे तैसे इज्जत बचाने की कोशिश की है।

उपचुनाव के लिए प्रचार खत्म होने के ठीक पहले अखिलेश ने एक्स पर एक लंबी पोस्ट में लिखा था- प्रिय उत्तर प्रदेश वासियों और मतदाताओं, उत्तर प्रदेश आजादी के बाद के सबसे कठिन उपचुनावों का गवाह बनने जा रहा हैज्ये उपचुनाव नहीं हैं, ये रुख चुनाव हैं, जो उत्तर प्रदेश के भविष्य का रुख तय करेंगे। उपचुनावों के नतीजे तो अलग ही रुख दिखा रहे हैं। अखिलेश के लिए भी, और राहुल गांधी के लिए भी।

## झांसी अग्निकांड में हुई दो और बच्चों की मौत, संख्या बढ़कर हुई 17, घर वालों का रो रोकर बुरा हाल

झांसी। महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के नवजात शिशु गहन चिकित्सा केंद्र में 15 नवंबर को आग लगने से हुए हादसे में दो और नवजात बच्चों की मौत हो गई है। अब मरने वाले बच्चों की संख्या 17 हो गई है। बच्चों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं, कई बच्चों का इलाज चल रहा था और स्वस्थ होने पर छुट्टी कर दी गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सचिन माहुर ने बताया कि शनिवार को ललितपुर निवासी राधा पत्नी प्रीतम और तालबेहट निवासी पूनम पत्नी रंजीत के बच्चों की मौत हो गई। जन्म के बाद बीमारी के चलते इनकी जान गई है। ये दोनों शिशु झुलसे नहीं थे। अब तक 28 नवजातों को छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं, हादसे के बाद कमिश्नर और डीआईजी की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया गया था, जिसके संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा रिपोर्ट मांगी गई। इस चार सदस्यीय कमेटी ने इस मामले में पूरी जांच पड़ताल की। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह की अगुवाई में टीम मौके पर दो दिन पड़ताल के बाद लौट आई है और रिपोर्ट तैयार कर ली।

## किसी का समर्थन नहीं किया, तो मेरा मुद्दा कैसे विफल हो सकता है, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर बोले जरांगे



**जालना (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण आंदोलन के कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उनके आंदोलन का कोई असर नहीं होने की चर्चा को रविवार को खारिज कर दिया। महाराष्ट्र में 288-सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में महायुति गठबंधन ने 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित किए गए। महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल हैं। महायुति ने मराठवाड़ा क्षेत्र की 46 में से 40 सीट जीतीं, जिनमें जालना की सभी पांच सीट शामिल हैं।

जालना, नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर जरांगे के आंदोलन का केंद्र रहा है। इस वर्ष हुए लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ गठबंधन के खराब प्रदर्शन का श्रेय काफी हद तक जरांगे के आंदोलन को दिया गया था। जरांगे ने विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ तीखी टिप्पणी की थी।

जरांगे ने कहा, ''कोई यह कैसे कह सकता है कि विधानसभा चुनाव में जरांगे फैक्टर विफल हो गया, जबकि मैंने न तो चुनाव लड़ा और न ही किसी का समर्थन किया? मैंने मराठा समुदाय को इन राजनीतिक दलों के चंगुल से मुक्त कराया। मराठा समुदाय को अपनी पसंद के अनुसार वोट देने की आजादी मिली। मेरा ध्यान मराठाओं को सशक्त बनाने पर है।'' उन्होंने चुनाव परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 204 मराठा उम्मीदवार निर्वाचित हुए हैं।

जरांगे 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले नियमित रूप से उम्मीदवार उतारने या समुदाय की आरक्षण मांग का विरोध करने वालों को हराने की बात करते रहे थे। विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) सिर्फ 46 सीट ही जीत सका। एमवीए में कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उबाठा) शामिल हैं। भाजपा को 132 सीट मिलीं, शिवसेना को 57, जबकि राकांपा को 41 सीट मिलीं। एमवीए में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवारों ने 10 और कांग्रेस ने 16 सीट जीतीं, जबकि शिवसेना (उबाठा) ने 20 सीट पर जीत दर्ज की।

## राज्यपाल बोस ने राजभवन में लगवाई खुद की प्रतिमा, टीएमसी बोली- हार भी पहना दीजिए



**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन में खुद की प्रतिमा लगवाई और खुद ही उसका अनावरण किया। अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपनी प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया है। इस मौके पर पौधारोपण और पेंटिंग प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा चित्रकारी की स्पर्धा करवाई गई थी जिसमें स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया था।

अपनी ही प्रतिमा का अनावरण करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आलोचकों का कहना है कि पद पर रहते हुए अपनी ही प्रतिमा लगवाना गलत है। अनावरण के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसपर लोगों ने प्रतिक्रियाएं दी हैं। कई लोगों का कहना है कि राज्यपाल अपने ही महिमामंडन में लगे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि पार्थ साहा नाम के एक कलाकार ने यह मूर्ति राज्यपाल को भेंट की थी। पार्थ साहा कोलकाता के इंडियन म्यूजियम से संबंधित हैं। राज्यपाल की तस्वीर के आधार पर उन्होंने फाइबर की यह प्रतिमा बनाई है। वह कभी आमने-सामने राज्यपाल से नहीं मिले थे। राज्यपाल कार्यालय ने सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने खुद अपनी प्रतिमा नहीं बनवाई है बल्कि एक कलाकार ने भेंट की है। वहीं टीएमसी ने इसपर आपत्ति जताते हुए कहा कि जीवित रहते हुए ही राज्यपाल अपने महिमामंडन के लिए खुद की प्रतिमा लगवाए दे रहे हैं। टीएमसी ने कहा, हमने ऐसा पहले कभी नहीं सुना था। वह पब्लिसिटी के भूखे हैं। अब आगे क्या होगा। क्या वह अपनी प्रतिमा को हार पहनाएंगे। उन्हें अब हार भी पहना देना चाहिए। टीएमसी प्रवक्ता जयप्रकाश मजुमदार ने कहा कि राज्यपाल मंगोलों की तरह काम कर रहे हैं। सीपीएम सेंट्रल कमेटी के दस्य सुजान चक्रवर्ती ने कहा, यह बहुत ही अपमानजक है। यह हमारे राज्य का दुर्भाग्य भी है। बंगाल की संस्कृति के साथ भी गंदा खेल खेला जारहा है। बता दें कि मूर्ति का अनावरण करते हुए सीवी आनंदबोस ने कहा था कि बंगाल की राजनीतिक दशा बहुत ही खराब है। उन्होंने कहा, बंगाल की जनता लंबे समय तक यह सब बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने दो साल के अपने खट्टे-मीठे अनुभव बयां किए।

# जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रकोप से बचाने के लिए भारत-ईयू के बीच हुआ विचार मंथन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे के मध्य भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) की सह-अध्यक्षता में 10वीं ऊर्जा पैनल की बैठक ब्रूसेल्स में संपन्न हुई। इसमें विदेश मंत्रालय की ओर से सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल और यूरोपीय संघ के ऊर्जा मामलों के महानिदेशक डिट्टे जूल जोर्गेनसेन शामिल हुए। दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु भागीदारी 2025-28 तक एक कार्य योजना को स्वीकार किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक का उद्देश्य ऊर्जा पैनल के विषय पर दोनों पक्षों की ऊर्जा परिवर्तन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा 2021-24 तक भारत-ईयू स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु भागीदारी के दूसरे चरण की उपलब्धियों की समीक्षा करना था। इसमें भारत के केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली मंत्रालय के प्रतिभागियों के अलावा ईयू से ऊर्जा और क्लाइमेट एक्शन के निदेशालय प्रमुख शामिल हुए।

मंत्रालय ने बताया कि भारत और ईयू ने तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पूरी की गई 9 क्षेत्रों की 51 गतिविधियों का विस्तार से जायजा लिया। इसके अलावा ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग के लिए फ्रेमवर्क को भी स्वीकृति दी गई। फ्रेमवर्क में भारत और ईयू में ग्रीन हाइड्रोजन सहयोग के लिए बनाए गए सिद्धांत मुख्य रूप से शामिल हैं। यहां बता दें कि ईयू और संघ के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन सम्मेलन में भाग लिया था। वहीं, भारत मौजूदा वर्ष में यूरोपियन हाइड्रोजन सप्ताह में विशेष भागीदार के रूप में शामिल हुआ। दोनों पक्ष एक दीर्घावधि शोध साझेदारी प्रतिबद्धताओं से भी जुड़े हुए हैं। जिसमें स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में शोध के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह परियोजना पिछले साल 2023 में स्थापित किए गए स्वच्छ और हरित तकनीक के लिए गठित किए गए भारत-ईयू व्यापार और तकनीकी परिषद कार्य समूह का हिस्सा है।

चार वर्षीय भागीदारी में भारत और ईयू मुख्यत- प्राथमिकता वाले 5 क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इसमें ग्रीन हाइड्रोजन, अपतटीय हवा, क्षेत्रीय कनेक्टिविटी इलेक्ट्रिसिटी मार्केट इंटीग्रेशन, स्मार्ट ग्रिड, एनर्जी और क्लाइमेट कूटनीति मुख्य हैं। दोनों ने हरित हाइड्रोजन सहयोग के लिए एक व्यापक एजेंडा तैयार किया है। जिसमें बुनियादी ढांचे का विकास, नियामक और तकनीकी सहयोग, सप्लाई चेन को मजबूती प्रदान की जाएगी। भारत और ईयू ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी में अपने सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई और जी-20 के तंत्र के तहत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में गहनता से सहयोग को लेकर सहमति जताई।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**